वर्ष- 11 अंक-205
लखनऊ, बुधवार 13 मार्च, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



2.12 करोड़ परिवारों को मिलने लगा शुद्ध पेयजल : सीएम योगी 03


पीएम मोदी ने आया राम-गया राम की राजनीति को किया खत्म : शाह 12

### प्रधानमंत्री मोदी ने अहमदाबाद में एक लाख छह हजार करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं की रखी आधारशिला, कहा

# रेलवे का कायाकल्प मोदी की गारंटी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को अहमदाबाद में एक लाख छह हजार करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी और राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर परियोजना के कई प्रमुख खंड राष्ट्र को समर्पित किए और 10 नई



वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कहा कि 10 साल का काम सिर्फ ट्रेलर है, उन्हें लंबा रास्ता तय करना है।

प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि स्वतंत्रता के बाद सरकारों ने सामाजिक कल्याण पर राजनीतिक लाभ को प्राथमिकता दी। इसका रेलवे क्षेत्र पर सबसे अधिक प्रभाव पड़ा। सरकार का जोर भारतीय रेलवे को आत्मनिर्भर भारत और वोकल फॉर लोकल का माध्यम बनाने पर है। उन्होंने कहा कि 10 साल पहले तक 6 पूर्वोत्तर राज्यों की राजधानियों में रेलवे स्टेशन नहीं थे। उनकी सरकार ने रेलवे क्षेत्र का परिदृश्य पूरी तरह बदल दिया। इस क्षेत्र को प्राथमिकता देते हुए हमने औसत रेल बजट को 2014 से पहले के बजट की तुलना में 6 गुना बढ़ा दिया। इन रेलवे ट्रेनों, ट्रैक और स्टेशनों का निर्माण मेड इन इंडिया का एक इको सिस्टम तैयार कर रहा है।उन्होंने न्यू खुर्जा जंक्शन, साहनेवाल, न्यू रेवाड़ी, न्यू किशनगढ़, न्यू घोलवड और न्यू मकरपुरा से डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर पर मालगाड़ियों को भी झंडी दिखाई। 50 प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र राष्ट्र को समर्पित, 51 गति शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल भी राष्ट्र को समर्पित, 35 रेल कोच रेस्तरां राष्ट्र को समर्पित किए। उन्होंने कहा, मैं आज देश को गारंटी दे रहा हूं कि अगले 5 साल में आप भारतीय रेल का ऐसा कायाकल्प होते देखेंगे, जिसकी आपने कल्पना नहीं की होगी। आज का ये दिन इसी इच्छाशक्ति का जीता-जागता सबूत है। उन्होंने कहा कि रेलवे का कायाकल्प भी विकसित भारत की गारंटी है। रेलवे में अभूतपूर्व गति से नए रिफॉर्म्स हो रहे हैं। तेज गति से नए रेलवे ट्रैक का निर्माण, 1300 से ज्यादा रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण, वंदे भारत, नमो भारत, अमृत भारत जैसी नेक्स्ट जेनरेशन ट्रेन, आधुनिक रेलवे इंजन और कोच फैक्ट्रियां, ये सब 21वीं सदी की भारतीय रेल की तस्वीर बदल रही हैं।

#### 10 साल का काम सिर्फ ट्रेलर, उन्हें लंबा रास्ता तय करना बाकी

#### 10 नई वंदे भारत ट्रेनों को झंडी

प्रधानमंत्री ने अहमदाबाद-मुंबई सेंट्रल, सिकंदराबाद-विशाखापत्तनम, मैसूरू-डॉ एमजीआर सेंट्रल (चेन्नई), पटना-लखनऊ, न्यू जलपाईगुड़ी-पटना, पुरी-विशाखापत्तनम, लखनऊ-देहरादून, कलबुर्गी-सर एम विश्वेश्वरैया टर्मिनल बेंगलुरु, रांची-वाराणसी, खजुराहो-दिल्ली (निजामुद्दीन) के बीच 10 नई वंदे भारत ट्रेनों को आज हरी झंडी दिखाई। साथ ही चार वंदे भारत ट्रेनों के विस्तार को हरी झंडी दिखाई। अहमदाबाद-जामनगर वंदे भारत को द्वारका, अजमेर-दिल्ली सराय रोहिल्ला वंदेभारत को चंडीगढ़, गोरखपुर-लखनऊ वंदे भारत को प्रयागराज, तिरुवनंतपुरम-कासरगोड वंदे भारत को मंगलुरू तक बढ़ाया जा रहा है।

#### पिछली सरकारों ने की विरासत की अनदेखी

**नई दिल्ली।** देश की विरासत को सहेजने के महत्व को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को साबरमती में कहा, जो देश अपनी विरासत नहीं संजो पाता, वो देश अपना भविष्य भी खो देता है। उन्होंने पिछली सरकारों पर विरासत की अनदेखी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विदेशी दृष्टि से भारत को देखने और तुष्टिकरण की मजबूरी के चलते अतिक्रमण, अस्वच्छता, अव्यवस्था आदि ने हमारी विरासतों को घेर लिया था। इसके चलते भारत की विरासत, हमारी महान धरोहर ऐसे ही तबाह होती रही। प्रधानमंत्री ने साबरमती आश्रम का दौरा कर कोचरब आश्रम का उद्घाटन किया तथा गांधी आश्रम स्मारक के मास्टर प्लान का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और हृदय कुंज का दौरा किया। उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया और एक पौधा भी लगाया।

## माफिया मुख्तार अंसारी दोषी करार, कोर्ट आज सुनाएगी सजा

**वाराणसी।** हाथियार लाइसेंस के मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट ने माफिया मुख्तार अंसारी को दोषी करार दिया है। वहीं, इस मामले में कल कोर्ट में मुख्तार को सजा सुनाई जाएगी। आपको बता दें कि मंगलवार को बांदा जेल से पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विशेष न्यायाधीश (एमपी-एमएलए) अवनीश गौतम की कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट में सुनवाई के दौरान मुख्तार अंसारी आर्म्स एक्ट के तहत दोषी पाए गए। मुख्तार अंसारी की सजा के बिंदु पर बुधवार को 12 बजे सुनवाई होगी। भ्रष्टाचार के मामले में मुख्तार अंसारी दोषमुक्त कर दिया गया। गौरतलब है कि मुख्तार अंसारी के खिलाफ आरोप लगा कि उसने 10 जून 1987 को दोनाली बंदूक के लाइसेंस के लिए गाजीपुर के जिला मजिस्ट्रेट के यहां प्रार्थना पत्र दिया था। गाजीपुर के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के फर्जी हस्ताक्षर से संस्तुति प्राप्त कर शस्त्र लाइसेंस प्राप्त कर लिया गया था।

## पीएम मोदी ने सिटी को भी बना दिया स्मार्ट : मुख्यमंत्री योगी

#### नगर विकास विभाग की 11 हजार करोड़ की 3419 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में नगर विकास विभाग की 11 हजार करोड़ रुपये की 3419 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया। उन्होंने यहां प्रदर्शनी-स्टॉल का अवलोकन कर नगर विकास विभाग की मार्गदर्शिका का भी विमोचन किया। विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित भी किया।

मुख्यमंत्री योगी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह नए भारत का नया उत्तर प्रदेश है, जो विकास भी करता है और विरासत को संरक्षित भी करता है। युवाओं के आजीविका की व्यवस्था करता है और आमजन की आस्था को सम्मान भी देता है। प्रदेश में सुरक्षा का बेहतर माहौल देता है तो प्रदेश को समृद्धि के नित नए सोपान की ओर से अग्रसर करने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य भी करता है। नए भारत के नए उत्तर प्रदेश की इस गति में जब प्रदेश का हर नागरिक सहभागी बनता है, तब पीएम मोदी के विकसित भारत के संकल्प की प्रतिपूर्ति होती है। 2017 में 24 फीसदी आबादी नगरीय क्षेत्रों में रहती थी, आज यह आबादी 30 फीसदी है और आने वाले पांच वर्ष में उप्र में यह आबादी 40 फीसदी पहुंचने वाली है। योगी ने कहा कि पहले लोग केवल मनुष्य को कहते थे कि बड़ा स्मार्ट बन रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री ने सिटी को भी स्मार्ट बना दिया। सात साल पहले नगर विकास विभाग का जितना बजट था, उसका तीन गुना केवल एक साथ लोकार्पित-शिलान्यास हो रहा है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर, कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, एके शर्मा, राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु, महापौर सुषमा खर्कवाल, राज्यसभा सांसद बृजलाल, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, रामचंद्र प्रधान, उमेश द्विवेदी, मोहसिन रजा, विधायक नीरज बोरा, योगेश शुक्ला, मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र आदि मौजूद रहे।

#### नए निकायों का गठन हुआ क्षेत्रफल भी बढ़ाए गए

सीएम ने बताया कि 112 नए नगर निकायों का गठन हुआ। तीन नए नगर निगम भी बनाए गए। नगर पालिका परिषद व नई नगर पंचायतें गठित हुईं। उनके क्षेत्रफल को बढ़ाया गया। स्मार्ट सिटी व अमृत मिशन के साथ ही ऐसी तमाम स्कीमें लाई गईं, जिनकी ईज ऑफ लिविंग के लक्ष्य को प्राप्त करने में बड़ी भूमिका है। पहले लोग केवल मनुष्य को कहते थे कि बड़ा स्मार्ट बन रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री ने सिटी को भी स्मार्ट बना दिया। भारत सरकार के सहयोग से 10 और राज्य स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत सात नगर निगम समेत यूपी के कुल 17 नगर निगम स्मार्ट सिटी बन रहे हैं। उप्र देश का पहला राज्य है, जो सभी नगर निगमों को स्मार्ट सिटी मिशन के साथ जोड़कर काम कर रहा है।

#### यूपी ने अलग-अलग वर्गों में प्राप्त किए अनेक पुरस्कार

मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी देश का पहला राज्य है, जिसने अलग-अलग वर्गों में अनेक पुरस्कार प्राप्त किए। यूपी देश का पहला राज्य है, जिसके छह नगरों में मेट्रो प्रारंभ हुई। वाराणसी में रोपवे की सुविधा प्रारंभ हो रही है। शाहजहांपुर में भी रोपवे की सुविधा प्रारंभ करने के इच्छुक हैं। इलेक्ट्रिक बस सेवा की भी काफी डिमांड है, नगर विकास ने इस कार्य को तेजी से बढ़ाया है। मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना, वंदन योजना, मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट स्कीम के साथ ही दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय शहरी आजीविका योजना के अंतर्गत महिला स्वयंसेवी समूह को भी प्रोत्साहित करने का कार्य हुआ है।

## संक्षिप्त समाचार

### नवी मुंबई में आठ बांग्लादेशी नागरिक किए गए गिरफ्तार

**मुंबई।** नवी मुंबई के बेलापुर इलाके के शाहबाज गांव में एक फ्लैट में छापा मार कर पुलिस ने 8 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। ये सभी बगैर वैध दस्तावेज के पिछले चार साल से यहां रह रहे थे। मामले की छानबीन जारी है। पुलिस के अनुसार शाहबाज गांव में अवैध तरीके से कुछ बांग्लादेशी नागरिकों के रहने की गोपनीय जानकारी मिली थी। इसी के आधार पर सोमवार को पुलिस ने शाहबाज के एक आवासीय परिसर में छापा मार कर आठ बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इनमें पांच महिलाएं और तीन पुरुष हैं, जिनकी उम्र 20 से 40 साल के बीच है। पासपोर्ट अधिनियम और विदेशी अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया। इस मामले की जांच की जा रही है।

### रामदास अठावले बीजेपी अध्यक्ष नड्डा से मिले

**नई दिल्ली।** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) के अध्यक्ष और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा) अध्यक्ष जेपी नड्डा से उनके आवास पर मुलाकात की । इस दौरान उन्होंने महाराष्ट्र की वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर चर्चा की और पार्टी के लिए 2 लोकसभा सीटों की मांग की।

### सीबीआई ने शाहजहां के तीन सहयोगियों को पकड़ा

**कोलकाता।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने गत पांच जनवरी को पश्चिम बंगाल में संदेशखली स्थित तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख के ठिकानों के तलाश अभियान के दौरान प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर कथित हमलों की जांच की कार्रवाई करते हुए उनके करीबी तीन सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि सोमवार शाम को शहर के निज़ाम पैलेस में घंटों पूछताछ के बाद सीबीआई ने जियाउद्दीन मोल्ला, दीदार बख्श मोल्ला और फारूक अकुंजी को गिरफ्तार कर लिया। उन्हें सीबीआई मुख्यालय में तलब करने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया।

### वायुसेना का लड़ाकू तेजस विमान क्रैश, पायलट सुरक्षित

**जैसलमेर।** भारतीय वायुसेना का एक तेजस विमान आज ऑपरेशनल ट्रेनिंग उड़ान के दौरान जैसलमेर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हालांकि पायलट सुरक्षित बाहर निकल गया। भारतीय वायुसेना ने सोशल मीडिया एक्स पर यह जानकारी साझा करते हुए बताया है कि दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का गठन किया गया है। जिले की पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में चल रहे भारत शक्ति युद्धाभ्यास के बीच जैसलमेर में आज यह लड़ाकू विमान क्रैश हो गया। सूत्रों के अनुसार मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे शहर से 2 किमी दूर भील समाज के छात्रावास पर विमान गिरा। घटना के समय छात्रावास खाली था।

## लोस चुनाव से ठीक पहले हटाए गए फिरोजाबाद के जिलाधिकारी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में एक बार फिर बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। जहां फिरोजाबाद के डीएम उज्वल कुमार हटाया गया है। अब उनकी जगह रमेश रंजन फिरोजाबाद के नए डीएम बनाए गए हैं। सोमवार को जहां आईपीएस अधिकारियों को इधर से उधर किया गया था तो अब आईएएस अधिकारियों का नंबर आया है।

फिरोजाबाद के डीएम उज्जवल कुमार को हटाकर एमएसएमई विभाग में भेज दिया गया है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश के कई अन्य डीएम और उच्च अधिकारी नियुक्ति विभाग के निशाने पर है। जल्द ही कुछ और बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं। आचार संहिता लागू होने से ठीक पहले ब्यूरोक्रेसी में बदलाव का दौर जारी है। नियुक्ति विभाग के सूत्रों ने बताया कि डीएम फिरोजाजबाद उज्वल कुमार को एमएसएमई में विशेष सचिव बनाया गया हैं। रमेश रंजन विशेष सचिव कौशल विकास को डीएम फिरोजाबाद बनाया गया। अरुण प्रकाश विशेष सचिव को डैडम्, ईशा प्रिया को विशेष सचिव पर्यटन नियुक्त किया गया है। गौरव वर्मा विशेष सचिव युवा कल्याण को भी नई नियुक्ति मिली है। शेष नाथ विशेष सचिव गन्ना से विशेष सचिव पीडब्लयूडी बनाया गया। उज्ज्वल कुमार को अब खादी ग्रामोद्योग का सीईओ बनाया गया है। उनके अलावा अरुण प्रकाश विशेष सचिव नगर विकास बनाए गए हैं। साथ ही ईशा प्रिया को भी सहकारिता विभाग से हटाते हुए विशेष सचिव पर्यटन के पद पर कार्यरत किया गया है।

#### एमएसएमई विभाग में भेजे गए फिरोजाबाद के डीएम उज्ज्वल

## कांग्रेस विधायक अंबा के 17 ठिकानों पर छापे



एजेंसी

**रांची (झारखंड)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने मंगलवार सुबह कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद से जुड़े 17 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। ईडी की टीम रांची से लेकर हजारीबाग तक छापेमारी कर रही है। अंबा प्रसाद के रांची आवास, धुर्वा में सीओ शशिभूषण सहित कई अन्य ठिकानों पर छापेमारी चल रही है। जमीन कब्जा और अवैध बालू सहित कई मामलों में छापेमारी चल रही है।

जानकारी के मुताबिक ईडी से विधायक अंबा प्रसाद को लेकर मनी लॉन्ड्रिंग की शिकायत की गई थी। शिकायत के आधार पर अंबा प्रसाद के खिलाफ दर्ज एफआईआर की जानकारी भी ईडी के अधिकारी ने मांगी थी। इसी आधार पर मंगलवार को ईडी की अलग-अलग टीम रांची और हजारीबाग के कई ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। बताया जा रहा है कि ईडी को ट्रांसफर-पोस्टिंग से जुड़े कुछ चैट मिले हैं। ईडी की टीम अंबा प्रसाद के हजारीबाग के हुरहुरू स्थित आवास पहुंची है। विभिन्न कागजातों को खंगाला जा रहा है। साथ ही प्रॉपर्टी की भी जांच की जा रही है। विधायक के करीबी माने जाने वाले राजेंद्र साव के कानी बाजार स्थित घर में भी ईडी की टीम सुबह से ही छापेमारी कर रही है। इसके अलावा विधायक के चाचा धीरेंद्र साव और मामा के घर भी ईडी की टीम पहुंची है।

#### जगदंबा एएमडब्ल्यू ऑटोमोटिव्स की 5.32 करोड़ की प्रॉपर्टी कुर्क

**भोपाल।** ईडी मध्य प्रदेश में बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच जिलों में एएमडब्ल्यू ऑटोमोटिव्स प्राइवेट लिमिटेड की 5.32 करोड़ रुपये की प्रॉपर्टी कुर्क की है। मध्यप्रदेश के जबलपुर, बांधवगढ़, रीवा, शहडोल, स्लीमनाबाद (कटनी) में जमीन (कृषि, वाणिज्यिक और आवासीय), वाहन शोरूम/ डीलरशिप, आवासीय घर और कारों के रूप में 55 संपत्तियां अस्थाई रूप से कुर्क की गई हैं। ईडी ने मंगलवार को सोशल मीडिया के माध्यम से यह जानकारी दी। ईडी के अनुसार, जगदंबा एएमडब्ल्यू ऑटोमोटिव्स प्राइवेट लिमिटेड का मुख्यालय जबलपुर में है। कंपनी के एडिशनल डायरेक्टर पुष्पेंद्र सिंह के खिलाफ बैंक ऋण में फर्जीवाड़ा करने के संबंध में केस दर्ज हुआ था। इसी साल जनवरी में पुष्पेन्द्र सिंह की कंपनी के ठिकानों पर सर्च ऑपरेशन किया गया था। इस दौरान 16 लाख रुपये और कई अहम दस्तावेज को भी जप्त किया गया था। इस दौरान पुष्पेन्द्र सिंह को मनी लाड्रिंग एक्ट के मामले में डी ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया था। ईडी फिलहाल आरोपित से पूछताछ कर रही है। अधिकारियों ने बताया कि ईडी ने बताया कि करोड़ों रुपये के लेन-लेन में हेराफेरी और बैंकिंग धोखाधड़ी के मामले में सीबीआई भी जांच कर रही है।

### एसबीआई ने चुनाव आयोग को भेजी बॉन्ड्स की जानकारी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की फटकार के एक दिन बाद एसबीआई ने चुनाव आयोग को चुनावी बांड का डेटा सौंपा। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली शीर्ष अदालत की पीठ ने समय बढ़ाने की मांग करने वाली एसबीआई की याचिका को खारिज कर दिया और उसे 12 मार्च को व्यावसायिक घंटों के अंत तक चुनाव आयोग को चुनावी बांड के विवरण का खुलासा करने का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने पोल पैनल को 15 मार्च को शाम 5 बजे तक अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर चुनावी बांड का विवरण प्रकाशित करने का भी निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने 15 फरवरी को दिए अपने फैसले में इसे असंवैधानिक करार दिया था।

## योगी सरकार के नए मंत्रियों के बीच विभागों का हुआ बंटवारा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** योगी सरकार ने नव नियुक्त मंत्रियों के विभागों का बंटवारा कर दिया है। ओम प्रकाश राजभर को पंचायती राज विभाग व अल्प संख्यक कल्याण मंत्रालय व दारा सिंह चौहान को कारागार मंत्री बनाया गया है। योगी सरकार में नवनियुक्त मंत्रियों के विभागों का मंगलवार को बंटवारा कर दिया गया।

नए मंत्रियों में ओमप्रकाश राजभर को पंचायती राज, अल्पसंख्यक कल्याण, हज व मुस्लिम वक्फ विभाग का जिम्मा सौंपा गया। वहीं दारा सिंह चौहान कारागार विभाग संभालेंगे। पहली बार मंत्री बने सुनील शर्मा को सूचना प्रौद्योगिकी व इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग का दायित्व सौंपा गया है। अनिल कुमार विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री होंगे। वहीं योगी मंत्रिमंडल के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति अब नागरिक सुरक्षा एवं होमगार्ड विभाग के मंत्री बनाये गए हैं। बता दें कि पांच मार्च को योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल का पहला मंत्रिमंडल विस्तार हुआ था।

#### पंचायती राज मंत्री बने ओम प्रकाश राजभर

### इत्र कारोबारी पीयूष जैन को न्यायालय ने किया बरी

**कानपुर।** स्पेशल सीजेएम की न्यायालय ने मंगलवार को इत्र कारोबारी पीयूष जैन को न्यायालय ने बरी कर दिया। यह जानकारी मीडिया से व्यापारी के अधिवक्ता योगेश भसीना ने दी। अधिवक्ता ने बताया कि कस्टम विभाग ने इत्र व्यापारी पीयूष जैन से 23 किलोग्राम सोना बरामद किया था। इस पूरे प्रकरण में व्यापारी ने विभाग की सभी शर्ते मानी है। शर्तों को मानने पर पटना कमिश्नर ने कंपाउंडिंग का आदेश कर न्यायालय को सूचित किया था। इसके बाद पीयूष जैन ने 56 लाख रुपए का जुर्माना जमा कर दिया है। इस मामले में आज हुए न्यायालय के आदेश के विरुद्ध कहीं अपील नहीं करेंगे।

## पोरबंदर में 450 करोड़ रुपए की ड्रग्स बरामद

एजेंसी

**पोरबंदर।** गुजरात के पोरबंदर के पास ड्रग्स की भारी खेप बरामद की गई है। इस ड्रग्स की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 450 करोड़ रुपए से अधिक बताई जा रही है। इस मामले में 6 पाकिस्तानी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है।


नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी), भारतीय तटरक्षक बल और गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) के अधिकारियों ने गुप्त सूचना के आधार पर इस कार्रवाई को अंजाम दिया है। अधिकारियों ने पाकिस्तानी नागरिकों को उस समय पकड़ लिया जब वे कल रात भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे। पिछले 30 दिनों में गुजरात के तट पर जब्त की गई यह दूसरी बड़ी ड्रग्स खेप है। 28 फरवरी को गुजरात के तट पर संदिग्ध पाकिस्तानी चालक दल के सदस्यों द्वारा संचालित एक नाव से कम से कम 3,300 किलोग्राम ड्रग्स जब्त किया गया था। इन दवाओं की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 2,000 करोड़ रुपये से ज्यादा थी। यह भारतीय उपमहाद्वीप में नशीले पदार्थों की सबसे बड़ी बरामदगी है। तटरक्षक बल ने पहले भी समुद्र में कई ऑपरेशनों में करोड़ों की ड्रग्स बरामद की थी।

#### बीएसएफ ने बरामद की साढ़े 19 करोड़ की संदिग्ध हेरोइन

**जैसलमेर।** राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले से लगती पाकिस्तान सीमा के पास दो स्थानों से सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने साढ़े 19 करोड़ रुपये की संदिग्ध हेरोइन बरामद की। बीएसएफ सूत्रों ने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर श्रीगंगानगर सीमा इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इस दौरान खेतों से संदिग्ध हेरोइन के छह पैकेट बरामद किये गये। बरामद संदिग्ध हेरोइन के पैकेट्स पर पीले रंग की टेप लगी हुई थी जिसका वजन लगभग 3.49 किलोग्राम है। इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 17 करोड़ रुपये आंकी गई है। वहीं जिले की अनूपगढ़ से लगी पाकिस्तान सीमा के पास बीएसएफ जवानों ने सर्च ऑपरेशन के दौरान एक पैकेट संदिग्ध हेरोइन बरामद की।

## जीवित पति-पत्नी के रहते बगैर तलाक नहीं हो सकती दूसरी शादी : हाईकोर्ट

समृद्धि न्यूज



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि कानून के विरूद्ध सम्बंधों को अदालत का समर्थन नहीं मिल सकता। हिन्दू विवाह अधिनियम के अंतर्गत यदि पति-पत्नी जीवित हैं और तलाक नहीं लिया गया है तो दूसरी शादी नहीं कर सकते। पहले से शादीशुदा संबंधों को अदालत से समर्थन मिला तो समाज में अराजकता फैल जायेगी सामाजिक ताना-बाना नष्ट हो जायेगा।

न्यायमूर्ति रेनू अग्रवाल ने कासगंज की पूजा कुमारी व अन्य की लिव-इन रिलेशनशिप की सुरक्षा की मांग में दाखिल याचिका दो हजार रुपए हर्जाना लगाते हुए खारिज कर दी है। याचीगण का कहना था कि एस पी कासगंज से सुरक्षा की मांग की थी किन्तु कोई सुनवाई न होने पर हाईकोर्ट से सुरक्षा की गुहार लगाई है। विपक्षी द्वितीय याची की पत्नी अनीता कुमारी के अधिवक्ता ने आधार कार्ड पेश कर कहा कि वह उसकी शादी शुदा पत्नी है।

यह भी बताया गया कि प्रथम याची पुष्पेंद्र की पत्नी हैं। किसी याची का अपने पति या पत्नी से तलाक नहीं हुआ है। प्रथम याची दो बच्चों की मां है और याची संख्या दो के साथ सम्बंध में रह रही है। कोर्ट ने इसे विधि विरूद्ध माना और सुरक्षा देने से इंकार करते हुए याचिका खारिज कर दी।

बदलाव

### मनोहर कैबिनेट के पांच मंत्रियों ने फिर से ली शपथ, खट्टर के इस्तीफे के बाद नई कैबिनेट का गठन

# नायब सैनी बने हरियाणा के सीएम, राज्यपाल ने दिलाई शपथ

एजेंसी



**चंडीगढ़।** कुरूक्षेत्र से भाजपा के सांसद एवं प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी हरियाणा के 11वें मुख्यमंत्री बन गए हैं। हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने मंगलवार की शाम राजभवन में आयोजित एक समारोह में नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई। राज्यपाल ने सैनी के अलावा पांच विधायकों को कैबिनेट व राज्य मंत्री की शपथ दिलाई।

हरियाणा में सोमवार की रात शुरू हुई राजनीतिक उठापटक मंगलवार को नई सरकार के गठन के बाद समाप्त हुई। हरियाणा में बदलते राजनीतिक घटनाक्रम में जननायक जनती पार्टी में भाजपा के साथ चल रहा गठबंधन अचानक टूट गया। इसके बाद मनोहर लाल ने पूरी सरकार को इस्तीफा राज्यपाल का सौंप दिया। इस घटनाक्रम के बाद भाजपा के पर्यवेक्षक केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा तथा राष्ट्रीय महासचिव तरूण चुघ चंडीगढ़ में पहुंचे और उनकी मौजूदगी में नायब सैनी को विधायक दल का नेता चुन लिया गया। इसके बाद नायब सैनी मुख्यमंत्री मनोहर लाल, पार्टी प्रभारी बिप्लब देव तथा दोनों पर्यवेक्षकों के साथ दोबारा राज्यपाल से मिले और सरकार गठन का दावा पेश किया। इसके बाद राजभवन में आयोजित समारोह में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई। इसके बाद मनोहर सरकार में मंत्री रहे कंवर पाल को बतौर कैबिनेट मंत्री शपथ दिलाई गई। कंवर पाल के बाद बल्लभगढ़ के विधायक मूल चंद शर्मा, रानियां से निर्दलीय विधायक चौधरी रणजीत चौटाला, लोहारू के विधायक जय प्रकाश दलाल, डॉ. बनवारी लाल को भी बतौर कैबिनेट मंत्री शपथ दिलवाई गई। इस नई सरकार में मनोहर मंत्रिमंडल में गृहमंत्री रहे अनिल विज, स्थानीय निकाय मंत्री कमल गुप्ता, राज्य मंत्री ओम प्रकाश यादव, कमलेश ढांडा तथा संदीप सिंह को अभी मंत्रिमंडल में स्थान नहीं दिया गया है। उल्लेखनीय है कि भाजपा ने 27 अक्टूबर 2019 को जननायक जनता पार्टी के साथ मिलकर हरियाणा में मनोहर को मुख्यमंत्री समेत 14 कैबिनेट व राज्य मंत्रियों के साथ सरकार का गठन किया था। इनमें जजपा के कोटे से उपमुख्यमंत्री समेत तीन मंत्री शामिल थे। इसके अलावा एक मंत्री निर्दलीय कोटे से रहे हैं। लोकसभा सीटों के बंटवारे को लेकर भाजपा व जजपा के बीच सोमवार को देररात गठबंधन टूट गया। इससे पहले सोमवार की सुबह मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने चंडीगढ़ में अपने आवास पर प्रदेश के सभी निर्दलीय विधायकों के साथ मुलाकात की। इसमें सभी निर्दलीय विधायकों ने भाजपा को लिखित समर्थन दिया। इसके बाद मुख्यमंत्री मनोहर लाल व गृहमंत्री अनिल विज राजभवन पहुंचे और राज्यपाल को मनोहर मंत्रिमंडल के इस्तीफे सौंपकर सरकार को भंग करने की सिफारिश कर डाली।

# रियायती ऋण वितरण कार्यक्रम आज, डीएम ने ली बैठक



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग, भारत सरकार के तत्वावधान में 13 मार्च को सायं 04 बजे आयोजित रियायती ऋण वितरण कार्यक्रम आयोजित होगा। इसमें केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अफसर प्रतिभाग करेंगे।

जनपदीय कार्यक्रम आयोजन के संबंध में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कलेक्ट्रेट में अफसरों की बैठक लेकर संपूर्ण कार्यक्रम की रूपरेखा तय की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त और विकास निगम, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त और विकास निगम, राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त एवं विकास निगम के माध्यम से लाभार्थियों को 13 मार्च को सायं 04 बजे रियायती ऋण वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन होगा। इस कार्यक्रम को पीएम नरेंद्र मोदी वर्चुअल संबोधित करेंगे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम सफल आयोजन के संबंध में जरूरी

**कार्यक्रम में होगी पीएम के कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग**

दिशा निर्देश देते हुए उनके उत्तरदायित्व बताएं। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार की सहायक अनुभाग अधिकारी अंकिता जाँगिड़ ने बताया कि सरकार आर्थिक सशक्तीकरण योजनाओं के तहत जिले के लक्षित समूहों के लाभार्थियों के साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से हाइब्रिड मोड में विस्तृत विचार विमर्श किये जाने हेतु एक राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम आयोजित कर रहा है।

इस कार्यक्रम के आयोजन हेतु जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) तेजस्वी मिश्रा को नोडल अधिकारी बनाया गया है। कार्यक्रम की शुरुआत में एडीएम संजय कुमार सिंह ने बैठक की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताई। कार्यक्रम में एसडीएम रेनू मिश्र, राजीव निगम, एलडीएम अजय कुमार पांडेय, डीएसडब्ल्यूओ सुधांशु शेखर, डीएसडब्ल्यूओ (विकास) तेजस्वी मिश्रा, आईटीआई के फोरमैन अवधेश कुमार, संबंधित बैंकों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## जिला उद्योग बंधु समस्याओं का कराएं निस्तारण: जिलाधिकारी

**लखीमपुर खीरी।** जिले के उद्यमियों एवं व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु की बैठक हुई। बैठक के दौरान डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि उद्यमियों, व्यापारियों, निर्यातकों की जायजा समस्याओं का समयबद्धता एवं गुणवत्तापरक निस्तारण कराया जाए। ताकि जनपद में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिल सके। बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग संजय सिंह ने किया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम राजधानी लखनऊ में आयोजित इन्वेस्ट यूपी कार्यालय उद्घाटन, सीएम-इन्वेस्टर संवाद की एलईडी स्क्रीन के जरिए कलेक्ट्रेट में लाइव स्ट्रीमिंग हुई, जिस दम महेंद्र बहादुर सिंह सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने उद्यमियों संग देखा और सुना। इसके बाद हाल ही में संपन्न ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में जिले के 10 करोड़ से ऊपर निवेश करने वाले 13 और 10 करोड़ से नीचे निवेश करने वाले 30 उद्यमियों को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह के साथ प्रदेश सरकार के स्तर से उपलब्ध कराए गए स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण करना शासन की शीर्ष प्राथमिकता है। समस्याओं के तत्परतापूर्वक निदान से उद्यमियों में प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ता है। व्यापारियों द्वारा उठाई समस्याओं के निदान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उद्यमियों के हर समस्या के निदान हेतु प्रशासन तत्पर है। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने बैठक की आवश्यकता व प्रासंगिकता पर विस्तार से अपने विचार व्यक्त किए। सीडीओ ने व्यापारियों द्वारा उठाई गई समस्याओं के निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया। उपायुक्त (उद्योग) संजय सिंह ने गत बैठक में हुए निर्णयों के अनुपालन की जानकारी दी। बैठक में उद्यमियों ने महेवागंज से लखीमपुर गोला बाईपास सड़क मार्ग के चौड़ीकरण का मुद्दा उठाया। इस पर डीएम ने पीडब्ल्यूडी विभाग को प्रस्ताव तैयार आवश्यक कार्यवाही हेतु भेजने के निर्देश दिए। बैठक में निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित आवेदन पत्रों, विभाग द्वारा संचालित पीएम रोजगार सृजन कार्यक्रम, एमवाईएसवाई, ओडीओपी वित्तपोषण सहित रोजगारपरक योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक की शुरुआत में उपायुक्त (उद्योग) संजय सिंह ने गत बैठक में लिए गए निर्णय की अद्यतन प्रगति बताई।

## सीएम डैशबोर्ड पर चल रही योजनाओं का डीएम ने किया समीक्षा, दिए निर्देश।

**लखीमपुर खीरी।** सरकार की परिकल्पना को मूर्त रूप देने के उद्देश्य से मंगलवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कलेक्ट्रेट में अफसरों संग विकास कार्यों एवं सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक की। बैठक का सफल संचालन सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने किया। बैठक में डीएम ने सीएम डैशबोर्ड के मानकों पर जिलों में चल रही सरकार की सभी योजनाओं, सभी विभागों के कामकाज, कानून व्यवस्था की समीक्षा की। डीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सरकार पूर्णतया कटिबद्ध है। अफसरों को जरूरी दिशा निर्देश देते हुए कहा कि योजनाओं का क्रियान्वयन अच्छे तरीके से होना चाहिए। इसमें कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। अधिकारियों को यह भी हिदायत दी कि जन समस्याओं के प्रति गंभीर रहे। जनता के हित में कार्य करने के लिए अधिकारियों के पास जो भी पत्र आते हैं उसका समय अंतर्गत निस्तारण करें। डीएम ने सीएम डैशबोर्ड की भी समीक्षा करते हुए कहा कि अधिकारी सीएम डैशबोर्ड पर अपने विभाग की रैंकिंग में सुधार करें। उसमें गंभीरता दिखाये। सख्त निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारी को टीम भावना के रूप में काम करना चाहिए और अपने जनपद की रैंकिंग में सुधार लाने का पूरा प्रयास करना चाहिए। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि निरन्तर सीएम डैशबोर्ड की निगरानी करते रहे, अपनी विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन पर ध्यान दें, निर्धारित समयावधि में प्राप्त आवेदन पत्रों को निस्तारित करें, जो भी परियोजनाओं का निर्माण कार्य चल रहा है उसकी प्रगति में सुधार लाये। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जिन जिलों की प्रगति अच्छी है वहां के अपने समकक्ष अधिकारी से बात करें, उनसे सीख लेते हुये अपने यहां भी बेहतर परिणाम लाकर दिखाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी सीएम डैशबोर्ड की बैठक में जिन विभागों की डी रैंकिंग पायी जायेगी, उनके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

## अति संवेदनशील गांवों में पुलिस व पैरामिलिट्री फोर्स ने निकाला फ्लैग मार्च

**अमीरनगर खीरी** लोकसभा चुनावों को देखते हुए जिले में तैयारियां तेज हो गई। कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र में लोकसभा चुनावों को देखते हुए पुलिस ने भी तैयारियां तेज कर दी हैं। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कोतवाली क्षेत्र में प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह ने अपने दल-बल और पैरामिलिट्री फोर्स के साथ मिलकर फ्लैग मार्च निकाला।संयुक्त रुप से पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स ने घनी आबादी और संवेदनशील इलाकों से गुजरते हुए असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश दिया कि चुनाव प्रभावित करने का प्रयास किया तो खैर नहीं। क्षेत्र में पैरामिलिट्री फोर्स के साथ कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को क्षेत्र के गांव कुम्भी,कस्बा अमीरनगर, मोहम्मदपुर , रसूलपुर में फ्लैग मार्च निकाला।अमीरनगर चौकी प्रभारी अरविंद तिवारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने व आमजन के मन में कानून व्यवस्था का एहसास कराने, शांतिपूर्ण तरीके से मतदान करने,आचार संहिता का सख्त पालन करने, शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव में पुलिस और प्रशासन का सहयोग करने और मतदाताओं को भय मुक्त करने के उद्देश्य से पुलिस व पैरामिलिट्री फोर्स के अधिकारियों व जवानों ने संवेदनशील मतदान केंद्रों पर रूट मार्च किया गया है।

# अज्ञात कारणों से लगी आग में 50 घर जलकर हुए राख

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बथुआ मजरा महादेवा अज्ञात कारणों से लगी आग में लगभग 50 घर जलकर में राख नगदी समेत लाखों का सामान जल गया।

सूचना पर फायर ब्रिगेड ने ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया वही क्षेत्रीय लेखपाल विश्वजीत वर्मा ने आंकलन कर रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेज दी। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत बथुआ के माजरा महदेवा में मंगलवार की दोपहर में अज्ञात करणो से आग लग गई आग ने उत्तम कुमार के घर से लगी आग राजकुमार, जगदंबा, नंदकिशोर, रामनरेश, महेश कुमार, नरेंद्र कुमार, हरशेव कुमार, इंद्रबली सहित लगभग 50 घरों को अपने आगोश में ले लिया। देखते ही देखते आग प्रचंड रूप धारण करते हुए पूरे गांव को चपेट में ले लिया। तेज हवा के चलने से आग ने विकराल रूप धारण कर लिया जिससे घरों में रखी नगदी समेत लाखों का सम्मान जलकर राख हो गया जिसमे महेश कुमार का एक मवेसी जलकर मर गया। सूचना पर मौके पर पहुंचकर फायर ब्रिगेड व पुलिसकर्मियों ने ग्रामीण को सहयोग से घंटे मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वहीं सूचना पर पहुंचे तहसीलदार एसडीएम ने भी नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट प्रशासन को भेज दी।

## बैंक में कर्मचारियों से परेशान खाताधारकों ने की शिकायत

**मितौली खीरी।** विकास खंड मितौली के कस्बा भीखमपुर की आर्यावृत बैंक में कर्मचारियों से परेशान खाताधारकों ने सामूहिक रूप से शिकायत की है। प्रधानपति ने कई लोगों के साथ शाखा प्रबंधक से मिलकर बैंक कर्मियों के व्यवहार में परिवर्तन करने के लिए कहा है। भीखमपुर कस्बे में संचालित एकमात्र आर्यावर्त बैंक इन दिनों बैंक कर्मियों को लेकर चर्चा में है। कई महीनों से खाता धारक किसी न किसी रूप से परेशान दिखे। खाता धारक नंदलाल यादव, दीनबंधु, रामस्वरूप, अनूप, सावित्री देवी ने 1076 पर बैंक कर्मियों को लेकर शिकायत दर्ज कराई है। खाता धारको का कहना है कि हम लोगों को चाहे खाते की जानकारी करनी हो, या आधार लगवाना, बैंक कर्मी काम नहीं करते हैं। हालांकि शाखा प्रबंधक ने सभी को आगे समस्या का निवारण कराने की बात कही है।

## रामोत्सव के रूप में मनाया जायेगा रंग महोत्सव होली

**मोहम्मदी खीरी।** युवा समाज सेवा समिति की एक आवश्यक बैठक, श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में रंग महोत्सव (होली) के सम्बंध में सम्पन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता पँ0 राधाकृष्ण मिश्रा तथा संचालन लोक भारती के जिला संयोजक व समिति के अध्यक्ष अतुल रस्तोगी ने किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए अतुल रस्तोगी ने कहा कि देश मे अमृतकाल चल रहा है, रामोत्सव मनाया जा रहा है, क्यों न हम लोग भी इस रंग महोत्सव को रामोत्सव के स्वरूप में मनाये, इस बार की झांकियां प्रभु श्रीराम को समर्पित हो, सुझाव का समर्थन उपस्थित सभी लोगों ने किया। जिला संघचालक अमित भसीन ने अपने सम्बोधन में कहा कि पूरे नगर में कई दिन पहले से ही मन्दिरों पर रामोत्सव व होली से सम्बंधित सुमधुर भजन बजाए जाए,शोभायात्रा का स्वागत पुष्पबर्षा से किया जाए।

# कन्या भोज व विशाल भंडारे के साथ यज्ञ की हुई पूर्णाहुति

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के ग्राम तेंदुआ में सात दिवस पंचम श्री शतचंडी महायज्ञ एवं संत सम्मेलन का आयोजन किया गया वैदिक मंत्रोउच्चारण हवन पूजन कन्या भोज विशाल भन्डारा यज्ञ की पूर्ण आहुति के साथ यज्ञ सम्पन्न हुई।

दूर दराज से पधारे पिसावा जनपद सीतापुर से पधारे परम विद्वान अनमोल जी व्यास, लखीमपुर सोनौरा से पधारे परम विद्वान मानस मर्मज्ञ हेमंत मिश्र, रत्नुपुर से पधारे परम विद्वान पुरुषोत्तम कृष्ण गोस्वामी, जंगबहादुर गंज से पधारे परम् विद्वान रामजी तिवारी रामायणी, सीतापुर से पधारे परम विद्वान प्रभाकर शुक्ल, सुरजनपुर सिधौली से पधारे परम विद्वान मानस मर्मज्ञ रामानुजाचार्य, बड़ागांव सीतापुर से पधारे महाभारत महारथी शिखर जी तिवारी परम विद्वानों के द्वारा सातों दिवस अमृत में वाणी



से सत्संग राम कथा भगवत चर्चा भजन कीर्तन के माध्यम से श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। श्री कृष्णा ध्यान योग साधना पीठ ट्रस्ट उमरिया सीतापुर संस्थापक पूज्य श्री हरि बोल जी महाराज की अमृतवाणी से कुशल संचालन किया गया सातों दिवस बच्चों को योग प्राणायाम योग के विषय में विस्तृत जानकारी दी और योग से हम अपने शरीर को निरोगी कैसे बना सकते हैं और मन मस्तिष्क को स्वस्थ रख सकते हैं के विषय में विस्तृत जानकारी दी। सातों दिवस वैदिक विधि विधान द्वारा यज्ञ आचार्य राजीव तिवारी व आचार्यो के द्वारा वैदिक विधि विधान से हवन पूजन अर्चन किया गया। तेंदुआ के सभी ग्राम वासियों व क्षेत्र वासियों के सहयोग से यज्ञ संपन्न हुई।





## 20 लीटर कच्ची शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**बांकेगंज खीरी।** थाना मैलानी पुलिस द्वारा 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की गई। बांकेगंज में सोमवार दिनांक 11,03,2024, को दोपहर लगभग 2:00 मैलानी पुलिस द्वारा गश्त के दौरान बांकेगंज में रामदयाल पुत्र चंदनलाल उम्र लगभग 40 वर्ष निवासी ग्राम गंगापुर ग्रांट नंबर 10 थाना मैलानी जनपद खीरी को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार युवक को गिरफ्तारी बरामदगी के आधार पर आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई। गिरफ्तार करने वाली टीम कांस्टेबल अनुज कुमार, कांस्टेबल करन वर्मा मौजूद रहे।

# जहरीली कच्ची शराब के उत्पादन पर रोक लगाने की मांग

**गोलागोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में जहरीली कच्ची शराब का उत्पादन व बिक्री का अवैध कारोबार जारी है। घर घर में कच्ची शराब का उत्पादन व बिक्री के चलते क्षेत्र में अशांति का खतरा पैदा होने लगा है जिसको देखकर भारतीय बजरंग दल के बजरंगियों ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी गोला को सौंपा है। जानकारी के अनुसार होली का हुडदंग त्योहार आ गया है इसके बावजूद जहरीली कच्ची शराब का उत्पादन व बिक्री का खेल बराबर जारी है।

मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को प्रेषित ज्ञापन में बजरंगियों ने कहा कि जिला आबकारी विभाग व गोला की लापरवाही के चलते जहरीली कच्ची

- **जहरीली कच्ची शराब को पीकर तमाम परिवार असमय मौत का शिकार हो चुके हैं**
- **भारतीय बजरंग दल ने उप जिलाधिकारी गोला को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार गोला को सौंपा**

शराब का गोरख धंधा बंद कराने व दोषियों को दंडित कराने की मांग की है। आगे कहा कि गोला गोकर्णनाथ नगर व उसके आसपास जहरीली कच्ची शराब का उत्पादन व बिक्री का खेल खुलेआम जारी है। इस जहरीली कच्ची शराब को पीकर तमाम परिवार असमय मौत का शिकार हो चुके हैं आए दिन जहरीली कच्ची शराब के बढते प्रचलन से वाद विवाद का सिलसिला भी हुआ करता है। कच्ची शराब की लपटों में सैकड़ों परिवार झुलस रहे हैं इनके मुख्य स्थल के बारे में आबकारी पुलिस को सब पता है।

मुख्य स्थलों में गोला नगर के विभिन्न मोहल्ले जिसमें खुटार रोड निकट डाक्टर बंगाली के पीछे व पश्चिमी दीक्षिताना में निकट लालबहादुर शास्त्री इंटर कालेज व बदनाम ग्राम कोंधवा बहेरा भुसौरिया जहानपुर अलियापुर द्वारिका गंज व भवानी गंज आदि ग्रामीण क्षेत्रों में खुलेआम उत्पादन व बिक्री का खेल जारी है।

जिसमें कोंधवा ग्राम ठीक तहसील गोला के पीछे स्थिति है इस ग्राम में एक दर्जन से अधिक मकानों में उत्पादन व लगभग दो दर्जन से अधिक जहरीली कच्ची शराब की दुकानें खुलेआम संचालित है। भारतीय बजरंग दल के बजरंगियों ने जहरीली कच्ची शराब का उत्पादन व बिक्री पर तत्काल प्रभाव से कारवाई की मांग उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से करते हुए उप जिलाधिकारी गोला को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार गोला सुखबीर सिंह को सौंपा है।

भारतीय बजरंग दल के प्रदेश सचिव अशोक जोशी, जिलाध्यक्ष अमित मिश्रा, जिला प्रभारी होतीलाल रस्तोगी, गौ रक्षा प्रमुख अध्यक्ष अनूप गुप्ता, हिमांशु जोषी, प्रशांत गुप्ता नगर उपाध्यक्ष, विजय यादव ब्लाक उपाध्यक्ष, मोहित राठौर, दीपक सक्सेना, रिंकू वर्मा, अंश गुप्ता, विकास प्रजापति मीडिया प्रभारी, शिवम, आदित्य आदि तमाम भारतीय बजरंग दल के बजरंगी साथियों के साथ ज्ञापन दिया।

# जिम्मेदारों की लापरवाही से विद्यालय परिसर में जा रहा गंदा पानी

**पसगवां खीरी, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम प्रधान और सचिव की लापरवाही के चलते अभी तक विद्यालय की बाउंड्री नही पूर्ण हो पाई जिसके चलते घरों से निकलने वाला गंदा पानी विद्यालय में बह रहा है।

पसगवॉ ब्लॉक की ग्राम पंचायत किशनपुर अजीत में जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते विद्यालय जाने वाले बच्चे गंदे पानी और कीचड़ से होकर गुजरते हैं। ग्रामीणों के मुताबिक घरों से निकलने वाला गंदे पानी का सही निकास न होने के कारण यह समस्या उत्पन्न हो रही है। सरकार गांव से गंदगी दूर करने तथा मूलभूत सुविधा को उपलब्ध कराने को लेकर चाहे जितने भी दावे कर ले मगर ग्रामीण क्षेत्रों में तस्वीर नहीं बदल रही

> इस संबंध में विद्यालय के अध्यापक प्रवीण कुमार से जानकारी लेने पर उन्होंने बताया है कि इस समस्या को लेकर कई बार ग्राम प्रधान को अवगत करा चुके हैं लेकिन ग्राम प्रधान बजट का रोना रो देते हैं।

> इस संबंध में सचिव कौशल से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया है कि जल्द से जल्द इस समस्या का अस्थाई समाधान किया जाएगा?।

है। पसगवॉ ब्लाक मुख्यालय से सटे गांव में ही गंदगी का अंबार लगा है। घरों से निकलने वाला गंदे पानी नालियों की साफ-सफाई नहीं होने के कारण घरों का गंदा पानी सड़क पर बह रहे है। सबसे आश्चर्य की बात यह है कि परिषदीय विद्यालय के बच्चे गंदे पाने के बीच से होकर विद्यालय जाने को मजबूर हो रहे है।

# पुरस्कार से गौरवान्वित महसूस करते हैं शिक्षक : डीएम





**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

पुरस्कार एक शिक्षक को समाज में जितना गौरवान्वित महसूस कराते हैं, उससे कहीं अधिक जिम्मेदारियों से भी बांधते हैं, ताकि वह और अधिक अच्छा कार्य कर सकें। यह बात मुख्य अतिथि जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने मंगलवार को आयोजित सम्मान समारोह के दौरान कहीं। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा ब्लॉक संसाधन केन्द्र बंकी बड़ेल में निपुण विद्यालय सम्मान समारोह एवं हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस दौरान 166 निपुण विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को प्रमाण पत्र आदि प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने निपुण विद्यालयों के शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप जिस शिखर पर पहुंचे हैं, उसे बरकरार भी रखना है। आपके माध्यम से यह संदेश अन्य विद्यालयों को भी पहुंचना चाहिए कि आपने किन प्रयासों से अपने विद्यालय को निपुण की श्रेणी में पहुंचाया है। उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों की पर्सनालिटी प्राथमिक शिक्षा के दौरान ही डेवलप होती है। बच्चों के अच्छे कार्यों की यदि थोड़ी सी तारीफ की जाए तो बच्चे और अधिक बेहतर कार्य करते हैं। हर बच्चे पर विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अ. सुदन ने शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि बच्चे नई पौध की तरह होते हैं, शिक्षक जितना बेहतर तरीके से ज्ञान की बूंदों से सीचेंगे बच्चे उतना अधिक सीखेंगे।

इस मौके पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सन्तोष कुमार देव पाण्डेय ने कहा कि अध्यापक और अभिभावक के नियमित संवाद से ही छात्रों की विद्यालय में शतप्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जा सकती है, इसलिए अध्यापकों को अपने विद्यालय में अध्ययनरत समस्त बच्चों के अभिभावकों से नियमित संवाद करना चाहिए।

समारोह के दौरान जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, प्राचार्य डायट मसीहुज्जमा सिद्दीकी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी ने 05 निपुण बच्चों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया तथा जनपद के निपुण घोषित हुए 166 विद्यालय के प्रधानाध्यापकों, संकुल शिक्षकों को प्रमाणपत्र व शील्ड, कक्षा शिक्षण सामग्री इत्यादि देकर सम्मानित किया। इस दौरान दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा में जोड़ने के लिए सहायक उपकरण वितरित किये गये, जिनमें आयुषी पटेल प्रावि देवगांव, शिवम प्राथि तेतारपुर, वेदांश प्रावि सफदरगंज सहित 20 बच्चों को कान की मशीन, ट्राइसाइकिल इत्यादि उपकरण प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन राजेन्द्र त्रिपाठी जिला स्काउट मास्टर एवं सुभाष तिवारी ने किया। इस मौके पर जिला समन्वयक प्रशिक्षण विनीता मिश्रा, खण्ड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार, संजय राय, अर्चना यादव, जिला व्यायाम शिक्षिका रितु पाठक, ऋषि टण्डन, जिला गाइड कैप्टन ऋतु अग्निहोत्री, एसआरजी पद्मजा त्रिपाठी आदि मौजूद रहीं।

## चुनाव में आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः सुनिश्चित करें अनुपालनः जिलाधिकारी

**बाराबंकी।** जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अंतर्गत जिस दिन और जिस समय से आदर्श आचार संहिता लागू होगी, उसी समय से चुनाव के लिए गठित उड़दस्ता सहित सभी सम्बंधित कर्मचारी इस आदर्श आचार संहिता के किसी भी प्रकार के उल्लंघन को रोकने के लिए पूरी सतर्कता के साथ अपने निर्धारित दायित्वों का निर्वहन करना शुरू कर देंगे। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी और कर्मचारी आदर्श आचार संहिता तथा उससे सम्बन्धित दिशा निर्देशों का गहन अध्ययन प्रत्येक दशा में अवश्य कर लें। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित किया जाना हम सभी का दायित्व है। जिलाधिकारी आज लोक सभागार में उड़नदस्ता प्रभारियों के प्रशिक्षण को सम्बोधित कर रहे थे। इस प्रशिक्षण में अपर ज़िलाधिकारी श्री अरुण कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक, आयकर अधिकारी तथा जनपद के प्रभारी पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि आदर्श आचार संहिता के लागू होने के साथ ही धारा 144 भी लगा दी जाएगी, ऐसे मे किसी भी प्रकार की जब्ती तथा कार्रवाई के लिए आवश्यक है कि सभी को आदर्श आचार संहिता का विवरण पता हो साथ ही जन प्रतिनिधित्व कानून की विभिन्न धाराओं का अध्ययन भी कर लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त आईपीसी की विभिन्न धाराओं, जिनका कि चुनाव के समय में उल्लंघन के प्रयास किए जाते रहे हैं या नक़दी ज़ब्ती, शराब की ज़ब्ती आदि के लिए विभिन्न क़ानूनी प्रावधानों का ज्ञान आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अधिकतर गलतियां जानकारी के अभाव में होती हैं। इसलिए किसी भी स्तर की क़ानूनी तथा प्रशासनिक जानकारी का अभाव नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनवा के दौरान किसी भी प्रकार की कोई ऐसी सूचना जिससे कि लगे कि चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन हो रहा है, उस पर तत्काल कार्रवाई नियमानुसार अवश्य करे। उन्होंने कहा कि सभी लोगों से अपेक्षा की जाती है कि चुनाव के दिनों में कोई भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना उन्हें प्राप्त होती है तो उन्हें भी अवश्य अवगत कराएं।

## मिट्टी खुदाई करने से रोड पर अचानक गिरा विशाल पेड़

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** बरसात में धंसी पुलिया निर्माण के पहले बगल से बनाये जा रहे बाईपास के कार्य मे लगी जेसीबी मशीन से सड़क किनारे एक यूकेलिप्टस का विशाल पेड़ के बगल से मिट्टी खुदाई कर दी जिससे अचानक पेड़ सड़क पर गिर गया जबकि सड़क पर आवागमन चल रहा था गनीमत रही उससे की चपेट में कोई नही आया।पेड़ सड़क पर गिरने से एक किलोमीटर लंबा जाम पेड़ कटने तक लगा रहा। निर्माण से पहले लोगों के आवागमन के लिए बगल से कच्ची सड़क बनाई जा रही है।उसी की मिट्टी खुदाई चल रही थी वही बिजली के तार भी चपेट में आ गए इससे मदारपुर गांव की बिजली सप्लाई भी बंद रही पर बदोसराय पुलिस ने पहुंच कर पेड़ को कटवाया इसके बाद सड़क चालू हुई। पुलिस ने मौके पर मिले ठेकेदार अजय सिंह से मिट्टी ज्यादा खोदने के बारे में पूछताछ कर रही है।

## दस लीटर कच्ची शराब के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

**जैदपुर, बाराबंकी।** मुखबिर की सूचना के आधार पर जैदपुर पुलिस टीम द्वारा एक अभियुक्त को घेराबंदी कर गिरिफ्तार कर कब्जे से दस लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गयी। आरोपी के विरुद्ध जैदपुर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की है। जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर दस लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ नकछेद पुत्र परशुराम ग्राम रामपुर पाटमऊ थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी को भनौली के पास रामपुर जाने वाले मार्ग के पास घेराबंदी बंदी कर गिरिफ्तार किया गया अभियुक्त के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गयी है।

# पुत्र के घायल होने की सूचना से सदमे में आये पिता की मौत

**हैदरगढ़, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

पुत्र के सड़क दुघर्टना में गंभीर घायल होने के सदमे से वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता नवल किशोर वाजपेयी अंगद का असामयिक निधन हो गया। नवल किशोर वाजपेयी वरिष्ठ पत्रकार सुनील वाजपेयी शिवम् के चाचा हैं। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी।

मंगलवार को उनके अंतिम संस्कार मौके पर तिलोकपुर पहुंचकर भाजपा विधायक दिनेश रावत पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुनील सिंह पूर्व विधायक बैजनाथ रावत पूर्व प्रधान पप्पू दीक्षित पूर्व प्रधान चंद्रशेखर सिंह सुरेश अवस्थी सचिन वर्मा उत्तम वर्मा पंकज मिश्रा सोनू द्विवेदी सौरभ अवस्थी रामू अवस्थी महेन्द्र शाह सिंह संतशरण मौर्य अरुण अवस्थी बाबू खान अल्लूबाबू अग्रवाल संतदीन रावत पुचकारी रावत के अलावा रिश्तेदारों ने श्रद्धांजलि अर्पित कर परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।सोमवार देर शाम को हृदयाघात से उनका निधन हो गया था। मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र अरविन्द वाजपेयी श्यामू ने दी। दिवंगत भाजपा नेता के दूसरे नंबर के पुत्र कपिल वाजपेयी रविवार देर रात लखनऊ से घर बाइक से आते समय भिलवल में सड़क दुघर्टना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे जिनका ईलाज लखनऊ ट्रामा सेंटर में चल रहा है।

## उपजिलाधिकारी ने चरसडी बांध का किया निरीक्षण

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** लोक सभा चुनाव को लेकर उपजिलाधिकारी आनन्द तिवारी रामनगर के उपजिलाधिकारी पवन कुमार राजस्व टीम के साथ सरयू नदी के उस पार एल्गिन चरसडी बांध के पास के मांझा रायपुर, पारा,बेहटा, नैपुरा पोलिंग बूथों का निरीक्षण कर निर्देश दिए हैं। मंगलवार को उपजिलाधिकारी सिरौलीगौसपुर रामनगर के उपजिलाधिकारी ने राजस्व निरीक्षक एंव लेखपालों की टीम के साथ मांझा रायपुर पारा बेहटा नैपुरा पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया जहो दिब्यांग बृद्ध जनों के लिए रैम्प बिजली पानी आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया कर दिशा निर्देश दिए हैं। इस मौके पर सम्बंधित ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान आदि मौजूद रहे।

# अच्छी पुस्तक विद्यार्थी को बनाती है सबलः रचना दीक्षित

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

पुस्तकें शिक्षार्थियों की जीवन साथी हैं, विद्यार्थी जितना पुस्तकों से प्रेम कर उन्हें पढ़ेंगे, उनका ज्ञान उतना ही मजबूत होगा। यह विचार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सन्तोषदेव पांडेय ने बड़ेल स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में सोशियो स्टोरी फाउंडेशन दिल्ली द्वारा पढ़े भारत कार्यक्रम के तहत परिषदीय विद्यालयों में पुस्तकालय हेतु पुस्तक वितरण करते हुए व्यक्त किये। सोशियो स्टोरी फाउंडेशन की संस्थापिका शिक्षाविद रचना दीक्षित ने 40 पुस्तकों का सेट विद्यालयों के शिक्षकों को प्रदान कराते हुए अतिथियों का स्वागत किया और कहा कि सोशियो स्टोरी फाउंडेशन शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध है





और शिक्षा उन्नयन में पुस्तकों की उपलब्धता अहम भूमिका निभाती हैं, इसी सोंच के साथ पढ़े भारत कार्यक्रम से प्रेरित होकर गांव के परिषदीय विद्यालयों में बाल कहानियों, व प्रेरणादायी पुस्तकों के सेट उपलब्ध कराकर विद्यालयों में बाल पुस्तकालय हेतु पुस्तकों की व्यवस्था कराने का कार्य कर रहा है।

इस कार्यक्रम में प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, जिला समन्वयक विनीता मिश्रा व बेसिक शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारियों सहित फाउंडेशन के वरिष्ठ कार्यकर्ता व समाजसेवी, दीपक पाठक, अविनाश त्रिपाठी, स्पर्श श्रीवास्तव, अमित पांडेय सहित तमाम बच्चे उपस्थित रहे।

# तम्बाकू के धुएं में पाए जाते हैं हानिकारक 7000 रसायन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** भारत में 12 करोड़ लोग सक्रिय धूम्रपान करने वाले हैं और 63 प्रतिशत परिवार के सदस्य परोक्ष धूम्रपान करने वाले हैं। लगभग 30 प्रतिशत वयस्क सार्वजनिक स्थानों पर परोक्ष धूम्रपान करने वाले हैं।

जब कोई व्यक्ति धूम्रपान करता है, तो वह केवल 30 प्रतिशत धुआं ही ग्रहण करता है, जबकि बाकी का 70 प्रतिशत धुआं परोक्ष धूम्रपान वालों के जीवन को प्रभावित करता है या पर्यावरणीय तम्बाकू के धुएं के रूप में पर्यावरण को प्रदूषित करता है। यह जानकारी केजीएमयू में रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सूर्यकांत ने विश्व धूम्रपान निषेध दिवस की पूर्व संध्या पर दी है। उन्होंने बताया कि बीड़ी पीना, सिगरेट पीने से भी अधिक हानिकारक है। तम्बाकू के धुएं में लगभग 7000 रसायन पाये जाते हैं जो मानव शरीर में विभिन्न स्वास्थ्य खतरों के लिए जिम्मेदार होते हैं और 70 रसायन कैंसरकारी होते हैं। परोक्ष धूम्रपान सक्रिय धूम्रपान जितना ही हानिकारक है। धूम्रपान से विभिन्न प्रकार के कैंसर और फेफड़े, हृदय, मस्तिष्क, गुर्दे, यकृत, आंत, हड्डियों आदि से संबंधित कई बीमारियाँ हो सकती हैं। इसके अलावा फेफड़ों की कार्यक्षमता कम हो जाती है।

### परिवहन मंत्री ने निगम मुख्यालय में किया 41.16 करोड़ की 18 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

# बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना सरकार का मकसद : दयाशंकर सिंह

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने आज परिवहन निगम मुख्यालय के सभागार कक्ष में परिवहन विभाग एवं परिवहन निगम की 41.16 करोड़ रूपये की 18 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।




**परियोजनाओं के धरातल पर आने से प्रदेश की जनता को मुहैया होंगी बहुत सी सुविधाएं**

बस स्टेशन बिन्दकी जनपद फतेहपुर, बस स्टेशन एवं डिपो कार्यशाला शाहगंज जौनपुर, बस स्टेशन सुजानगंज जौनपुर, बस स्टेशन ललौली फतेहपुर, बस स्टेशन हाटा कुशीनगर, बस स्टेशन डुमरियागंज सिद्धार्थनगर, डिपो कार्यशाला कुछैछा हमीरपुर, बस स्टेशन नजीबाबाद बिजनौर, बस स्टेशन जलेसर एटा एवं डिपो कार्यशाला इज्जतनगर बरेली का शिलान्यास एवं बस स्टेशन फरीदपुर बरेली, बस स्टेशन बछरांवा रायबरेली, बस स्टेशन महाराजगंज का लोकार्पण किया गया। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के धरातल पर आने से प्रदेश की जनता को बहुत सी सुविधाएं मुहैया होंगी। परिवहन निगम मुख्यालय में उन्होंने कमान्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर का फीता काटकर उद्घाटन किया व बसों की वास्तविक स्थिति का स्वयं परीक्षण किया।

परिवहन मंत्री ने परिवहन विभाग द्वारा संचालित की जाने वाली महत्वपूर्ण परियोजना रायबरेली स्थित इन्स्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग ट्रेनिंग एण्ड रिसर्च सेन्टर का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि यह देश का पहला ऐसा सेन्टर है, जहां ट्रेनिंग, टेस्टिंग के साथ-साथ रिसर्च का भी कार्य किया जायेगा। इस सेन्टर के संचालित होने से प्रदेश को कुशल चालक मिलेंगे एवं मुख्यमंत्री की मंशानुरूप सड़क दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत तक कमी लाने में मदद मिलेगी। इसके अलावा अयोध्या में डीटीटीआई एवं प्रतापगढ़ में एडीटीटी का लोकार्पण से ड्राइवरों की ट्रेनिंग अब ऑनलाइन हो सकेगी।

**डॉयल 112 से जोड़ा जा रहा कमांड कंट्रोल सेन्टर**


कमान्ड कन्ट्रोल सेन्टर के माध्यम से बसों की वास्तविक स्थिति प्रदेश के लोगों को मिलेगी। वास्तविक लोकेशन प्राप्त कर किसी आकस्मिक स्थिति में तत्काल सहायता पहुंचाई जा सकती है। कमान्ड कन्ट्रोल सेन्टर को डॉयल 112 से भी जोड़ा जा रहा है। बसों में वीएलटीडी व्हीकिल लोकेशन एण्ड ट्रैकिंग डिवाइस के साथ पैनिक बटन भी लगाया गया है, जिसका उपयोग करने से निगम मुख्यालय स्थित कमान्ड कन्ट्रोल सेन्टर एवं सम्बंधित क्षेत्रीय कन्ट्रोल रूम में पैनिक अलर्ट प्रदर्शित होगा। अब लोगों को अपने परिवारीजनों की यात्रा के दौरान वास्तविक स्थिति की सुरक्षा स्वतः प्राप्त हो सकेगी एवं परिजनों की जानकारी की चिन्ता से मुक्ति मिलेगी।

### सीएम योगी ने बैठक में अफसरों से की जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा, कहा

# 2.12 करोड़ परिवारों को मिलने लगा शुद्ध पेयजल

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि राज्य में आज 2 करोड़ 12 लाख से अधिक परिवारों के लिए शुद्ध पेयजल का सपना साकार हुआ है। सीएम योगी ने एक उच्चस्तरीय बैठक में जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 'हर घर नल-हर घर जल के संकल्प के साथ प्रदेश के 2.65 करोड़ ग्रामीण परिवारों को शुद्ध पेयजल मुहैया कराने का महाभियान चल रहा है। जल जीवन मिशन के प्रारंभ से पूर्व मात्र 5.16 लाख परिवारों को ही नल से शुद्ध पेयजल की उपलब्धता थी। लगातार प्रयासों से आज दो करोड़ 12 लाख से अधिक परिवारों के लिए शुद्ध पेयजल का सपना साकार हुआ है। शेष घरों को भी पाइप्ड पेयजल की सुविधा मिले, ऐसे में इस कार्य को समयबद्धता के साथ चरणबद्ध रूप से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि हर घर नल से जल पहुंचाने की यह योजना ईज ऑफलिविंग के संकल्प को पूरा होने का सबसे बड़ा उदाहरण है। यह बड़े बदलाव का परिचायक है। यह मोदी की गारंटी है और मोदी की गारंटी यानी पूरा होने की गारंटी। सीएम योगी ने कहा कि बुंदेलखंड और विंध्य क्षेत्र में शुद्ध पेयजल एक सपना था। आज यह सपना साकार हो रहा है। यह दोनों ही क्षेत्र शीर्ष प्राथमिकता में है। अतिशीघ्र विंध्य-बुंदेलखंड के हर घर में नल से जल की सुविधा होगी। झांसी, ललितपुर, हमीरपुर, जालौन, बांदा, चित्रकूट, मीरजापुर, सोनभद्र सहित पूरे विंध्य-बुंदेलखंड में जल जीवन मिशन का कार्य आखिरी चरण में प्रवेश कर गया है। अवशेष कार्यों को तेजी के साथ पूरा कराया जाए। उन्होंने कहा कि शुद्ध पेयजल केवल प्यास ही नहीं बुझाता, बल्कि अनेक बीमारियों से सुरक्षित भी रखता है। हमें जल के महत्व को समझना होगा। गांव-गांव में लोगों को समझाना होगा। जल संचय के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया जाए। जल समितियों को एक्टिव रखें। पंचायत प्रतिनिधियों का सहयोग लें। नुक्कड़ नाटकोंध्लघु फिल्मों के माध्यम से लोगों में जागरूकता बढाएं। रेन वॉटर हार्वेस्टिंग के लिए आम जन को जागरूक किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल जीवन मिशन से 100 फीसदी संतृप्त गांवों का-हर एक घर का पारदर्शिता के साथ सत्यापन होना चाहिए। अगर एक भी उपभोक्ता असंतुष्ट है तो उनकी अपेक्षाओं को पूरा किया जाए। हमें स्थलीय निरीक्षण की व्यवस्था को और मजबूत करना होगा। हर गांव में प्रशिक्षित प्लम्बर की तैनाती कर दी जाए।

**ब्रांडिंग और मार्केटिंग से पर्यटक होंगे आर्कषित : जयवीर**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश धार्मिक, आर्थिक और प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण हैं। यहां पर्यटन की अपार संभावनायें हैं। सरकार भी इसके लिए लगातार प्रयास कर रही है। यूपी की टूरिज्म पॉलिसी बहुत ही बेहतरीन है। इसी का नतीजा है कि दुनिया भर के टॉप ब्रांड आज अयोध्या में होटल बना रहे हैं। 2023 में करीब 48 करोड़ घरेलू पर्यटक यूपी में पहुंचे थे। इसी तरह हमें विदेशी पर्यटकों को भी यूपी में लाने के लिए काम करने की जरूरत है। इससे प्रदेश में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और राजस्व में भी इजाफा होगा। यह कहना है उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह का। वह मंगलवार को गोमती नगर स्थित एक होटल में उत्तर प्रदेश सरकार और फिक्की की ओर से आयोजित यूपी ट्रेवल मार्ट-2024 के दौरान पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उत्तर प्रदेश में पर्यटन स्थल की खासियत और पर्यटकों को मिलने वाली सुविधाओं व संभावनाओं की जानकारी यूपी ट्रेवल मार्ट के जरिये पूरी दुनिया में पहुंचाई जायेगी। मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि कहीं के पर्यटन स्थल तब चर्चा में आते हैं, जब वहां से जुड़ी कहानियों की जानकारी लोगों को हो। इन्ही किस्से और कहानियों के जरिये समृद्धि और विकास संभव है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि पर्यटन को बढ़ावा देने में कानून व्यवस्था, सुविधा और कनेक्टिविटी का अहम योगदान होता है।

### हिंदू महासभा देश में लोकसभा चुनाव में उतारेगी प्रत्याशी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भारत की प्रथम राजनीतिक पार्टी एवं श्री राम जन्मभूमि के मुख्य पक्षकार अखिल भारत हिंदू महासभा ने इस साल होने जा रहे लोकसभा चुनाव में पूरे देश में प्रत्याशी उतारने की घोषणा की है। इस आशय की जानकारी आज यहां हिन्दू महासभा, उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने दी। उन्होंने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी चक्रपाणि के निर्देशानुसार हिन्दू महासभा ने प्रत्याशियों की घोषणा जल्द ही की जायेगी। जिसके चयन की प्रक्रिया अन्तिम चरणों में है। श्री त्रिवेदी ने बताया कि अखिल भारत हिंदू महासभा देश की प्रथम हिंदुत्व वादी राजनीतिक पार्टी है जिसकी स्थापना 1882 में हुई।

# पीएसी की 179 और सीएपीएफ की 100 कंपनी तैनात

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** नागरिकता संशोधन अधिनियम लागू होने के बाद यूपी पुलिस के सामने शांति व्यवस्था को बनाए रखना चुनौती बना हुआ है ऐसे में डीजीपी यूपी ने आलाधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। डीजीपी को ओर से अधिकारियों को निर्देशित करते हुए वर्ष 2019 व 2020 में सीएए को लेकर हुई हिंसा लेकर, डाटा तैयार कर इन क्षेत्र व लोगों पर नजर रखने को कहा है जिससे दोबारा से ऐसी घटनाएं न होने पाएं। दूसरी ओर डीजीपी के निर्देशों के बाद सोशल मीडिया में 24 घंटे नजर रखी जा रही है।

डीजीपी के साफ निर्देश है कि इस दौरान सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाए।

**अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई**

अफवाहों को रोकने के लिए पुलिस 24 घंटे सोशल मीडिया पर निगरानी रख रही है। डीजीपी प्रशांत कुमार का कहना है कि सीएए के लागू होने के बाद से अलर्ट जारी किया गया है। यूपी पुलिस हर एंगल पर तैयार है ऐसे में यदि कोई अव्यवस्था फैलाने की कोशिश करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई तय है।

डीजीपी ने कहा है कि पहले से संभावना व्यक्त की जा रही थी कि नागरिकता संशोधन कानून को सरकार जल्द ही लागू की करेगी। जिसको लेकर पहले से ही तैयारी कर रखी है। फील्ड अफसरों को सतर्क किया गया है। फील्ड अफसरों ने कानून लागू होते ही सभी धार्मिक नेताओं, धर्म गुरुओं, पीस कमेटी के सदस्यों सहित सिविल डिफेंस के लोगों से वार्तालाप करने के लिए कहा गया है। डीजीपी ने कहा है कि, यह कानून पड़ोसी देशों से धार्मिक कारण से परेशान होकर भारत आने वाले लोगों को नागरिकता देने का कानून है। इस कानून से किसी की भी नागरिकता छीनेगी नही, और इस लोगों की संख्या बहुत ही कम है। धर्म गुरुओं से बातचीत करने का असर भी देखने को मिल रहा है, कानून को समझने के बाद सभी धर्मगुरुओं और धर्म नेताओं ने सकारात्मक बयान जारी किए है। ऐसे में यह आशा है कि धीरे धीरे सभी लोग इस कानून के विषय में समझ लेंगे। 100 कंपनी सीएपीएफ 179 कंपनी पीएसी को तैनात किया गया है। जितने भी टेक्निकल संसाधन है।

# जल स्रोतों को संवारने का काम कर रही सरकार

**यूपी में 16 हजार से ज्यादा बन चुके अमृत सरोवर : केशव मौर्य**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** जल संचयन, संरक्षण व पर्यावरण संतुलन बनाए रखने तथा पानी के बेहतर उपयोग के दृष्टिगत गांवों में तालाबों, व जल स्रोतों को मनरेगा से संवारने का काम उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में किया जा रहा है, यही नहीं इसी दिशा में कार्य करते हुए प्रदेश में विलुप्तप्राय नदियों के पुनरूद्धार का कार्य किया जा रहा है। मनरेगा से अमृत सरोवरो को बनाने का कार्य जारी है।अमृत सरोवर के निर्माण में उत्तर प्रदेश देश में अग्रणी राज्य है। अब भी तक देश में सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश में 16,581 अमृत सरोवरों का निर्माण किया जा चुका है।



ग्रामीण इलाकों में अमृत सरोवर का उद्देश्य जल संग्रह के साथ स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा देने और आम लोगों को व्यायाम तथा घूमने हेतु स्वच्छ पर्यावरण प्रदान करना है। तालाबों को अमृत सरोवर के रूप में विकसित करने से जल संग्रह तो होता ही है, संग्रहित जल का किसान उपयोग भी करते हैं। इन सरोवरों के निर्माण से ग्रामीणों को टहलने-घूमने और सार्वजनिक स्थल पर बैठने की सुविधा भी उपलब्ध होती है। अमृत सरोवर के पास पौधे लगाने से वृक्षारोपण को भी बढ़ावा मिल रहा है। बात करें संस्कृति को तो स्थानीय त्योहार भी सरोवरों पर मनाए जा रहे हैं।

उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य की पहल पर अमृत सरोवर विकसित होने से छठ पूजा जैसे त्योहार भी मनाने में महिलाओं को मदद मिली है। अमृत सरोवरों पर राष्ट्रीय पर्व जैसे स्वतंत्रता दिवस,गणतंत्र दिवस आदि पर ध्वजारोहण भी किया जाता है।केंद्र सरकार ने मनरेगा के तहत प्रत्येक जिले में 75 अमृत सरोवर बनाने का लक्ष्य दिया था।

केंद्र द्वारा निर्धारित लक्ष्य 5,625 को 15 अगस्त 2022 को ही प्राप्त कर लिया गया था तथा अब तक 16 हजार से भी ज्यादा अमृत सरोवरों का निर्माण किया जा चुका है। और लगातार अमृत सरोवरों का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जल संरक्षण और संचयन के मकसद से भारत सरकार द्वारा शुरू की गई अमृत सरोवर योजना में उत्तर प्रदेश देश में पहले नंबर पर है। प्रदेश में मनरेगा के तहत अब तक अमृत सरोवर के लिए 24,461 स्थान चिन्हित किए गए हैं। 21,026 चिन्हित स्थानों पर कार्य शुरू हो चुका है, वहीं 16,581 अमृत सरोवर का निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है। जो कि दूसरे नंबर पर मध्य प्रदेश के अमृत सरोवरों की कुल संख्या 5,647 का दोगुना से भी अधिक है।

तीसरे नंबर पर कर्नाटक में अब तक 3,815, चौथे नंबर पर राजस्थान में अब तक 3,085 और 5वें नंबर पर महाराष्ट्र में अब तक 3,013 अमृत सरोवर बनकर तैयार हो चुके हैं। अमृत सरोवर के बड़े पैमाने पर निर्माण से उत्तर प्रदेश में ग्रामीण आबादी के एक बड़े हिस्से को रोजगार भी मिल रहा है। इससे किसानों की सिंचाई की समस्या का समाधान हुआ है और उनकी आय में भी वृद्धि हुई है। राज्य सरकार के मार्गदर्शन एवं विभाग के अथक प्रयास से प्रदेश में तेजी से अमृत सरोवरों का निर्माण हो रहा है। बात करें जिलों की तो प्रदेश में टॉप-3 जनपदों तो अब तक गोरखपुर में 712, महाराजगंज में 597 और प्रयागराज में अब तक 522 अमृत सरोवरों का निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है, जो कि प्रदेश में अमृत सरोवर के निर्माण में अग्रणी जनपद की भूमिका निभा रहे हैं।



**राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने लखनऊ विश्वविद्यालय में विवेकानंद द्वार तथा कर्मचारी आवास गोमती अपार्टमेंट व सरयु अपार्टमेंट का किया लोकार्पण ।**




# रायबरेली जंक्शन को मिला वंदेभारत का तोहफ़ा



**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को रेलवे की जिन 85 हज़ार करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण किया है उनमें रायबरेली को भी कई तोहफे मिले हैं। इनमें वन स्टेशन वन उत्पाद के तहत रायबरेली जंक्शन को आंवले और गुड़ से बने स्टाल के साथ ही हरचंदपुर स्टेशन पर गुड्स साइडिंग और एक वंदेभारत का तोहफ़ा हासिल हुआ है। प्रयागराज से चलकर लखनऊ तक जाने वाली वंदेभारत ट्रायल ट्रेन मंगलवार को यहाँ पहुंची तो उसके स्वागत में आम लोग पहले से मौजूद रहे। रायबरेली में तैनात रेलवे के मंडलीय सहायक अभियंता एस के पांडेय ने बताया कि वंदेभारत ट्रेन अत्यंत सुविधाजन होने के साथ ही अन्य सामान्य गाड़ियों की तरह ही उसका किराया है और टिकट भी सामान्य खिड़की से ही मिलेगा। एस के पांडेय ने बताया कि इस ट्रेन का शेड्यूल तय करने के बाद आगामी चौदह मार्च से आम लोगों के लिए इसे समर्पित किया जायेगा।

## रायबरेली वासी भी उठाएंगे वन्दे भारत ट्रेन का लुत्फ



रायबरेली के लोग भी अब वंदे भारत ट्रेन के सुहाने सफर का लुफ्त उठा सकेंगे। ट्रायल के तौर पर वाया ऊंचाहार प्रयागराज से लखनऊ के बीच चलाई गई वंदे भारत अब रायबरेली की सीमा से होकर गुजरेगी। ट्रेन रायबरेली रेलवे स्टेशन पहुंची। जहाँ भाजपा नेताओं व यात्रियों में खुशी का ठिकाना नहीं रहा। आपको बता दे मंगलवार को सुबह करीब 11:00 रायबरेली जनपद के शहर स्थित रेलवे स्टेशन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जिन 10 वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई गई है। उसमें से एक ट्रेन प्रयागराज जनपद से रायबरेली जंक्शन स्टेशन होते हुए लखनऊ के लिए रवाना हो गई।रायबरेली शहर के रेलवे स्टेशन पर ट्रेन पहुंचते ही यात्रियों के साथ-साथ मौजूद भाजपा नेताओं ने कहा कि इस ट्रेन से अब रायबरेली वासियों को भी इसका लाभ मिलेगा। 2 मिनट के लिए रुकी ट्रेन से यात्रियों में खुशी की लहर दौड़ गई। प्रयागराज से चलकर रायबरेली के रास्ते लखनऊ को जाने वाली वंदे भारत ट्रेन को ट्रायल के तौर पर आज चलाया गया है। वंदे भारत 02318 ट्रेन का ट्रायल सफल होने पर प्रयागराज से गोरखपुर के बीच नियमित रूप से दौड़ेगी। यह ट्रेन अब रायबरेली में रोजाना 2 मिनट के लिए प्रतिदिन रुकेगी। आपको बताते चलें वंदे भारत की रफ्तार 120 किलोमीटर प्रति घंटा होगी। यात्रियों के लिये प्रयागराज से लखनऊ जाने में समय की भी बचत होगी।

## 20 मार्च तक बकाया क़िस्त करे जमा

**रायबरेली।** मोहन त्रिपाठी,जिला प्रबंधक, उप्र अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम/जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रायबरेली ने बताया हैं कि जिन लाभार्थियों ने टर्म लोन/मार्जिन मनी/व्याज रहित एवं शैक्षणिक योजना के अंतर्गत ऋण लिए है वो अपने लोन की बकाया किस्तें 20 मार्च तक जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय स्थित कलेक्ट्रेट परिसर रायबरेली में किसी भी कार्य दिवस में आकर जमा कर दें। अथवा निगम के बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा हाथी पार्क रायबरेली के खाता सं0 00520100005472 में जमा करते हुए जमा रसीद की कॉपी कार्यालय में उपलब्ध करा दे अन्यथा की स्थिति में बकाये का भू राजस्व की भांति वसूली हेतु उनके विरुद्ध तुरंत आरसी जारी करने की कार्यवाही कर दी जाएगी।



## इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड रिसर्च का परिवहन मंत्री ने किया उद्घाटन

**रायबरेली।** योगी सरकार ने मंगलवार को रायबरेली को बड़ा तोहफ़ा दिया है। यहाँ आइडीटीआर यानि इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड रिसर्च का परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया है। यहाँ के हरचंदपुर इलाके में लखनऊ प्रयागराज मार्ग पर दतौली ग्राम में 12 एकड़ ज़मीन पर बना यह इंस्टिट्यूट प्रदेश का इकलौता संस्थान है जहाँ दक्ष एवं कुशल ड्राइवर तैयार होंगे। इस ड्राइविंग स्कूल में क्लास रूम स्टडी के अलावा सिंगल लेन से लेकर सिक्स लेन तक पर वाहन चलाने और उसके मैंटेनेंस का व्यवहारिक ज्ञान देने के बाद ही लाइसेंस जारी किया जायेगा। प्रदेश के इस इकलौते संस्थान की नींव 2014 में सोनिया गाँधी के प्रयासों से पड़ी थी। बाद में कोरोना के चलते काम में देरी हुई और अंततः इसे बीस करोड़ की लागत से तैयार इस संस्थान का लोकार्पण कर दिया गया।

# गरीब कन्या का विवाह करना सबसे बड़ा यज्ञ

- श्री फाउडेशन हर संभव मदद के लिए सदैव तत्पर : सुधा द्विवेदी

**लालगंज,रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

नगर व्यापार मंडल की ओर से निर्धन कन्या के विवाह कार्यक्रम मे तहत एक बिटिया के हांथ पीले किये गए। आयोजित समारोह में नगर अध्यक्ष राहुल भदौरिया की अगुवाई में व्यापार मंडल के सदस्यों व समाज के महनीय लोगों ने उत्साह से भाग लिया।

गरीब कन्याओं के विवाह को लेकर व्यापार मंडल की इस पहल को लोगों ने जमकर सराहना की। कार्यक्रम में शामिल होने पहुंची ने समाजसेवी व सरेनी विधानसभा की पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी सुधा द्विवेदी ने कन्या को आशीर्वाद देकर उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा



कि गरीब कन्याओं का विवाह करना सबसे बड़ा यज्ञ है। व्यापार मंडल के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि श्री फाउडेशन हर संभव मदद के लिए सदैव तत्पर है। सभी को ऐसे आयोजनों में बढ़-कर कर भागीदारी रखनी चाहिए।

इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष राहुल भदौरिया, प्रभारी अनिल गुप्ता, बीरेंद्र शुक्ला, राघवेंद्र सूर्यवंशी, संरक्षक राजू तिवारी, राहुल गुप्ता,किरण प्रचार मंत्री रमेश कौशल अमन सोनी विनोद वर्मा ऋषि होंडा सर्राफा अध्यक्ष अमरेश सोनी दीपेंद्र रस्तोगी दीपू गुप्ता पंकज सोनी अपने सोनी अभिनेश सोनी मनोज भदौरिया गुफरान शकील चांद बाबू विजय सोनकर बाराती अखिलेश सिंह संतोष मिश्रा महामंत्री विपिन कोषाध्यक्ष निर्मल राकेश गुप्ता रामू प्रजापति डा सलीम शशिराज विमल तिवारी प्रमोद तिवारी हरि शंकर श्रीवास्तव प्रमोद मिश्राआकर्षण द्विवेदी, सत्यम मिश्रा, रितिज आदि लोग मौजूद रहे।

# विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, भाई ने लगाया हत्या का आरोप

**डलमऊ,रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

डलमऊ कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पूरे ठकुराइन मजरे नरसवा गांव में बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत हो गई ससुरालजनों द्वारा बिना पोस्टमार्टम अंतिम संस्कार के लिए ले जाने लगे जिस पर मृतका के भाई द्वारा कोतवाली में तहरीर देकर हत्या का आरोप लगाते हुए पोस्टमार्टम कराने की मांग की है जिस पर डलमऊ पुलिस द्वारा पंचनामा की कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के पूरे गडरिया मजरे डलमऊ निवासी सूरज ने डलमऊ कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि उसकी बहन सोनी का विवाह लगभग 4 वर्ष पूर्व पूरे ठकुराइन मजरे नरसवा निवासी चंदन के साथ हुआ था लगभग 1 वर्ष से ससुरालीजन आए दिन बहन के साथ मार पीट करते थे सोमवार की देर रात गांव के ही लोगों ने फोन करके बताया कि सोनी की मृत्यु हो गई है जब भाई सूरज अन्य रिश्तेदारों के साथ मौके पर पहुंचा तो पति बिना पोस्टमार्टम के अंतिम संस्कार के लिए ले जाने लगे।

जिस पर सूरज द्वारा डलमऊ कोतवाली में तहरीर देकर हत्या की आशंका जताते हुए पोस्टमार्टम कराने की मांग की गई कोतवाली प्रभारी पवन कुमार सोनकर ने बताया कि मृतका के भाई सूरज द्वारा तहरीर दी गई है और पंचनामा की कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया घटना की जांच की जा रही है।

# बारातियों से भरी कार पलटी, छह घायल

**महराजगंज,रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

कोतवाली क्षेत्र के अंदुपुर से लखनऊ एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे लोग बछरावां रोड से हरचंदपुर को जाने वाले रास्ते पर नहर पुलिया मोड आ जाने से तेज तेज रफ्तार अल्टो कार अनियंत्रित होकर पलट गई।

जिसमें दूल्हे की बहन बहनोई चचेरे भाइयों समेत 6 लोग बुरी तरह घायल हो गए। वही आनंद फानन डायल 108 से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज लाया गया जहां सभी की हालत नाजुक देख डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। कोतवाली क्षेत्र के अंदूपुर गांव के रहने वाले सत्यम शुक्ला पुत्र उमेश कुमार शुक्ला की बारात लखनऊ के काली खेड़ा स्थित सुंदर वाटिका जा रही थी। वही एक ऑटो कार मे सवार दूल्हे के चचेरे



भाइयों प्रांजल शुक्ला (21) ,प्रफुल्ल शुक्ला (26), सूर्यकांत पांडे (25)पुत्र रमाकांत पांडे निवासी रामपुर ओसाह व अमेठी जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के पूरे केशव जाफरगंज के रहने वाले बहन बहनोई अजय दीक्षित पुत्र आनंद कुमार व अजय की पत्नी दिव्या तथा आजमगढ़ जनपद के भटौली के रहने वाले मनीष सिंह बारात में शामिल होने जा रहे थे। तभी वही महराजगंज बछरावां रोड पर रवना गांव के पास से हरचंदपुर को जाने वाली रास्ते पर पुलिया के पास अचानक सामने मोड आ जाने से तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे सभी कर सवार गंभीर रूप से घायल हो गए।

आसपास के लोगों और राहगीरों की मदद से सभी को बाहर निकल गया डायल 108 की मदद से महराजगंज समुदाय एक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## सीएम आज करेंगे शहीद गुलाब सिंह लोधी की प्रतिमा का अनावरण

**उन्नाव।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का विकास खण्ड फ्तेहपुर चौरासी के ग्राम चंद्रिका खेड़ा में 13 मार्च को भ्रमण प्रस्तावित है। सीएम का आज 12 बजे जनपद में आगमन होगा। इस दौरान मुख्यमंत्री शहीद गुलाब सिंह लोधी की मूर्ति का अनावरण तथा 241.261 करोड़ की लागत की कुल 103 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास करेंगे। इनमें 211.9094 करोड़ की 70 परियोजनाओं का शिलान्यास तथा 29.3516 करोड़ की 33 परियोजनाओं का लोकार्पण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय, काली मिट्टी में जनसभा को संबोधित किया जाएगा। साथ ही विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र/डमी चेक/स्वीकृति पत्र आदि का भी वितरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री लगभग 01:30 घंटे जनपद में रहने के पश्चात प्रस्थान करेंगे।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने 92 कार्मिकों को मास्टर ट्रेनर के रूप में किया नामित

- सभी नियुक्त मास्टर प्रशिक्षण स्थल पर आधा घण्टा पूर्व पहुँचकर अपनी उपस्थिति सहायक प्रभारी अधिकारी प्रशिक्षण को करेगें प्रस्तुत

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु मतदान कार्य में लगाये जाने वाले मतदान कार्मिकों को निर्वाचन सम्बन्धी सैद्धान्तिक एवं ईवीएम व वीवीपैट का व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किये जाने हेतु 92 कार्मिकों को मास्टर ट्रेनर के रूप में नामित करते हुए निर्देशित किया है कि 15 मार्च 2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन में आयोजित निर्वाचन सम्बन्धी प्रशिक्षण में स्वयं उपस्थित होकर समुचित प्रशिक्षण प्राप्त करना सुनिश्चित करें, जिससे मतदान कार्मिकों के आयोजित प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर के रूप में नामित कार्मिक द्वारा मतदान कार्मिकों को निर्वाचन एवं ईवीएम व वीवीपैट के सम्बन्ध में पूर्ण रूप से प्रशिक्षित किया जा सके। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त नियुक्त मास्टर ट्रेनर को निर्देशित किया है कि मतदान कार्मिकों के आयोजित होने वाले प्रशिक्षण में प्रशिक्षण स्थल पर उपस्थित होकर कार्मिकों को निर्वाचन सम्बन्धी सैद्धान्तिक एवं ईवीएम व वीवी पैट का गहनतापूर्वक प्रशिक्षण दिया जाना सुनिश्चित करें। सभी नियुक्त मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण तिथियों में प्रशिक्षण स्थल पर प्रशिक्षण प्रारम्भ होने से आधा घण्टा पूर्व पहुँचकर अपनी उपस्थिति सहायक प्रभारी अधिकारी प्रशिक्षण को प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेगें। सम्बन्धित मास्टर ट्रेनर बिना जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी की अनुमति के अपना मुख्यालय नही छोड़ेंगे।

# परिवहन मंत्री ने बछरावां बस स्टॉप का किया लोकार्पण

- क्षेत्रीय प्रबंधक परिवहन विभाग ने आश्वासन देते हुए कहा की बछरावां को मिलेगी सुविधाएं

**बछरावां,रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

राज्य सड़क एवं परिवहन राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार दयाशंकर सिंह ने वर्चुअल रूप से उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन निगम द्वारा निर्मित बछरावां बस स्टॉप का लोकार्पण कार्यक्रम संपन्न किया।

इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर पूर्व विधायक रामलाल अकेला एवं मुख्य अतिथि के तौर पर नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी ने कार्यक्रम में शिरकत की कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व




विधायक रामलाल अकेला ने बछरावा मे बछरावां से हैदरगढ़ वाया बाराबंकी बस सेवा, लखनऊ से बनारस को चलने वाली रोडवेज बस सेवा का ठहराव, विंध्याचल तक मासिक बस की सुविधा, साथ ही साथ बछरावां से राजामऊ, कटरा, मदाखेड़ा, मौरावा, पुरवा, उन्नाव होते हुए कानपुर तक बस सेवा देने के लिए अधिकारियों से आग्रह किया, और बस स्टॉप पर शुद्ध पेयजल एवं टिकट की व्यवस्था करने की मांग की। जिस पर एमएल केसरवानी क्षेत्रीय प्रबंधक परिवहन विभाग ने आश्वासन देते हुए कहा की जल्द ही बछरावां को ये सुविधाएं प्रदान की जाएगी ताकि यहां के लोगों को परिवहन विभाग की बसों के द्वारा बनारस, विंध्याचल और कानपुर जाने में किसी भी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े। कार्यक्रम के इस मौके पर विनोद कुमार सेवा प्रबंधन परिवहन विभाग, प्रवेश वर्मा मंडल अध्यक्ष भाजपा,कोतवाली प्रभारी विजेंद्र प्रसाद शर्मा, सभासद कुंवर वीरभान सिंह, शिवम मिश्रा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष, मनोज मिश्रा मीडिया प्रभारी भाजपा, मयंक रंजन द्विवेदी, रण बहादुर सिंह रन्नू सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# खेत में कारीगर का शव मिलने से सनसनी

- घटना की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस के आला अफसर शुरू की जांच पड़ताल

**शिवगढ़,रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

थाना क्षेत्र अंतर्गत शटरिंग कारीगर का संदिग्ध परिस्थितियों में सरसो के खेत में शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा की कार्यवाही करते हुए पीएम के लिए भेज दिया।

वहीं घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है परिजनों ने युवक की हत्या की आशंका जताते हुए थाने में अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है जानकारी के मुताबिक शिवगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत गंगांखेड़ा मजरे बहादुर नगर निवासी शटरिंग कारीगर सहजराम पुत्र दीनदयाल उम्र लगभग 32 वर्ष का शव मंगलवार की सुबह गांव के बाहर सरसों के खेतों में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई सूचना पर पहुंची शिवगढ़ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा की कार्यवाही करते हुए पोस्टमार्टम के



लिए भेज दिया और फोरेंसिक टीम के साथ मिलकर जांच पड़ताल शुरू कर दी वही मृतक के पिता दीनदयाल के मुताबिक उनका बेटा सहज राम पड़ोस के गांव में एक युवक के यहां शटरिंग लगाने गया था। सोमवार की देर रात जब वह घर वापस नहीं लौटा तो उसके फोन से संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन कुछ पता ना चल सका मंगलवार की सुबह जब गांव की महिलाएं गांव के बाहर खेतों की ओर जानवरों के लिए हरा चारा लेने के लिए गई हुई थी तो सरसों के खेत में सहजराम का शव देखा तो उन्ही के द्वारा हम लोगों को जानकारी हुई जब हम लोग यहां पहुंचे तो देखा कि मृतक के दोनों हाथ बंधे हुए थे एवं गले में मफलर कसा हुआ था यह सब कैसे हुआ कुछ कह नहीं सकते वही घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए शिवगढ़ थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर दी है।

घटना की जानकारी मिलते पुलिस के आला अफसर भी मौके पर पहुंच गए और जांच पड़ताल शुरू कर दी। इस मामले में अपर पुलिस अधीक्षक रायबरेली नवीन कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि शिवगढ़ थाना क्षेत्र के गंगा खेड़ा गांव के बाहर सरसों के खेत में एक युवक का शव मिलने की जानकारी हुई थी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है एवं शव को शिवगढ़ पुलिस द्वारा कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया गया है।

## ज्वेलर्स की दुकान से चोरी करने वाला युवक चढ़ा पुलिस के हत्थे



**उन्नाव।** बीघापुर नगर पंचायत में संचालित एक ज्वेलर्स की दुकान पर 5 मार्च को जेवर खरीदने आए दो युवकों ने मौका पाकर दुकान के शो-केस में रखे सोने के लॉकेट पार कर दिए थे। पुलिस ने चोर को माल के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है। नगर पंचायत में शिवशंकर पुत्र विजयबहादुर निवासी मेहरबानखेड़ा ज्वेलर्स की दुकान का संचालन करते हैं। शिव शंकर ने थाने में सोने के लॉकेट चोरी होने का मामला पंजीकृत कराया था। थाना अध्यक्ष राजपाल ने बताया कि दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरी करने वाले युवक सूरज गुप्ता पुत्र राधे श्याम गुप्ता उम्र 28 निवासी पोनी रोड अंबेडकर पार्क के पास थाना गंगाघाट को सोने के दो लॉकेट समेत लालकुआं तिराहे से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि 5 मार्च को ज्वेलर्स की दुकान पर आए दो अपरिचित लोगों ने दुकानदार शिवशंकर से चांदी के जेवर दिखाने को कहा। दुकानदार लघुशंका करने जाने के दौरान दोनों युवकों द्वारा दुकान के शो-केस में रखी लोकेट पार कर दी थी। दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उपनिरीक्षक जयप्रकाश व सिपाही विकास कुमार ने गिरफ्तार किया।

**बयान** — कथा वाचक बोले मनुष्य से गलती होना बड़ी बात नहीं लेकिन इसका समय रहते सुधार और प्रायश्चित जरूरी

# श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन राजा परीक्षित का प्रसंग सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु

**लालगंज, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

विकासखंड लालगंज के अंतर्गत कनकापुर गांव में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन मंगलवार को कथा वाचक आचार्य ललित कृष्ण शास्त्री जी महाराज ने राजा परीक्षित संवाद, शुकदेव जन्म सहित अन्य प्रसंग सुनाया। कथा वाचक ने कहा कि मनुष्य से गलती हो जाना बड़ी बात नहीं। लेकिन ऐसा होने पर समय रहते सुधार और प्रायश्चित जरूरी है। ऐसा नहीं हुआ तो गलती पाप की श्रेणी में आ जाती है। कथा व्यास ने पांडवों के जीवन में होने वाली श्रीकृष्ण की



कृपा को बड़े ही सुंदर ढंग से दर्शाया। कथा व्यास ने शुकदेव परीक्षित संवाद का वर्णन करते हुए कहा कि एक बार राजा परीक्षित शिकार के लिए वन में गए। वन्य पशुओं के पीछे दौड़ने के कारण वे प्यास से व्याकुल हो गए व जलाशय की खोज में इधर उधर घूमते-घूमते वे शमीक ऋषि के आश्रम में पहुंच गए।

वहां पर शमीक ऋषि नेत्र बंद किए हुए व शांतभाव से एकासन पर बैठे हुये ब्रह्मध्यान में लीन थे। राजा परीक्षित ने उनसे जल मांगा किंतु ध्यानमग्न होने के कारण शमीक ऋषि ने कुछ भी उत्तर नहीं दिया। सिर पर स्वर्ण मुकुट पर निवास करते हुए कलियुग के प्रभाव से राजा परीक्षित को प्रतीत हुआ कि यह ऋषि ध्यानस्थ होने का ढोंग कर के मेरा अपमान कर रहा है। उन्हें ऋषि पर बहुत क्रोध आया। उन्होंने अपने अपमान का बदला लेने के उद्देश्य से पास ही पड़े हुये एक मृत सर्प को अपने धनुष की नोक से उठा कर ऋषि के गले में डाल दिया और अपने नगर वापस लौट आए। कथा वाचक आचार्य ललित कृष्ण शास्त्री जी महाराज ने कहा शमीक ऋषि तो ध्यान में लीन थे उन्हें ज्ञात ही नहीं हो पाया कि उनके साथ राजा ने क्या किया है,किंतु उनके पुत्र ऋंगी ऋषि को जब इस बात का पता चला तो उन्हें राजा परीक्षित पर बहुत क्रोध आया। ऋंगी ऋषि ने सोचा कि यदि यह राजा जीवित रहेगा तो इसी प्रकार ब्राह्मणों का अपमान करता रहेगा।इस प्रकार विचार करके उस ऋषिकुमार ने कमंडल से अपनी अंजुल में जल लेकर तथा उसे मंत्रों से अभिमंत्रित करके राजा परीक्षित को यह श्राप दे दिया कि जा तुझे आज से सातवें दिन तक्षक सर्प डसेगा। शमीक ऋषि को जब यह पता चला तो उन्होंने दिव्य दृष्टि से देखा कि यह तो महान धर्मात्मा राजा परीक्षित हैं और यह अपराध इन्होंने कलियुग के वशीभूत होकर किया है।

शमीक ऋषि ने जब यह सूचना जाकर परीक्षित महाराज को दी तो वह अपना राज्य अपने पुत्र जन्मेजय को सौंप कर गंगा नदी के तट पर पहुंचे। वहां बड़े ऋषि ,मुनि,देवता आ पहुंचे और अंत में व्यास नंदन शुकदेव वहां पहुंचे।

# अलग-अलग हादसे में किशोरी समेत छह लोग घायल

**उन्नाव। समृद्धि न्यूज**

बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में अलग-अलग मार्गो पर दुर्घटनाओं में एक किशोरी और एक किशोर सहित कुल छः लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सरकारी एंबुलेंस ने सभी घायलों को यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। नगर के मोहल्ला सैय्यदवाड़ा निवासी अमन 32 पुत्र चांद मोहल्ले के ही तनवीर 17 पुत्र वसीम के साथ बाइक से मंगलवार को गंजमुरादाबाद जा रहा था तभी रास्ते में आगरा लखनऊ एक्सप्रेस-वे अंडरपास के निकट तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक खड़े ट्रक के पीछे जा टकराई। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके अलावा जिला कानपुर के कस्बा शिवराजपुर निवासी अंकित 21 पुत्र शिवकुमार अपनी रिस्तेदार मुकेश पाल निवासी ग्राम गौरैया खुर्द की पुत्री दिव्यांशी पाल 15 और पुत्र कृष्णपाल 12 को बाइक से लेकर गांव गौरैया खुर्द जा रहा था तभी रास्ते में आज ग्राम मऊ के निकट अचानक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। हादसे में तीनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। एक अन्य दुर्घटना में नगर निवासी ललित कुमार 22 पुत्र साहबलाल भी घायल हुआ है। सूचना पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस सभी घायलों को यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। जहां चिकित्सकों द्वारा घायलों का इलाज जारी है।

## सिलेंडर में आग लगने से गृहस्थी का सामान जला

**उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के जुराखन खेड़ा गांव में मंगलवार दोपहर लीकेज सिलेंडर में आग लग गई। जिससे घर में मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। आग की सूचना दमकल को दी गई। सूचना पर पहुंचे दमकल ने किसी तरह आग को बुझाया। जुराखनखेड़ा निवासी दुर्गेश के घर में मंगलवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे उनकी भाभी खाना बना रही थी, तभी लीकेज सिलेंडर में आग गई। आग की लपटें देख घर में मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया और सभी बाहर की ओर भागे। ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग नहीं बुझ सकी। जिस पर फायर बिग्रेड को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने सिलेंडर की आग बुझाई।

## बाग में फांसी से लटका मिला युवक का शव

**उन्नाव।** कोतवाली सफीपुर क्षेत्र के एक गांव में युवक ने आम के बाग में गमछे से फंदा बना कर फांसी लगाकर कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के नैनीखेड़ा गांव में शंकर के 25 वर्षीय पुत्र अनिल ने मंगलवार की दोपहर को एक आम के बाग में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

**महत्वपूर्ण सूचना**

दिनांक 12.03.2024 को विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित 'होली विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि' संबंधी सार्वजनिक सूचना में आंशिक संशोधन किया गया है, जो निम्नानुसार है:–

- रेलगाड़ी सं. 01663 सहरसा जं. – आनंद विहार (ट) को रेलगाड़ी सं. 01661 सहरसा जं. – आनंद विहार (ट) त्यौहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी पढ़ा जाए।

नोट : अन्य विवरण पूर्ववत् रहेगा।

रेलयात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए हमें खेद है।

रेलयात्रियों को परामर्श दिया जाता है कि रेलमदद हेल्पलाईन सं. 139 अथवा NTES App पर रेलगाड़ियों की स्थिति देखकर अपनी यात्रा प्लान करें।

रेलमदद वेबसाइट देखें: www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

784/2024

## निवेश सुविधा समझौते को रोकना कितना जायज

डब्ल्यूटीओ का 13वां मंत्रिस्तरीय सम्मेलन अभी संपन्न हुआ है जिसमें इस बात पर भारी उत्सुकता दिखी कि क्या डब्ल्यूटीओ में एक और प्लुरिलेटरल समझौता, यानी एक समझौता जिसमें डब्ल्यूटीओ के सभी देश नहीं, बल्कि कुछ ही देश शामिल होंगे, जिसका नाम है विकास के लिए निवेश सुविधा समझौता (आईएफएडी) शामिल हो पाएगा? गौरतलब है कि इस प्रस्तावित समझौते को 120 से अधिक देशों का समर्थन प्राप्त था, यानी इसमें विश्व व्यापार संगठन की सदस्यता 70 प्रतिशत से अधिक देश शामिल थे। महत्वपूर्ण है कि डब्ल्यूटीओ एक बहुपक्षीय संगठन है, इसके अधिकांश समझौते प्रकृति में बहुपक्षीय रहे हैं, जिन्हें सभी सदस्य देशों ने मान्य किया। लेकिन विश्व व्यापार संगठन के गठन से पहले भी 'गैट' के अंतर्गत प्लुरिलेटरल समझौते होने की मिसालें हैं। लेकिन हमें यह भी ध्यान रखना चाहिए कि यद्यपि डब्ल्यूटीओ नियमों के तहत प्लुरिलेटरल समझौतों की अनुमति है, लेकिन डब्ल्यूटीओ में, बहुपक्षीय समझौते नियम हैं, जबकि प्लुरिलेटरल अपवाद हैं। आईएफएडी पर नाटक तब अचानक समाप्त हो गया जब भारत और दक्षिण अफ्रीका ने डब्ल्यूटीओ में इस प्लुरिलेटरल समझौते की कानूनी अस्वीकार्यता के बारे में डब्ल्यूटीओ में 13वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में एक पेपर प्रस्तुत किया। आईएफएडी विश्व व्यापार संगठन द्वारा प्रस्तावित एक व्यापार समझौता है। इसका उद्देश्य निवेश प्रवाह को सुविधाजनक बनाने के लिए कानूनी रूप से बाध्यकारी प्रावधान बनाना है। इसके लिए राज्यों को विनियामक पारदर्शिता और निवेश उपायों की पूर्वानुमेयता बढ़ाने की आवश्यकता है। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि यद्यपि प्रत्येक अंतरराष्ट्रीय समझौता घरेलू नियमों के दायरे को सीमित करता है, आईएफएडी के मामले में यह स्थिति अधिक भयावह थी और निवेश सुविधा के नाम पर सदस्य देशों के संप्रभु अधिकारों की तिलांजलि दिए जाने का प्रावधान था। आईएफएडी को लेकर आम तौर पर समझौते, चाहे प्लुरिलेटरल हों या बहुपक्षीय, तब बनते हैं जब देशों का एक समूह एक मान्य नियमावली पर सहमत होने के लिए इकट्ठा होता है, जिसका किसी मामले पर पालन किया जाएगा, और यह एक दूसरे के लिए पारस्परिक लाभ के लिए होता है। हालांकि आईएफएडी की खासियत यह है कि इस प्रस्तावित आईएफएडी को एक देश (चीन) ने अपने लाभ के लिए आगे बढ़ाया और एक प्रमुख सैन्य और आर्थिक शक्ति चीन द्वारा दबाव डालकर अन्य सदस्यों से आंख मूंद कर हस्ताक्षर करवाए गए। चीन का एकमात्र उद्देश्य आईएफएडी सदस्य देशों को अपने-अपने देशों में निवेश की सुविधा के लिए मजबूर करके अपने आर्थिक हितों को बढ़ावा देना है। प्रस्तावित समझौता सदस्य देशों को अपनी प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करके, मानक प्रथाओं को शुरू करने और नौकरशाही बाधाओं से बचकर किसी भी विदेशी इकाई द्वारा निवेश की सुविधा प्रदान करने का आदेश देता है। यह समझ में आता है कि पिछले एक दशक में चीन, विकासशील और यहां तक कि कुछ विकसित देशों को चीन द्वारा ही बनाई जा रही बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के उदार वित्तपोषण का लालच देकर ऋण जाल में धकेलने के अपने विस्तारवादी एजेंडे को आगे बढ़ा रहा है। वर्तमान में बेल्ट रोड पहल की आड़ में चीन की ऋण जाल कूटनीति के कारण कई देश पहले से ही कर्ज में डूबे हुए हैं। श्रीलंका, पाकिस्तान, बांग्लादेश और कई अफ्रीकी देशों को चीन पहले ही अपनी इस कर्ज जाल कूटनीति से बर्बाद कर चुका है। प्रस्तावित समझौते से चीन को लूट, डकैती और अधीनता के लिए नए चारागाह प्राप्त करने में आसानी होती। बीआरआई के साथ चीन को एक नई विस्तारवादी शक्ति के रूप में देखा जा रहा है।

**मोदी राज के दो कार्यकालों में जिस प्रकार, शासन की धर्मनिरपेक्षता के विचार को भीतर से खोखला कर, व्यवहार में हिंदू-श्रेष्ठ्ता का राज कायम किया गया है, उसे औपचारिक रूप से एक हिंदू राज के रूप में कायम किए जाने का काम अब भी बाकी है। जैसा कि आसानी से अनुमान लगाया जा सकता था, अपने लोकसभा सदस्य, अनंत कुमार हेगड़े के बयान से भाजपा ने किनारा कर लिया है। कर्नाटक से भाजपा के वरिष्ठ्ठ सांसद, हेगड़े ने एक सार्वजनिक सभा में 2024 के आम चुनाव के भाजपा के नारे, अब की बार चार सौ पार का खुलासा करते हुए बताया था कि इसका मकसद, श्संविधान में तब्दीलीश् का रास्ता बनाना है। अपने सांप्रदायिक बयानों से बहुत बार विवाद खड़े करने वाले भाजपा सांसद ने यह तो नहीं बताया कि इसके पीछे संविधान में ठीक-ठीक क्या बदलाव करने का लक्ष्य है।**

# चार सौ पार के डरावने सपने

राजेंद्र शर्मा



**मोदी राज के दो कार्यकालों में जिस प्रकार, शासन की धर्मनिरपेक्षता के विचार को भीतर से खोखला कर, व्यवहार में हिंदू-श्रेष्ठ्ता का राज कायम किया गया है, उसे औपचारिक रूप से एक हिंदू राज के रूप में कायम किए जाने का काम अब भी बाकी है। बहरहाल, चार सौ पार का नारा देना और प्रायोजित भीड़ों से, जिनमें सरकारी खर्चे पर, इंटरनैट क्रिएटर्स का सम्मान करने के नाम पर जुटायी गयीं, बिकाऊ सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स की भीड़ें भी शामिल हैं।**

भाजपा की ये असली प्रचार प्राथमिकताएं, जिन्हें हेगड़े ने नासमझी में या असावधानी वश उजागर कर दिया है, कम से कम इतना तो साफ कर ही देती हैं कि प्रधानमंत्री मोदी की विकसित भारत बनाने की घोषणाएं तो, उनका राजनीतिक-चुनावी मुखौटा भर हैं। उनका और उनकी पार्टी तथा उसके संघ परिवार का असली मुख तो, उसका हिंदुत्ववादी सांप्रदायिकता का चेहरा ही है, जो संविधान से औपचारिक रूप से धर्मनिरपेक्षता के विचार को ही बाहर करने के लिए उतावला है।

मोदी राज के दो कार्यकालों में जिस प्रकार, शासन की धर्मनिरपेक्षता के विचार को भीतर से खोखला कर, व्यवहार में हिंदू-श्रेष्ठता का राज कायम किया गया है, उसे औपचारिक रूप से एक हिंदू राज के रूप में कायम किए जाने का काम अब भी बाकी है। जैसा कि आसानी से अनुमान लगाया जा सकता था, अपने लोकसभा सदस्य, अनंत कुमार हेगड़े के बयान से भाजपा ने किनारा कर लिया है। कर्नाटक से भाजपा के वरिष्ठ्ठ सांसद, हेगड़े ने एक सार्वजनिक सभा में 2024 के आम चुनाव के भाजपा के नारे, अब की बार चार सौ पार का खुलासा करते हुए बताया था कि इसका मकसद, संविधान में तब्दीली का रास्ता बनाना है। अपने सांप्रदायिक बयानों से बहुत बार विवाद खड़े करने वाले भाजपा सांसद ने यह तो नहीं बताया कि इसके पीछे संविधान में ठीक-ठीक क्या बदलाव करने का लक्ष्य है। फिर भी खबरों के अनुसार उन्होंने इसका इशारा जरूर दे दिया कि ये बदलाव हिंदुत्ववादी सांप्रदायिकता के तकाजों को पूरा करने वाले होंगे और यह भी कि निशाने पर संविधान की उद्देश्यिका होगी। उनका कहना था कि अतीत में कांग्रेस की सरकार ने संविधान में ऐसे अनावश्यक प्रावधान जोड़े थे जो हिंदू समुदाय को दबाने वाले प्रावधान हैं। इन्हें ही हटाने के लिए भाजपा को चार सौ पार चाहिए! यह समझना मुश्किल नहीं है कि भाजपा सांसद का निशाना संविधान की उद्देश्यिका में जोड़े गए धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत पर था।

बेशक, भाजपा ने हेगड़े के बयान को उनके निजी विचार कहकर, अपना पल्ला झाड़ लिया है। इतना ही नहीं, चुनाव के मौसम में, संविधान बदलने की नीयत और इरादों पर उठ सकने वाले विवाद से बचने की कोशिश में, भाजपा ने अपने सांसद से उसके बयान पर स्पष्टीकरण भी मांग लिया है, हालांकि इस स्वांग को शायद ही कोई गंभीरता से लेगा। ऐसे मामलों में भाजपा द्वारा मांगे गए स्पष्टीकरणों का हस्र किसी से छुपा हुआ नहीं है। स्वाभाविक रूप से हेगड़े के बयान पर, विपक्ष की तीखी प्रतिक्रियाएं आयी हैं। हैरानी की बात नहीं होगी कि भाजपा के पल्ला झाड़ने के स्वांग के बावजूद, मोदी की तीसरी पारी के इन मंसूबों की गूंज आने वाले दिनों में चुनाव प्रचार में सुनाई दे।

बहरहाल, हेगड़े के बयान के भाजपा का आधिकारिक रुख होने न होने से अलग, और यहां तक कि मोदी को तीसरा कार्यकाल मिल जाता है तो उसके वास्तव में ठीक-ठीक ऐसा ही करने से भी अलग, हेगड़े का यह बयान निर्विवाद रूप से यह तो दिखाता ही है कि भाजपा, लोगों के बीच क्या और कैसी अपेक्षाएं तथा उम्मीदें जगाने के जरिए, अपने चुनावी समर्थन को पुख्ता करने की कोशिश कर रही है। धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत का संविधान-निकाला (और जाहिर है कि देश-निकाला भी) इन अपेक्षाओं में शीर्ष पर है। भाजपा की ये असली प्रचार प्राथमिकताएं, जिन्हें हेगड़े ने नासमझी में या असावधानी वश उजागर कर दिया है, कम से कम इतना तो साफ कर ही देती हैं कि प्रधानमंत्री मोदी की विकसित भारत बनाने की घोषणाएं तो, उनका राजनीतिक-चुनावी मुखौटा भर हैं। उनका और उनकी पार्टी तथा उसके संघ परिवार का असली मुख तो, उसका हिंदुत्ववादी सांप्रदायिकता का चेहरा ही है, जो संविधान से औपचारिक रूप से धर्मनिरपेक्षता के विचार को ही बाहर करने के लिए उतावला है।

मोदी राज के दो कार्यकालों में जिस प्रकार, शासन की धर्मनिरपेक्षता के विचार को भीतर से खोखला कर, व्यवहार में हिंदू-श्रेष्ठ्ता का राज कायम किया गया है, उसे औपचारिक रूप से एक हिंदू राज के रूप में कायम किए जाने का काम अब भी बाकी है। मोदी के दूसरे कार्यकाल में, सीएए कानून के जरिए नागरिकता की परिभाषा में धार्मिक समुदाय आधारित विभाजन के रोपे जाने से लेकर, संविधान की धारा-370 के अंत तथा जम्मू-कश्मीर के विभाजन तथा उसका दर्जा गिराए जाने के जरिए, देश के इकलौते मुस्लिम बहुल राज्य को उसके मुस्लिम बहुल होने की सजा दिए जाने और मणिपुर में बहुसंख्यकवादी राज कायम करने के लिए गृहयुद्ध जैसे हालात पैदा किए जाने आदि के जरिए, व्यवहार में धर्मनिरपेक्षता का गला घोंटने के लिए बहुत तेजी से कदम उठाए गए हैं। अब उसे औपचारिक रूप देने की, संविधान में रोपने की मंशा हैय बशर्ते देश और जनता ने उसे ऐसा करने दिया!

बहरहाल, चार सौ पार का नारा देना और प्रायोजित भीड़ों से, जिनमें सरकारी खर्चे पर, इंटरनैट क्रिएटर्स का सम्मान करने के नाम पर जुटायी गयीं, बिकाऊ सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स की भीड़ें भी शामिल हैं, यह नारा लगवाना तो आसान है और देसी-विदेशी कारपोरेटों की ओर से आ रही पैसे की बाढ़ के बल पर, श्चार सौ पारश् भांति-भांति के घोषित-अघोषित विज्ञापनों के जरिए आम लोगों की जुबान पर चढ़ा देना भी बहुत मुश्किल नहीं है, लेकिन इसे सच कर पाना, लगभग असंभव होने की हद तक मुश्किल है। ऐसा लगता है कि खुद मोदी एंड कंपनी को, इस सच्चाई का बखूबी अंदाजा है। इसीलिए, चुनाव के नगाड़ों की आवाज जैसे-जैसे निकट आती जा रही है, वैसे-वैसे सत्ताधारी पार्टी के चुनावी प्रबंधक, जिनमें उसके श्शीर्ष दोश् भी शामिल हैं, दूसरी पार्टियों में दल-बदल कराने तथा नेताओं की खरीद के खुदरा काम से आगे, जिसमें ईडी तथा सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियां बढ़-चढ़कर मदद कर रही हैं, पूरी की पूरी राजनीतिक पार्टियों को खरीदकर, अपने खेमे में लाने में भी जुट गए हैं।

## विचार

# कांग्रेस के डूबते जहाज में मची है नेताओं की भगदड़

योगेंद्र योगी

**आश्चर्य की बात यह है कि एक तरफ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पहले देश में एकता यात्रा और उसके बाद अब न्याय यात्रा निकाल रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ राहुल गांधी और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता कांग्रेस में व्याप्त हताशा को रोकने के लिए कोई मजबूत उपाय नहीं कर सके। पार्टी से एक के बाद एक वरिष्ठ नेता कांग्रेस का दामन छोड़ने में लगे हुए हैं। कांग्रेस की बात करें तो पांच बड़े नेताओं ने पिछले एक महीने के अंदर पार्टी छोड़ी है। कमलनाथ इस सूची में छठा नाम हो सकते हैं। चुनाव की तारीख का ऐलान होने में एक महीने से भी कम समय बचा है। ऐसे में कांग्रेस के लिए नई रणनीति बनाना और जीत हासिल करना बेहद मुश्किल होगा। बड़े नेताओं के दल बदलने से सबसे ज्यादा नुकसान कांग्रेस को हुआ है, लेकिन बीजेपी भी इससे नहीं बच पाई है।**

देश में भाजपा के बढ़ते प्रभाव और कांग्रेस की कमजोर पड़ती सत्ता से कांग्रेसियों में भगदड़ मची हुई है। दरअसल कांग्रेस के डूबते राजनीतिक जहाज में सवार नेताओं को अपना भविष्य डूबने का खतरा सता रहा है। यही वजह है कि कांग्रेस की हालत आयाराम-गयाराम जैसी हो गई है। लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस छोडने वाले नेताओं की लंबी फेहरिस्त सामने आ चुकी है। यह सिलसिला लोकसभा चुनाव तक जारी रहने की उम्मीद है। कांग्रेस में बदहवासी का आलम यह है कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार गिरते-गिरते बची है। राज्यसभा के निर्वाचन में हुई क्रास वोटिंग का सर्वाधिक खामियाजा कांग्रेस ने भुगता है। क्रास वोटिंग करने वाले नेताओं को इस बात का अंदाजा लग गया कि इस राजनीतिक पार्टी में भविष्य सुरक्षित नहीं है। यही वजह रही कि बहती गंगा में हाथ धोने से कांग्रेस के नेता बाज नहीं आए।

आश्चर्य की बात यह है कि एक तरफ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पहले देश में एकता यात्रा और उसके बाद अब न्याय यात्रा निकाल रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ राहुल गांधी और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता कांग्रेस में व्याप्त हताशा को रोकने के लिए कोई मजबूत उपाय नहीं कर सके। पार्टी से एक के बाद एक वरिष्ठ नेता कांग्रेस का दामन छोड़ने में लगे हुए हैं। कांग्रेस की बात करें तो पांच बड़े नेताओं ने पिछले एक महीने के अंदर पार्टी छोड़ी है। कमलनाथ इस सूची में छठा नाम हो सकते हैं। चुनाव की तारीख का ऐलान होने में एक महीने से भी कम समय बचा है। ऐसे में कांग्रेस के लिए नई रणनीति बनाना और जीत हासिल करना बेहद मुश्किल होगा। बड़े नेताओं के दल बदलने से सबसे ज्यादा नुकसान कांग्रेस को हुआ है, लेकिन बीजेपी भी इससे नहीं बच पाई है। सत्ताधारी पार्टी के तीन बड़े नेता पाला बदल चुके हैं। खास बात यह है कि तीनों नेता कांग्रेस में शामिल हुए हैं। इसके अलावा आम आदमी पार्टी के अशोक तंवर भी बीजपी का हिस्सा बन चुके हैं। हालांकि, बीजेपी का साथ छोड़कर कांग्रेस में जाने वाले आखिरी बड़े नेता जी विवेक थे, जिन्होंने नवंबर 2023 में ऐसा किया था। इसके बाद से पार्टी अपने नेताओं को बांधकर रखने में सफल रही है।

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ पार्टी के हाई कमान से नाराज हैं और बीजेपी में शामिल हो सकते हैं। अगर कमलनाथ कांग्रेस छोड़ते हैं तो वह ऐसा करने वाले कांग्रेस के पहले पूर्व मुख्यमंत्री नहीं होंगे। उनसे पहले 12 नेता ऐसा कर चुके हैं। खास बात यह है कि कमल नाथ की वजह से कांग्रेस छोड़ने वाले ज्योतिरादित्य सिंधिया पहले ही बीजेपी का हिस्सा हैं। कुछ नेताओं ने अपनी पार्टी बनाई तो वहीं कुछ नेता दूसरी पार्टी में शामिल हो गए। इस सूची में सबसे ज्यादा तीन पूर्व मुख्यमंत्री गोवा के हैं।

गोवा के दिगंबर कामत, रवि नाइक और लुइजिन्हो फलेरियो ऐसे नेता हैं, जो कांग्रेस सरकार में मुख्यमंत्री रहे, लेकिन बाद में पार्टी छोड़ दी। इनमें से दिगंबर और रवि ने तो अंत में बीजेपी का दामन थामा, लेकिन फलेरियो पहले टीएमसी में रहे फिर इस पार्टी से भी अलग हो गए। अगले कुछ महीनों में लोकसभा के चुनाव हैं। इससे ठीक पहले जिस तरह कांग्रेस से दिग्गज नेता अलग हो रहे वो चौंकाने वाला है। कांग्रेस को झटके पर झटका उनकी पार्टी के नेता ही दे रहे हैं। चुनाव से ठीक पहले ही कांग्रेस के नेता पार्टी को छोड़ना शुरू कर देते हैं। कांग्रेस के कई पूर्व सीएम जैसे कि कैप्टन अमरिंदर सिंह, गुलाम नबी आजाद, एन. बिरेन सिंह, नारायण राणे, एसएम कृष्णा, शंकर सिंह वाघेला, पेमा खांडू और अशोक चव्हाण जैसे नेताओं का भी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से भरोसा समाप्त होता नजर आया। कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता एक तरफ तो पार्टी छोड़ चुके हैं। वहीं, दूसरी तरफ कई बड़े नेताओं के पार्टी छोड़ने की अटकलें लगाई जा रही हैं। महाराष्ट्र में तो कांग्रेस को एक के बाद एक प्रदेश के तीन दिग्गज नेताओं ने झटका दिया है। सबसे पहले पार्टी से एक महीने पहले मिलिंद देवड़ा ने इस्तीफा दिया। इसके बाद 8 फरवरी को बाबा सिद्दीकी ने पार्टी छोड़ने का ऐलान कर दिया और अब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण भी कांग्रेस की नाव से उतर चुके हैं। कांग्रेस के अंदर की अंतर्कलह आज से जारी नहीं है। राहुल गांधी के सबसे नजदीकी नेताओं में शामिल रहे दिग्गज भी अब बीजेपी के साथ हैं तो वहीं कांग्रेस में सोनिया गांधी के करीबी माने जाने वाले नेताओं में से रीता बहुगुणा जोशी, कैप्टन अमरिंदर सिंह और गुलाम नबी आजाद भी पार्टी का दामन छोड़ चुके हैं। कांग्रेस से युवा नेताओं का भी मोह भंग होता जा रहा है। इसका उदाहरण मिलिंद देवड़ा, ज्योतिरादित्य सिंधिया, जितिन प्रसाद, अल्पेश ठाकोर, हार्दिक पटेल, सुष्मिता देव, प्रियंका चतुर्वेदी, आरपीएन सिंह, अशोक तंवर जैसे नेता हैं, जो कांग्रेस से अलग हो चुके हैं। बिहार में अशोक चौधरी, असम के वर्तमान मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा शर्मा, सुनील जाखड़ के साथ अश्वनी कुमार जैसे भी नेता हैं जो पार्टी के काम करने के तरीके से नाखुश होकर पार्टी का दामन छोड़ चुके हैं। कांग्रेस ने पूरे देश में विपक्ष को एनडीए के खिलाफ इकठ्ठा करने के लिए इंडिया गठबंधन तैयार किया, तब उसे लगा था कि देश की सत्ता तक पहुंचने के लिए यह रास्ता आसान होगा। लेकिन, एक-एक कर इंडिया गठबंधन से पार्टियां अलग होती चली गईं।

# चुनावी बॉड्स पर बेनकाब होते मोदी

केंद्र को अब पारदर्शी चुनावी फंडिंग प्रणाली पर काम करना चाहिएसर्वोच्च न्यायालय को बधाई चुनावी बांड रद्द करने के आदेश से लोकतंत्र मजबूत हुआ भ्रष्टाचार को हटाने के नाम पर भरपूर शोर मचाकर केन्द्र की सत्ता में आई नरेन्द्र मोदी की भारतीय जनता पार्टी किस कदर खुद ही भ्रष्टाचार में डूबी हुई है, उसके कई मामले सामने आ चुके हैं, परन्तु इलेक्टोरल बॉड्स के मामले में उसने खूब पैसे कमाये हैं- यह धीरे-धीरे सामने आ रहा है। जिस प्रकार से सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई के दौरान स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के वकील शीर्ष न्यायालय द्वारा पिछली सुनवाई में मांगी गयी जानकारी देने से आनाकानी कर रहे हैं, उससे साफ जाहिर है कि वह कदाचार में पूर्णतः लिप्त है।

बॉड्स को असंवैधानिक करार देते हुए 15 फरवरी को शीर्ष अदालत ने निर्देश दिये थे कि एसबीआई 6 मार्च तक उन नामों को केन्द्रीय निर्वाचन आयोग को सौंपे जिन्होंने इलेक्टोरल बॉड्स खरीदे थे। किस राजनैतिक दल को कितना चंदा दिया गया, यह भी उसे सार्वजनिक करना था परन्तु एक दिन पहले बैंक ने यह कहकर 30 जून का समय मांगा कि जानकारी एकत्र करने में उसे समय लगेगा। कोर्ट ने 12 मार्च तक (मंगलवार) का समय निर्वाचन आयोग को दिया था कि वह प्राप्त जानकारी को अपने वेबसाइट पर डाले ताकि मतदाताओं को फैसला लेने में आसानी हो। साफ था कि चुनाव के पहले बैंक यह जानकारी देने की मंशा नहीं रखता और यह किसके दबाव में किया जा रहा है- यह बतलाने की जरूरत नहीं है। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सुनवाई के दौरान इस मामले में अपनी नाराजगी जाहिर की जब बैंक का पक्ष रखने वाले वकील हरीश साल्वे ने कहा कि बॉड्स खरीदने वालों का मिलान करने व डिकोड करने में समय लग रहा है। इस दलील को नामंजूर करते हुए मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता में बैठी 5 सदस्यीय खंडपीठ ने साफ किया कि ऐसा करने की उसे आवश्यकता नहीं है। बैंक को केवल बॉड्स खरीदने वाले 22 हजार लोगों के नाम देने हैं। चूंकि सभी खाते केवाईसी किये हुए हैं इसलिये इतना समय लगने का सवाल ही नहीं है।

कोर्ट ने नाराजगी व्यक्त करते हुए पूछा कि बैंक ने उसके निर्देशों के बाद से लेकर अब तक की अवधि में इस दिशा में क्या कार्रवाई की। आखिरकार, सर्वोच्च न्यायालय ने साफकर दिया कि स्टेट बैंक मंगलवार शाम तक वांछित जानकारी निर्वाचन आयोग को सौंपे जो 15 मार्च तक इसे अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित करेगा। अगर ऐसा न किया गया तो सम्बन्धित बैंक अधिकारियों पर अवमानना का मामला चलाया जायेगा। वैसे तो इस मुद्दे को लेकर मोदी सरकार का चेहरा पहले ही बेनकाब हो चुका है। कई तरह के पर्दो में इस जानकारी को छिपाये जाने की तमाम कोशिशों के बावजूद अनेक तथ्य जो सामने आये हैं उनसे साफहै कि मामला भाजपा की रिश्वतखोरी से अधिक कुछ नहीं है। 2017-18 में यह योजना मोदी सरकार लेकर आई थी। इसके तहत मिली राशि का 90 फीसदी से अधिक भाजपा को प्राप्त हुआ है। शेष बामुश्किल 10 फीसदी ही अन्य दलों तक पहुंच पाया। चुनावी बॉड्स के तहत धन पाने के लिये केन्द्र सरकार द्वारा केन्द्रीय जांच एजेंसियों का भी जमकर दुरुपयोग किये जाने की बात सामने आ चुकी है। विपक्षी दल, खासकर कांग्रेस साबित कर चुकी है कि चंदे के लिये प्रवर्तन निदेशालय, आयकर एवं सीबीआई के छापे डलवाये गये। बहुत से ऐसे व्यवसायिक उपक्रम थे जिन्होंने पहले कभी भी भाजपा को चंदा नहीं दिया था परन्तु कार्रवाइयों से बचने के लिये उन्हें भी ये बॉड्स खरीदकर भाजपा को आर्थिक मदद करनी पड़ी। कांग्रेस यह तथ्य भी सामने ला चुकी है कि किस प्रकार चंदा देने के बाद छापों से लोगों को निजात मिली है। इसी कारण भाजपा ने इसे सूचना के अधिकार से बाहर रखा था ताकि लोग यह न जान सकें कि किस तरह से भाजपा सत्ता के बल पर धन एकत्र कर रही है। इसके खिलाफ दायर याचिकाओं में इस प्रतिबन्ध को आरटीआई एवं नागरिक अधिकारों का हनन बतलाया था।



# राशिफल

**मेषः-** नए समीकरण लाभकारी कार्य क्षमता के परिचायक होंगे। प्रणय सम्बनध मे प्रगाढ़ता बढ़ेगी। आय-व्यय मे सन्तुलन बनने का प्रयत्न करें। आलस्य का त्याग करें। रोजगार के अवसर सुलभ होंगे।

**बृषभ :-** स्वयं पर भरोसा कर योजनाओं को सुचारु रूप से क्रियान्वित करें। संबंधों में सरल व व्यवहारिक बनने की कोशिश करें। आर्थिक चिंता संभव।

**मिथुनः-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में अवरोध मन को हतोत्साहित करेगा। संबंधों के प्रति नयी शिकायतें संभव। किसी विद्वान के विचारों से प्रभावित मन मे उत्साह का संचार होगा। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क :-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में प्रिरिश्रम तीव्र होगा। रोजगार में प्रगति संभव।

**सिंह :-** किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव।

**कन्या :-** समस्याओं के समाधान हेतु मन नए युक्तियों पर केन्द्रित होगा। महत्वपूर्ण कायरे के प्रति आलस्य न करें। छोटी-छोटी बातों पर क्रोधित न हो। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में प्रिरिश्रम तीव्र होगा।

**तुला :-** मन सकारात्मक विचारों से प्रभावित होगा। नाजुक संबंधों में सन्तुलित व मधुर वाणी का प्रयोग करें। कोई आपका अपना बिगड़े हुए सम्बन्धों मे सुधार कराएगा।

**वृश्चिक :-** सभी प्रकार के दायित्वों की पूर्ति हेतु सन्तुलित योजना पर चलें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय में संबंधों का सहयोग प्राप्त होगा। विरोधियों की प्रबलता से कठिनाइयां संभव। मधुर वाणी का प्रयोग करें।

**धनु :-** आज कुछ अच्छे आसारों से मन प्रफुल्लित रहेगा। रोजगार संबंधी यात्रा में अवरोध संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार है।

**मकर :-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में प्रिरिश्रम तीव्र होगा।

**कुंभ :-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर आप उत्साहित होंगे। नियोजित कार्यकुशलता प्रगति के लिए आशान्वित होंगे। सुखद कायरे की व्यस्तता रहेगी।

**मीन :-** क्षमता से परे किसी कार्य की जिम्मेदारी लेना हानिकार हो सकती है। विद्यार्थी शिक्षा मे लापरवाही ना करें। रोजगार में नए लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। जीवन साथी का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा।

# नैनीताल पर मंडराता हुआ खतरा

डॉ. ओ.पी. जोशी

**वर्ष 1900 में जब यहां की धारण क्षमता जानने की मांग उठी थी तब अध्ययन के आधार पर इसे 5000 की आबादी के लायक बताया था। कई प्रकरणों में सुप्रीम कोर्ट तथा राज्य की हाईकोर्ट ने झील के चारों तरफ पहाड़ियों की कमजोर ढलानों पर निर्माण कार्य प्रतिबंधित करने को कहा था। कुमाऊ विश्वविद्यालय ने अपने एक अध्ययन में 2016 में बताया था कि वर्ष 2005 से 2015 के मध्य प्रतिबंधित क्षेत्रों में 50 प्रतिशत निर्माण कार्य ज्यादा हुए हैं। राज्य के हाईकोर्ट ने 2017 में नागपुर के राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी संस्थान (नीरी) को यहां की धारण क्षमता का फिर से अध्ययन करने हेतु कहा था। वर्ष 2023 में मालरोड, टीफीन टॉप व व्यूपाइन्ट तथा आल्मा पहाड़ी पर हुए भूस्खलन की घटनाएं चेतावनी देती हैं कि नैनीताल भी जोशीमठ की राह पर अग्रसर है।**

नैनीताल उत्तराखण्ड का एक रमणीय पर्यटन स्थल है, जो 1939 मीटर की ऊँचाई पर बसा है। यहां की नैनी झील के चारों ओर फैली पहाड़ियों के कारण यह एक कटोरेनुमा शहर है। इस सुंदर शहर की खोज कुछ अंग्रेजों ने 1839 में की थी जब वे किसी कार्य से घूमते हुए यहाँ पहुंचे थे। वर्ष 1841 में बेंटन तथा बेरन नामक दो अंग्रेजों ने इसे बसाने का कार्य प्रारंभ किया एवं 1842 में यहां 10 मकान स्थानीय सामग्री से बनाये। यहां के प्राकृतिक सौंदर्य से आकर्षित हो अंग्रेज यहां धीरे-धीरे बसने लगे एवं 1901 तक यहा की आबादी 7500 के लगभग हो गयी।

वर्तमान में इसकी आबादी 80 हजार के आसपास है एवं इतने ही पर्यटक यहां गर्मी के मौसम में प्रति सप्ताह आते हैं। प्रसिद्ध भू-विज्ञानी प्रो. सीसी पंत के अनुसार नैनीताल शहर की भौगोलिक स्थिति यहां के अन्य शहरों से अलग है। शहर के बीच से गुजरने वाले एक प्रमुख भ्रंश (फाल्ट) के साथ छोटे-छोटे अन्य भ्रंश होने से यह शहर भूगर्भ के लिहाज से काफी संवेदनशील है। भूकम्प को लेकर बनाये गये जोन 04 में यह आता है। भूगर्भीय गतिविधियों से यहां भूकम्प



के झटके एवं पहाड़ियों पर भूस्खलन होता रहता है। यहां की पहाड़ियों पर भूस्खलन 1867 से ही हो रहा है। इसके बाद 1880, 1886, 1924, 1962 और 1970 में भी भूस्खलन हुए। यह भी पाया गया कि यहां 1962 के बाद भूस्खलन की रफ्तार बढ़ी। कहीं यह भी उल्लेखित है कि 1880 की किसी भूकम्पीय गतिविधि से मल्लीताल झील मैदान में तब्दील हुई थी। धारण क्षमता (कैरींग केपेसिटी) से ज्यादा निर्माण कार्य, वन-विनाश, खनन कार्य, कमजोर जल-मल प्रणाली आदि वजहों से वर्तमान में शहर के तीनों ओर की पहाड़ियां भूस्खलन से दरक रही हैं, जिससे शहर खतरे में है।

वर्ष 1900 में जब यहां की धारण क्षमता जानने की मांग उठी थी तब अध्ययन के आधार पर इसे 5000 की आबादी के लायक बताया था। कई प्रकरणों में सुप्रीमकोर्ट तथा राज्य की हाईकोर्ट ने झील के चारों तरफ पहाड़ियों की कमजोर ढलानों पर निर्माण कार्य प्रतिबंधित करने को कहा था। कुमाऊ विश्वविद्यालय ने अपने एक अध्ययन में 2016 में बताया था कि वर्ष 2005 से 2015 के मध्य प्रतिबंधित क्षेत्रों में 50 प्रतिशत निर्माण कार्य ज्यादा हुए हैं।

राज्य के हाईकोर्ट ने 2017 में नागपुर के राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी संस्थान (नीरी) को यहां की धारण क्षमता का फिर से अध्ययन करने हेतु कहा था। वर्ष 2023 में मालरोड, टीफीन टॉप व व्यूपाइन्ट तथा आल्मा पहाड़ी पर हुए भूस्खलन की घटनाएं चेतावनी देती हैं कि नैनीताल भी जोशीमठ की राह पर अग्रसर है। यहां की प्रसिद्ध मालरोड पर फरवरी 23 में लंबी दरार देखी गयी थी। वर्ष 2004 एवं 2018 में लोअर मालरोड का बड़ा हिस्सा भूस्खलन के कारण टूटकर झील में समा गया था। आईआईटी एवं अन्य संस्थानों के अनुसार मालरोड के क्षेत्र में भूमि के नीचे कठोर चट्टानें (हार्ड रॉक्स) नहीं होने से भूस्खलन होता रहता है। पिछले वर्ष मई माह में टीफीन टॉप तथा व्यूपाइन्ट के आसपास की पहाड़ियों पर दरारें आने से पर्यटकों की आवाजाही रोक दी गयी थी।

सितंबर में आल्मा पहाड़ी के दरकनें से चार मकान ढ़ह गये थे एवं इससे घबराकर स्थानीय प्रशासन ने 250 अन्य मकान तुरंत खाली करवा लिये थे। यह पहाड़ी झील के ऊपर बांयी तरफसीधी खड़ी होने एवं नीचे से भुरभुरी होने के कारण ज्यादा संवेदनशील बताई गई है। प्रशासन के ध्यान नहीं देने से पिछले 25-30 वर्षो में यहां काफी निर्माण कार्य हुए हैं और यहां अभी 10 हजार के लगभग लोग रह रहे हैं। इस पहाड़ी पर अंग्रेजों के शासनकाल में 1880 में भारी भूस्खलन होने से 150 के लगभग लोग मारे गये थे जिनमें 42-43 अंग्रेज भी थे।

भूस्खलन के 150 वर्ष पुराने इतिहास वाली बलिया नाला पहाड़ी भी दरक रही है। पिछले कुछ वर्षो से यहां भूस्खलन की रफ्तार बढ़ी है जो शहर तथा झील दोनों के लिए खतरनाक है। इस पहाड़ी की तलहटी से होकर झील का अतिरिक्त पानी ज्योलीकोट की ओर जाता है। वर्ष 2018 में इस पहाड़ी पर भूस्खलन के बाद यहां की कृष्णपुरा बस्ती के हजारों लोगों का सड़क से सम्पर्क टूट गया था। कुमाऊं विश्वविद्यालय के अध्ययन के अनुसार नैना-पीक की पहाड़ी पर दक्षिण-पश्चिम की तरफ 65 मीटर लम्बी 1.5 मीटर चौड़ी तथा 2.5 मीटर गहरी दरारें देखी गयी हैं।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# पहाड़ का हिस्सा धसकने से तीन मजदूरों की मौत

**कई और श्रमिकों के दबे होने की जताई जा रही आशंका**

**महोबा। समृद्धि न्यूज**

जिले में एक और दर्दनाक हादसा सामने आया। पहाड़ का एक हिस्सा धसक जाने से तीन मजदूरों की मौत हो गई और मलबे में श्रमिकों के भी दबे होने की आशंका जताई जा रही है। मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। इस घटना की जानकारी होने पर जिलाधिकारी मृदुल चौधरी, पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता प्रशासनिक अमले के साथ मौके पर पहुंचे और पुलिस व दमकल कर्मियों की मदद रेस्क्यू आपरेशन चलाया और दो श्रमिकों को अस्पताल भिजवाया। इनमें एक की मौत हो गई और दो की मौके पर ही मौत हो गई थी। इस तरह अभी तक तीन के मौत हो जाने की पुष्टि हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कबरई के पहरा में पहाड़ पर मंगलवार दोपहर करीब एक बजे काम करते समय मजदूरों के ऊपर पहाड़ का एक हिस्सा धसक गया।





इसकी चपेट में मजदूर आ गए। इसमें 38 वर्षीय पहरा निवासी राममिलन और मजदूर धीरू को महोबा जिला अस्पताल लाया गया, इसमें राममिलन को मृत घोषित कर दिया गया। हालांकि दो अन्य मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई थी। मृतकों की संख्या अभी तक तीन बताई गई है वहीं अभी रेस्क्यू कार्य जारी है। सूचना पाकर डीएम मृदुल चौधरी, एसपी अपर्णा गुप्ता, एसडीएम सदर जितेंद्र कुमार, सीओ दीपक दुबे मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी दी। घटना से मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। लोगों ने यहां हंगामा शुरू कर दिया। डीएम ने मामले की जांच कराने के आदेश दिए हैं। मृतक के परिजनों को पट्टा धारक की ओर से मुआवजा दिलाए जाने के आश्वासन दिया गया, इसके बाद लोग शांत हुए। पुलिस ने शवों को अपने कब्जे में लेकर घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया है।

जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने बताया कि दोपहर डेढ़ बजे घटना की सूचना मिली थी, मौके पर एसपी के साथ पहुंचे, पट्टे की जांच कराई जिसमें वैध पट्टा धनराज सिंह के नाम है, जानकारी मिली थी कि खनन के दौरान पांच मजदूर काम कर रहे थे, दो को निकाल कर अस्पताल भेजा गया था जिसमें एक की मौत हो गई थी, जबकि दो मौके पर मृत मिले, कुल तीन की अभी तक मौत हुई है, एक का रेस्क्यू किया जा रहा है। उच्चाधिकारियों को भी सूचना दे दी गई है।



कार्यक्रम में मौजूद ब्रम्हकुमारीज।

## दिव्यता दिवस के रूप में मनाया गया स्मृति दिवस

**महोबा।** ब्रह्माकुमारीज महोबा सेवाकेंद्र में ब्रह्मकुमारीज संस्था की पूर्व अतिरिक्त मुख्य प्रशासिका गुलजार दादी की 3वीं पुण्य स्मृति दिवस दिव्यता दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमें बीके सुदामा बहन ने बताया कि दादी गुलजार जी का जीवन बालपन की अवस्था से त्यागी और तपस्वी एकांतप्रिय रहा। जिससे उन्होंने अपने जीवन से लाखों आत्माओं का कल्याण किया और परमात्मा पालना के निमित्त बनी। बीके साधना बहन ने कहा कि अगर हमें अपने जीवन को श्रेष्ठ और महान बनाना है तो परमात्मा की श्रीमत अनुसार चलना अति आवश्यक है। बीके रागिनी बहन, बीके रूपाली बहन ने भी दादी जी की विशेषताओं से सभी अवगत कराया। सभी बीके भाई बहनों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। बाबा एवं दादी जी को भोग स्वीकार कराकर सभी ने ब्रह्माभोजन किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से व्यक्ति की मौत

**इटावा।** भिंड क्षेत्र के बाइक सवार दो युवकों को मॉडर्न तहसील जसवंतनगर के सामने हाईवे कट पर आधी रात के समय किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे एक गंभीर रूप से घायल हुआ जबकि दूसरे की मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल व्यक्ति का नाम अमित पुत्र रतन सिंह निवासी ग्राम धरही भिंड मध्य प्रदेश बताया गया है जो कुछ भी बताने की हालत में नहीं था। उसके साथ बाइक संख्या यूपी 80 ईएच 4846 पर सवार जिस व्यक्ति की मौत हुई है उसका नाम पवन निवासी उपरोक्त बताया गया है। यह दोनों यहां क्षेत्र में एक शादी समारोह में शामिल होने आए थे। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने गंभीर घायल को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया तथा मृतक के शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम करवाया गया है।

# एसपी ने चिन्हित स्थलों का किया निरीक्षण

**महोबा। समृद्धि न्यूज**

आगामी प्रस्तावित लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की प्रक्रिया को शांतिपूर्ण माहौल में सकुशल संपन्न कराये जाने के लिए पुलिस द्वारा तैयारिया की जा रही हैं। पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम व प्रभारी निरीक्षक थाना कबरई बीरेंद्र प्रताप सिंह की उपस्थिति में थाना कबरई क्षेत्र में पड़ने वाले अतिसंवेदनशील, संवेदनशील मतदान केंद्र व बूथों क्रमशः कन्या प्राथमिक विघालय मकरबई कम्पोजिट, पूर्व माध्यमिक विघालय सुरहा, प्रावि. अलीपुरा, भारती जूनियर हाईस्कूल गहरा तथा कंपोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय गंज का स्थलीय निरीक्षण, भौतिक सत्यापन कर न्यूनतम बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया गया तथा मानक के अनुरुप समस्त सुविधाओं को उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिये गये।





इस दौरान पुलिस अधीक्षक, द्वारा जवानों के ठहरने एवं उनको उपलब्ध करायी जाने वाली आवश्यक मूलभूत सुविधाओं बिजली, पानी, शौचालय की समुचित व्यवस्था, भवन के सभी खिड़की दरवाजे सही हालत में हों, संचार व्यवस्था इत्यादि की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने की समीक्षा की गई है। निरीक्षण के दौरान पायी गयी कमियों के निस्तारण के संबंध में संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर समस्त समुचित व्यवस्थायें सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिए गए हैं।बता दें कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन पूरी तरह सक्रिय और सतर्क नजर आ रहा है और समय-समय पर अधिकारी मतदान केंद्रों व बूथों का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दे रहे है। जिससे चुनाव सकुशल संपन्न कराया जा सके।

## एसएसपी ने थानों का निरीक्षण कर दिए निर्देश

**इटावा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा ने थाना वैदपुरा एवं थाना कोतवाली का औचक निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार द्वारा थाना वैदपुरा एवं थाना कोतवाली का औचक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान महोदय द्वारा प्रभारी निरीक्षक कार्यालय, थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, पुलिस अधिकारी/कर्मचारी आवास, भोजनालय सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं का निरीक्षण कर संबंधित प्रभारी से समस्याओं के बारे में जानकारी कर उनके त्वरित निस्तारण तथा अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव एवं थाना परिसर की साफ सफाई व सौंदर्यीकरण हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण उपरांत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार द्वारा पुलिस बल के साथ थाना कोतवाली/वैदपुरा क्षेत्रान्तर्गत पैदल गस्त किया गया।

# ढाई करोड़ की लागत से महोबा शहर में होंगे विकास कार्य

**नगर पालिका बोर्ड की बैठक में पारित किए गए प्रस्ताव**

**महोबा। समृद्धि न्यूज**

नगर में सांसद निधि से लगभग ढाई करोड़ की लागत से निर्माण कार्य कराये जाने हेतु भूमि उपलब्ध कराये जाने के लिए पालिका बोर्ड बैठक में सर्व-सम्मति से प्रस्ताव पास किया गया। मंगलवार को पालिका सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में नगर में सांसद निधि अन्तर्गत लगभग ढाई करोड़ की लागत से कंठेश्वर के पास ध्यान साधना भवन का निर्माण, मकनियांपुरा में वृद्धाश्रम के पास आल्हा गायन संस्कृति कला केंद्र का निर्माण, चंद्रिका देवी के पास पुस्तकालय का निर्माण, कंठेश्वर मंदिर के पास रिटेनिंग वाल का निर्माण कार्य, बलखंडेश्वर मंदिर के पास फॉरेस्ट कंजर्वेशन इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण, चौबीस जैन तीर्थाकंर के पास तालाब के किनारे घाट का निर्माण कार्य, बलखण्डेश्वर मन्दिर के पीछे सांस्कृतिक एमपी थियेटर का निर्माण कार्य एवं शेखूनगर में सविता सेन समाज सेवा समिति की धर्मशाला में सांस्कृतिक मंच का निर्माण कार्य हेतु मुख्य विकास अधिकारी ने अपने पत्र के माध्यम से द्वारा पालिका से भूमि उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया गया था। इसके बाद पालिका बोर्ड बैठक में उपस्थित सम्मानित सभासदों ने सर्व-सम्मति से प्रस्ताव पारित कर नगर में विकास को गति प्रदान करने में अहम योगदान किया।



पालिकाध्यक्ष डॉ सन्तोष चौरसिया ने बताया कि जनपद मुख्यालय में सांसद निधि से लगभग ढाई करोड़ के विभिन्न निर्माण कार्य होने से नगर का चहुंमुखी विकास होगा और नगर की सुंदरता में चार चांद भी लगेगें। उन्होंने बताया कि सांसद निधि से संस्कृति कला केन्द्र, पुस्तकालय, सांस्कृतिक एमपी थियेटर आदि का निर्माण होने पर नगरवासियों के लिए उपयोगी सिद्ध होगें। बैठक में सभासद एवं अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार, कर अधीक्षक हरिश्चन्द्र यादव, लेखाकार अरूण कुमार शुक्ला उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### बाइकें टकराने से तीन लोग घायल

**इटावा।** थाना बकेवर क्षेत्र के अन्तर्गत परसुपुर गांव के सामने हाइवे पर दो बाइकों की आमने- सामने टक्कर में तीन लोग घायल हो गए, पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए महेवा सीएचसी अस्पताल भिजवाया। परसुपुर गांव के सामने ,एन एच19 पर हादसे में दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गयी। बाइकों पर तीन लोग सवार घायल हो गए। प्रमोद पुत्र सुखलाल ग्राम भवानीपुर बिजौली थाना बकेवर निवासी इटावा से शटरिंग का काम करके वापस सराय जलाल ओवरब्रिज के नीचे होते हुए घर जा रहा था। सुरेंद्र पुत्र निर्भय सिंह निवासी नंदपुर थाना फफूंद जनपद औरैया व सोनू पुत्र जगन्नाथ निवासी फफूंद जनपद औरैया एक ही बाइक से इटावा की ओर जा रहे थे जैसे ही परसुपुर एन एच19 पर पहुंचे सामने से आ रहे बाइक सवार की लाइट पढ़ने के चलते दोनों बैकों की आमने-सामने टक्कर हो गई जिसमें तीन लोग घायल हो गए। घटना के बाद थाना पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार शर्मा ने तत्काल घायलों को हाईवे मोबाइल पुलिस की गाड़ी में बैठा कर उपचार के लिए सीएचसी महेवा भिजवाया गया।

### पुलिस ने मारपीट का आरोपी पकड़ा

**इटावा।** थाना लवेदी क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम चिंडौली में बीते दिनों पूर्व रात के समय घर में कूदकर चारपाई पर लेटे युवक को जान से मारने की नियत से मारपीट करके अधमरा करने का दूसरा आरोपी गिरफ्तार कर जेल भेजा। थानाध्यक्ष सनत कुमार ने बताया कि विगत दिनों पूर्व आरोपी द्वारा छोटू भदौरिया के घर में रात को एक बजे कूदकर बेरहमी से मारपीट करके धारदार हथियार के प्रहार से अधमरा करने के आरोपी पिन्टू उर्फ प्रकाश पुत्र सरनाम सिंह निवासी नवादा खुर्दकला को विझावली चौराहे से उपरनिरीक्षक सौरभ तालियान व हमराही फोर्स के साथ गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

### पत्रकार ने दी अनशन व भूख हड़ताल की चेतावनी

**इटावा।** जसवंतनगर के पत्रकार मेघ सिंह वर्मा के घर से ट्रैक्टर का हल चोरी होने का नामजद मुकदमा दर्ज होने के बावजूद भी पिछले 1 माह से पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है। पुलिस द्वारा पीड़ित घायल पत्रकार को दर्जनों बार थाने के चक्कर कटवाए गए लेकिन पुलिस यह बताने को तैयार नहीं है कि मुकदमे में क्या प्रगति हुई ? और जांच कौन कर रहा है ? इससे प्रताड़ित होकर पत्रकार ने 17 मार्च तक न्याय न मिलने पर थाने में आमरण अनशन व भूख हड़ताल की चेतावनी दी है। पीड़ित पत्रकार ने इस संबंध में मुख्यमंत्री, पुलिस महानिदेशक, अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, एसएसपी इटावा को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम हरकूपुर थाना जसवंतनगर निवासी मेघ सिंह वर्मा जिला सचिव इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन के घर के बाहर रखा हुआ ट्रेक्टर का हल 20 जनवरी को नामजद चोरों द्वारा चोरी किया गया। मेघ सिंह वर्मा द्वारा हल की खोजबीन की गई तो उनके द्वारा 6 लोगों के विरुद्ध नामजद मुकदमा पंजीकृत कराया गया उक्त मामले में पुलिस ने घटना के 21 दिन बाद 12 फरवरी को मुकदमा दर्ज किया और मुकदमा दर्ज होने के लगभग एक माह बाद भी थाना पुलिस ने अभी तक मौका मुआयना नही किया है।

# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**चरखारी, महोबा। समृद्धि न्यूज**

चरखारी कस्बा के मुहल्ला रामनगर निवासी बंशीधर के इकलौते पुत्र जय सिंह उम्र लगभग 22 वर्ष ने अपने ही घर में फांसी का फंदा बनाकर पंखे से आत्महत्या कर ली है।

घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दिए जाने के बाद सदर पुलिस चौकी प्रभारी सुभाष तिवारी ने लाश का पंचनामा भरते हुए लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा पुलिस ने आगे की विधिक कार्यवाही प्रारम्भ कर दी है।

बताते चलें कि मृतक जयसिंह परिवार में चार बहिनों में इकलौता भाई था, चारों बहनों की शादी हो चुकी थी तथा घटना के दो दिन पूर्व से माता व पिता मामा किशन की पुत्री की शादी में मध्य प्रदेश के छतरपुर के ऊजरा गांव में गए हुए थे, बीती शाम को मुहल्ले के एक युवक के पास मृतक की मंगेतर का फोन आया तथा उसने बताया कि जय सिंह फांसी लगाने की बात कर रहा है जाकर देख लो। फोन पर जानकारी मिलने पर जयसिंह का मित्र घर पहुंचा लेकिन दरवाजा बन्द था और काफी देर तक आवाज लगाने के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला तो वह सीढ़ी लगाकर घर के अन्दर पहुंचा जहां जय सिंह को फांसी के फंदे में झूलता देख घबरा गया और शोर मचाकर मुहल्ले के लोगों को बुलाया तथा जयसिंह को फांसी के फन्दे से उतारा गया लेकिन जब तक उसे उतारा जाता तब तक उसके प्राण पखेरू उड़ चुके थे। जय सिह अपने परिवार का इकलौता पुत्र था तथा पुलिस भर्ती परीक्षा देने के साथ ही सांई कालेज महोबा से बीएड कर रहा था तथा परिवार के भरण पोषण के लिए घर पर ही टयूशन करता था।



जयसिंह की मौत की सूचना के बाद घर वापस लौटे माता चद्ररानी, बहिनों में कोहराम मच गया। आत्महत्या के बाद पुलिस ने मृतक के मोबाईल को कब्जे में लेते हुए जांच प्रारम्भ कर दी हैं , युवक की चरखारी विकास खण्ड के नौसारा ग्राम में शादी तय हो गई थी।

# सौहार्द बिगाड़ने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई

**पनवाड़ी। समृद्धि न्यूज**

क्षेत्राधिकारी हर्षिता गंगवार ने रंगों के उत्सव होली और रमज़ान को सौहार्दपूर्ण मनाए जाने की अपील की है। साथ ही त्योहारों के दौरान तनावपूर्ण नारों, वक्तव्यों अथवा फेसबुक, व्हाटसेव, ट्विटर जैसे संचार माध्यमों के जरिए भ्रामक खबरें फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की बात कही है। मंगलवार शाम पनवाड़ी कोतवाली परिसर में क्षेत्रीय प्रधानों, व्यापारियों और संभ्रांत नागरिकों के साथ मीडिया से संवाद करते हुए उपजिलाधिकारी अनुराग कुमार, क्षेत्राधिकारी हर्षिता गंगवार और स्थानीय प्रभारी निरीक्षक अवधेश मिश्रा ने मंगलवार से आरंभ हुए रमजान माह, होली और ईद पर्व को लेकर लोगों से रायशुमारी की।



बताया कि 11 मार्च की रात से जिला भर में धारा 144 लागू की गई, जिसका अनुपालन शासन के निर्देशानुसार किया जाए। भीड़भाड़, शासन के खिलाफ प्रदर्शन और उपद्रव पर पूर्णतया पाबंदी की गई है। जानकारी दी गई कि पनवाड़ी कस्बे के सात स्थलों पर होलिका दहन कार्यक्रम आयोजित होता है, इसके अलावा विभिन्न गांवों में फाल्गुन पूर्णमासी की रात कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। पनवाड़ी क्षेत्र में होलिका दहन के दो दिन बाद दोज को रंगों की होली खेलने का रिवाज है। इस दौरान शराबबंदी, मनचले युवकों के उपद्रव और आपसी विवाद पर पाबंदी की मांग की गई। इस मौके पर रमेश द्विवेदी प्रधान प्रतिनिधि पनवाड़ी, रमाकांत रावत प्रधान प्रतिनिधि अलीपुरा, देवेंद्र राजपूत प्रधान जखा, नरेश राजपूत प्रधान प्रतिनिधि लिधौरा खर्द, राजू राजपूत प्रधान प्रतिनिधि भरवारा, डालचंद्र प्रधान प्रतिनिधि रिछा, हाजी उमर, भरत तिवारी, रमेश सक्सेना, रामस्वरूप , राजू तिवारी, रामकुमार सहित तमाम गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# 16 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**शिक्षण कार्य के अलावा अन्य कोई कार्य न लेने की मांग**

**महोबा। समृद्धि न्यूज**

ऑनलाइन हाजिरी का विरोध जता रहे शिक्षकों ने संसाधनों के अभाव में व्यवस्था को जबरन थोपने का आरोप लगाते हुए 16 सूत्रीय मांगों की आवाज बुलंद करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन बेसिक शिक्षाधिकारी को सौंपा है।

उत्तर प्रदेश जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के बैनर तले शिक्षकों ने बेसिक शिक्षाधिकारी कार्यालय के बाहर मांगों को जोरदार तरीके से उठाते हुए ऑनलाइन हाजिरी का विरोध जताया है। शिक्षकों ने कहा कि



सीएम को संबोधित ज्ञापन बेसिक शिक्षाधिकारी को सौंपते शिक्षक।

सिम खरीदने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। कई विद्यालयों में अब तक टैबलेट नहीं पहुंचें उसके बाद भी ऑनलाइन हाजिरी के लिए दबाव बनाया जा रहा है। जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश दीक्षित ने पुरानी पेंशन योजना की बहाली करने की मांग उठाते हुए कैश लेस चिकित्सा सुविधा के लिए आयुष्मान कार्ड की सुविधा की मांग उठाई। राजीव तिवारी ने कहा कि योग्यताधारी शिक्षामित्रों को शिक्षक पद पर समायोजित करने के लिए नियमों को शिथिल कर समान कार्य के लिए समान वेतन के सिद्धांत की मांग उठाते हुए अनुदेशकों को सम्मानजनक मानदेय, अवकाश के दिन काम करने पर प्रतिकर अवकाश की मांग पर जोर दिया। छात्रों के अनुपात में शिक्षकों की तैनाती करने सहित शिक्षकों को शिक्षण कार्य के अलावा अन्य कोई कार्य न लेने की मांग उठाई। कहा कि अगर ऑनलाइन हाजिरी के नियम को वापस नहीं लिया गया तो संगठन आने वाले दिनों में विरोध प्रदर्शन करेगा। इस मौके पर सुनील पाठक, रामबाबू कुशवाहा, पंकज बिंदुआ, जगदीश अनुरागी, गिरिश कुमार, संध्या त्रिपाठी, पुष्पेंद्र कुमार, प्रदीप कुमार, दिलीप शुक्ला, रामबाबू सेन, कामता प्रसाद, शैलेंद्र खरे, आशीष तिवारी, राजेश चतुर्वेदी सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे। शिक्षकों ने सीएम को संबोधित मांग पत्र बेसिक शिक्षाधिकारी डॉ अजय कुमार मिश्र को सौंपा है।



## न्यू इकदिल रेलवे स्टेशन का सदर विधायक ने किया लोकार्पण

**इटावा।** 85 हजार करोड़ की रेलवे परियोजनाओं सहित 10 नई वंदे भारत ट्रेनों को आज हरी झंडी दिखाने के साथ-साथ इटावा के न्यू इकदिल स्टेशन डेडीकेटेड फ्रंट कॉरिडोर न्यू इकदिल के ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर अहमदाबाद से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लोकार्पण किया। इकदिल रेलवे स्टेशन लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सदर विधायक सरिता भदोरिया ने कहा कि डीएफसी कॉरिडोर बनने से व्यापार को तो पंख लगेंगे उन्होंने आगे कहा कि 600 करोड़ की लागत से सिग्नल एंड टेलीकॉम एवं रेलवे ट्रैक के न्यू एकदिल रेलवे स्टेशन भवन का निर्माण किया गया है डबल इंजन की सरकार ने रेलवे में अभूतपूर्व कार्य किया है उत्तर प्रदेश में रेल बुनियादी ढांचे को उन्नत करने के लिए वर्तमान में 19 18 13 करोड रुपए की 5811 से अधिक रेल परियोजना राज्य में प्रगति पर है इस वर्ष के बजट में उत्तर प्रदेश को 19575 करोड़ रुपए का रिकॉर्ड आवंटन किया गया है।

# ऑनग्रिड सोलर पावर प्लाण्ट लगाने पर मिलेगा अनुदान

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

परियोजना अधिकारी यूपीनेडा इटावा ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अन्तर्गत प्रधानमंत्री का उद्देश्य देश में एक करोड़ घरों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाकर देश के लोगो को एवं देश को ऊर्जा के क्षेत्र में निर्भर बनाकर नया भारत समृद्धि भारत बनाना है।

उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार ने सूर्य घर योजना में लोगो को अपने घरों पर ऑनग्रिड सोलर पावर प्लाण्ट लगाने के निम्नवत केन्द्रीय अनुदान देने की घोषणा की है। उक्त योजना में केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा अनुदान दिया जाता है। जिसमें एक केडब्लयूपी पर केन्द्रीय अनुदान 30 हजार रुपये, राज्य अनुदान 15 हजार रुपये कुल अनुदान 45 हजार रुपये है इसी प्रकार जिसमें 2 केडब्लयूपी पर केन्द्रीय अनुदान 60 हजार, राज्य अनुदान 30 हजार कुल अनुदान 90 हजार है, 3 केडब्लयूपी पर केन्द्रीय अनुदान 78 हजार, राज्य अनुदान 30 हजार कुल अनुदान एक लाख 8 हजार है एवं 3 केडब्लयूपी से 10 केडब्लयूपी पर केन्द्रीय अनुदान रू0 78 हजार, राज्य अनुदान 30 हजार कुल अनुदान एक लाख 8 हजार निर्धारित है। उन्होंने बताया कि इस योजना में आवेदन भारत सरकार के बेवसाइट पर जाकर अथवा एप्लीकेशन अपने स्मार्ट फोन में डाउनलोड करके बेवसाइट एवं एप्लीकेशन पर दी गयी आवेदन प्रक्रियानुसार किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि योजना के लाभ हेतु पात्रता एवं अन्य शर्ते इस प्रकार हैं इस योजना में कोई भी घरेलू विद्युत कनेक्शन का उपभोक्ता अपने घर पर ऑनग्रिड सोलर पावर प्लाण्ट लगवा सकता है, उपभोक्ता के घर के छत पर एक कि.वा. सोलर पावर प्लाण्ट लगवाने के लिए 10 वर्ग मीटर (लगभग100 वर्ग फीट) छायारहित छत की आवश्यकता होगी, विद्युत उपभोक्ता अपने विद्युत कनेक्शन की क्षमता के बराबर या उससे कम ऑनग्रिड सोलर पावर प्लाण्ट लगवा सकता है, केन्द्रीय व राज्य अनुदान जिस नाम से विद्युत कनेक्शन है उसी के बैंक खाते में सोलर पावर प्लाण्ट लगने के उपरान्त आयेगा, सोलर पावर प्लाण्ट स्थापित करने वाली फर्म भारत सरकार के पोर्टल/यूपीनेडा के पोर्टल पर रजिस्टर्ड होना अनिवार्य है।

**निरीक्षण**

## डीएम-एसएसपी ने पैदल मार्च कर शांति व्यवस्था बनाए रखने का दिया संदेश

# जसवंतनगर चौराहा से कोतवाली तक किया पैदल मार्च

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 को दृष्टिगत रखते हुए निर्वाचन को शकुशल संपन्न कराए जाने हेतु जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने नागरिकता संशोधन अधिनियम के लागू होने के बाद शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं कानून व्यवस्था के लिए शहर के मुख्य बाजार में अर्ध सैनिक एवं पुलिस बल के साथ पैदल मार्च कर शांति व्यवस्था बनाए रखने का संदेश दिया। उन्होंने पक्का तालाब चौराहा से नौरंगाबाद चौराहा,इस्लामिया इंटर कॉलेज होते हुए शास्त्री चौराहा तक पैदल मार्च किया। उन्होंने इस्लामिया इंटर कॉलेज एवं राजकीय इंटर कॉलेज बूथों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं विद्युत, पानी ,जनरेटर आदि की व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिए संबंधित को निर्देशित किया। उक्त के उपरांत जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जसवंतनगर चौराहा से कोतवाली तक पैदल मार्च किया। उन्होंने उच्च प्राथमिक विद्यालय 1-8 कंपोजिट विद्यालय बूथ की व्यवस्थाओं को देखा तथा उप जिलाधिकारी जसवंत नगर को व्यवस्थाओं का निरीक्षण किए जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने प्राथमिक विद्यालय नगला जुला बूथ की व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं वहां पर उपस्थित गांव के लोगों से बातचीत कर वोटरों की संख्या जानी, साथ ही साथ जिलाधिकारी महोदय ने शिवपाल सिंह महाविद्यालय का निरीक्षण किया एवं संबंधित को दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसपी सिटी अभयनाथ त्रिपाठी उप जिलाधिकारी सदर विक्रम सिंह राघव, क्षेत्राधिकारी अमित कुमार सिंह उप जिलाधिकारी जसवंतनगर कुमार सत्यम जीत, क्षेत्राधिकार जसवंतनगर विवेक जावला सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# भाजपा ने लोकतंत्र के लिए खतरा पैदा किया: विपिन

सोनभद्र। समृद्धि न्यूज




**युवजन** सभा सोनभद्र के नवनियुक्त पदाधिकारियों के सम्मान समारोह मे लोकसभा के तैयारी को लेकर समाजवादी पार्टी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विपिन श्रीवास्तव ने कहा है कि भाजपा ने लोकतंत्र के लिए खतरा पैदा किया है। देश में 80 करोड़ लोग सरकारी राशन पर निर्भर है। 90 फीसदी पढ़ा लिखा नौजवान बेरोजगार है। किसान की आय दोगुनी करने बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी का भाजपा के पास कोई जवाब नहीं है। बढ़ती बेरोजगारी के कारण परेशान युवा आत्महत्या करने पर विवश है। भाजपा की दस साल की सरकार में कर्ज और गरीबी के कारण एक लाख से ज्यादा किसानों ने आत्महत्या कर ली है। समाजवादी पार्टी के जिला मुख्यालय में लोकसभा चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी युवजन सभा की बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए बबलू धांगर जिलाध्यक्ष युवजन सभा ने कहा कि भाजपा सरकार में अन्याय, अत्याचार चरम पर है। किसी को न्याय नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार रही तो बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर का बनाया हुआ संविधान खत्म कर देगी। लोगों का हक और सम्मान छीन लिया जाएगा। संजय यादव इलेक्टोरल बॉण्ड को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के माध्यम से इलेक्टोरल बॉण्ड की सूची सामने आ जाएगी। जिससे पता चल जाएगा कि इलेक्टोरल बॉण्ड किसने दिये हैं और किसे दिये हैं। भाजपा सरकार ने उद्योगपतियों का 15 लाख करोड़ रूपये का कर्ज माफ कर दिया। उसके बाद उन्हीं उद्योगपतियों को फिर से कर्ज दे दिया लेकिन सरकार ने किसानों को उनकी फसलों पर एमएसपी का कानूनी अधिकार नहीं दिया। भाजपा सरकार किसान विरोधी है। डॉ लोकपती सिंह ने कहा कि भाजपा पिछड़े, दलितों, अल्पसंख्यकों का हक छीन रही है। भाजपा केवल वोट लेती है, लेकिन पीडीए को उनका अधिकार नहीं देती है। यूपी में विश्वविद्यालयों में जो चांसलर नियुक्त किए गये है, उसमें से कितने पीडीए हैं। वाइस चांसलरों ने जो भर्तियां की है, उसमें कितने पीडीए है। जिलों के अधिकारियों की पोस्टिंग में कितने पीडीए है। भाजपा ने लाखों प्रतियोगी छात्रों के भविश्य के साथ खिलवाड़ किया है। दिखावा करने के लिए भर्ती निकाली थी। भाजपा की नीयत युवाओं को नौकरी रोजगार देने की नहीं थी। सरकार ने जान-बूझकर पेपर लीक कराया, जिससे नौकरी न देनी पड़े। बैठक में मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष रामनिहोर यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव में यही नौजवान भाजपा को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाएगा। भाजपा सरकार ने विकास का कोई काम नहीं किया है। भाजपा के लोग जिन योजनाओं का उद्घाटन कर रहे है वह सब समाजवादी सरकार के काम है। भाजपा का सबका साथ-सबका विकास का नारा झूठा है। भाजपा सरकार में न सबका साथ दिखाई दे रहा है और न सबका विकास दिखाई दे रहा है। इससे ज्यादा झूठा कोई नारा नहीं है। यह चुनाव लोकतंत्र और संविधान बचाने का चुनाव है। इंडिया गठबंधन एकजुट होकर भाजपा को सत्ता से हटाएगा। लोकतंत्र और संविधान की रक्षा करेगा। किसानों, नौजवानों, गरीबों की उम्मीद पूरी करेगा।

# लोस प्रत्याशी ने किया बीकापुर में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

अयोध्या। समृद्धि न्यूज




**समाजवादी पार्टी** के लोकसभा प्रत्याशी पूर्व मंत्री विधायक अवधेश प्रसाद ने मंगलवार को मसौधा बीकापुर में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया।इस अवसर पर समाजवादी पार्टी एवं इंडिया गठबंधन के तमाम नेता कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद थे।कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंत्री श्री प्रसाद ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव बहुत ही महत्वपूर्ण है।इसको जीतने के लिए कार्यकर्ता अभी से जी जान से जुट जाए क्योंकि केंद्र की सत्ता को बदलना है जिससे पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन की सरकार बन सके।इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि जनता भाजपा की डबल इंजन सरकार से निजात चाहती है।इस सरकार में नौजवान,बेरोजगार,किसान मजदूर और व्यापारी,सभी वर्ग परेशान है। सभी चाहते हैं कि पीडीए इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को जिताकर केंद्र में नई सरकार बने।कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रामदास वर्मा ने तथा संचालन जिला उपाध्यक्ष जेपी यादव ने किया।इस अवसर पर मुख्य रूप से बलराम मौर्य,अजय वर्मा,सूरज निषाद,चौधरी बलराम यादव,सूर्य नारायण यादव खामा, अशोक वर्मा, पंकज सिंह,रामसागर रावत अजीत वर्मा, अब्दुल हकीम, इंद्र मोहन, प्रदीप वर्मा, दिवाकर कनौजिया, अनीश प्रधान, अतुल चौधरी, मनोज यादव, विपिन यादव, अखिलेश पांडेय, दुर्गेश सोनी, अंबुज निधि, राम नारायण वर्मा, फूले वर्मा, मुकेश कनौजिया, मनोज निषाद, राजमणि यादव व सियाराम बर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### जीवन में सफलता का सूत्र है अनुशासन: कोहली

**अयोध्या।** कामता प्रसाद सुन्दर लाल साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई के सात दिवसीय संयुक्त विशेष शिविर के चौथे दिन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमाधिकारी डॉ आशुतोष त्रिपाठी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम के प्रथम सत्र का प्रारंभ किया।प्रथम सत्र में लोकतंत्र का आधार-मतदाता विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें स्वयंसेवकों और स्वयंसेविकाओं द्वारा अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए गए।डॉ त्रिपाठी ने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मतदान अति आवश्यक है,हमें अपने सभी कार्यों को छोड़कर सर्वप्रथम मतदान करना चाहिए क्योंकि हमारे मतदान से ही हमारा राष्ट्र मजबूत होगा।वहीं द्वितीय सत्र में व्यक्तित्व विकास पर मेजर जनरल ( रिटायर्ड ) असीम कोहली का व्याख्यान हुआ।मेजर कोहली ने अपने उद्बोधन में कहा कि आप में पंख अपने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए होने चाहिए।आपका लक्ष्य आपको सोने नहीं देता है।आपका सपना कुछ कर दिखाने के लिए होता है।आपका जोश कहीं भी आपको ले जा सकता है।अनुशासन और दृढ़ इच्छा शक्ति आपको बहुत आगे ले जा सकती है।उन्होंने कहा कि आप सभी को सदैव यह सोचना चाहिए कि मैं राष्ट्र को क्या दे सकता हूं?मैं राष्ट्र के निर्माण में क्या कर सकता हूं ?और समाज में व्याप्त कुरीतियों व बुराइयों को दूर कर एक सुंदर,स्वस्थ व सबल समाज के निर्माण करने पर जोर दिया।डॉ त्रिपाठी ने स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाओं को शिविर में प्राप्त अनुभवों को समाज एवं परिवार में स्थापित करने पर बल दिया।उन्होंने कहा कि आज अनुशासन की कमी देखने को मिल रही है। हमारे विद्यार्थियों में सहने की क्षमता ही नहीं रह गई है।यदि वह कुछ मांग करते हैं तो उसमें नम्रता नहीं रहती। वह उसे अधिकार के रूप से मांगते हैं। उन्होंने कहा कि आज हम सभी का मुख्य उद्देश्य स्वैच्छिक, सामुदायिक अथवा सामाजिक सेवा द्वारा छात्रों में व्यक्तित्व और चरित्र के विकास करने पर जोर दिया।डॉ त्रिपाठी ने कहा कि विषम परिस्थितियों के दबाव को सही तरीके से समायोजित करने की कला,सामूहिकता में कार्य करने से आती है। उन्होंने छात्रों से ओवरऑल पर्सनैलिटी डेवेलप की बात कही। चतुर्थ दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर मे डॉ आशुतोष त्रिपाठी,डा आलोक कुमार सिंह,डा बाल गोविंद,डा रीता सिंह,डा शशि सिंह,डॉ पूनम जोशी,डॉ रिचा पाठक,एनसीसी के कैप्टन डॉ मनीष कुमार सिंह , डॉ जगदीश वर्मा,डॉ आशीष प्रताप सिंह,प्रो आशुतोष सिंह,प्रो बी.डी द्विवेदी,प्रो प्रणय कुमार त्रिपाठी,डॉ सुधीर कुमार राय,डा संदीप,डॉ रजत तिवारी,डॉ धीरज व डॉ सोनू सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक व प्राध्यापिकायें उपस्थित रहीं। धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रमाधिकारी डॉ रीमा सोनकर ने किया।

### वृक्षारोपण से ही संभव होगा बिगड़ते पर्यावरण का संरक्षण: ज्ञानप्रकाश

**उरई (जालौन)।** जन जागरूकता अभियान के तहत वृहद वृक्षारोपण भूमि संरक्षण कार्यालय उरई द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु जन जागरूकता अभियान के तहत वृहद वृक्षारोपण पाथ फाइंडर इंटरनेशनल स्कूल जालौन रोड उरई में किया गया। इस मौके पर भूमि संरक्षण अधिकारी ज्ञान प्रकाश ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे मार्गदर्शक विशेष सचिव सिंचाई डॉक्टर हीरालाल पटेल के मार्गदर्शन में एक जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत मॉडल गांव को विकसित किया जा रहा है और यह कार्यक्रम 1 मार्च से प्रारंभ हुआ था संबोधन के दौरान उन्होंने यह भी बताया कि जल ही जीवन है एवं पेड़ बादलों को आकर्षित करते हैं। इसीलिए फलदार वृक्षों का रोपण आज विद्यालय परिसर में हमारे विभाग के द्वारा किया जा रहा है। संजीव कुमार एएससीआई ने विद्यालय की प्रबंधक डॉक्टर शशी शर्मा से विद्यालय में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्लांट लगाने के लिए भी आग्रह किया। उन्होंने यह भी बताया कि हम आज की परिधि में भूजल का अत्यधिक उपयोग कर रहे हैं। उसका अत्यधिक अनुप्रयोग होने की वजह से भविष्य में ग्राउंडवाटर की कमी आ जाएगी इसीलिए इसका संरक्षण अति आवश्यक है। सचिन कुमार ने बताया कि हमारे मार्गदर्शक डॉक्टर हीरालाल पटेल के नेतृत्व में गांव-गांव जाकर जन चौपाल लगाई जा रही है एवं लोगों को जागरूक किया जा रहा है कि वह वर्षा जल का संचयन करें एवं भूजल का प्रयोग पीने घरेलू इस्तेमाल के लिए करें और भूजल को बर्बाद होने से रोकने के लिए अधिक से अधिक प्रयास करें। इसी क्रम में पाथ फाइंडर इंटरनेशनल स्कूल में भूमि संरक्षण विभाग के द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया है इससे आम जनमानस में जागरूकता भी आएगी और इस तरह की छोटी-छोटी गोष्ठियों से लोगों में जनरथ संरक्षण को लेकर जागरूकता बढ़ेगी साथ ही फलदार वृक्षों को रोपित करने के साथ-साथ कार्यालय के द्वारा उन पर ट्री गार्ड भी लगाए गए।

## बिचौली प्रधान ने गांव की दशा व दिशा बदलने का लिया संकल्प

कालपी (जालौन)। समृद्धि न्यूज

**ग्राम** पंचायत बिचौली में ग्राम प्रधान डॉ. महेश कुमार, ग्राम पंचायत अधिकारी शिवम पचौरी, रोजगार सेविका परबीन पत्नी प्रवीण सिंह सोलंकी द्वारा ग्राम पंचायत के सभी सदस्यों की सहमति से बिचौली में सर्वांगीण विकास हेतु कंधे से कंधा मिलाकर ग्राम सभा में इंटरलॉकिंग सीसी निर्माण कार्यों की गारंटी रोजगार योजना के अंतर्गत 100 दिन मजदूरों की मजदूरी का कार्य चल रहा है। सरकारी विद्यालयों में इंटरलॉकिंग के साथ ही अखिलेश उपाध्याय के दरवाजे से लेकर मानसिंह चौहान के दरवाजे तक लगभग 100 मीटर सीसी निर्माण कर गुणवत्ता के आधार पर कराया जा रहा है। सीसी सड़क निर्माण में जो मानक तय है उनका शत प्रतिशत पालन भी कराया जा रहा है। सीसी सड़क निर्माण के दौरान ग्राम प्रधान ही नहीं बल्कि ग्राम पंचायत के सदस्य भी मौके पर रहते हैं।

# जनहित जैसे मुद्दे पर जिला प्रशासन प्रतिनिधि गंभीर नहीं: प्रमोद यादव

सोनभद्र। समृद्धि न्यूज



**समाजवादी पार्टी** कार्यकर्ताओं द्वारा जिला अधिकारी कार्यलय पर सोनभद्र जिले के 162परिषदिय विद्यालयो के ऊपर से गुजर रहे हाइटेसन तार आदि समस्याओं को लेकर प्रदर्शन कर जिलाधिकारी नामित ज्ञापन सौंपा गया सपा जिला सचिव प्रमोद यादव ने कहा कि शिक्षा विभाग के अधिकारीयो की उदासीनता से कभी भी परसदीय विद्यालयो में पढ़ने वाले बच्चों की जिंदगी पर भारी पड़ सकता है जिले के करीब 162 प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय के ऊपर से गुजर रहे हैं हाइटेंसन तार के नीचे बैठ कर बच्चे पढ़ाई करते हैं जबकि हाईटेंसन तार जो लूज व ढीला है ओ टुटकर कभी भी गिर सकते हैं एसे में अप्रिय घटना होने का अंदेशा बना रहता है इसलिए सासन, प्रशासन को एक सर्वे करा कर हाईटेंशन तार विद्यालयों से हटाया जाए जबकि सोनभद्र के जनप्रतिनिधि आंख मूंद केवल गिट्टी, बालू में लगे हैं महिला सभा की जिला अध्यक्ष गीता गौर ने कहा कि बिजली विभाग को चाहिए कि सोनभद्र में जर्जर तार को बदला जाए मकान, खेत पर से गए तारो को हटाया जाए जिससे आम जनमानस को राहत मिल सके पूर्व नगर सचिव मनीष त्रिपाठी ने कहा कि जनपद के भिभिन हिस्सो मे संचालित करीब 162 प्राथमिक विद्यालय है इन विद्यालयों के ऊपर से गुजर रहे तार के नीचे जान हथेली पर रखकर बच्चे पठन पाठन कर रहे हैं लेकिन साशन, प्रशासन एसे मामलो को नजर अंदाज कर रहा है समाजवादी पार्टी मांग करती है कि यह सभी दुर्बयस्थाओ को दूर किया जाए ।इस मौके पर, उमाशंकर गुप्ता, महूमद, छभीनाथ यादव, प्रमोद गुप्ता, चंद्रिका, मुन्ना कुशवाहा, रोहित भारती, चंदन केशरी आदि लोग उपस्थित थे।

## इफको महासभा प्रतिनिधि बनी कान्ति

**उरई (जालौन)।** सोमवार को इफ्को की 15 वीं महासभा प्रतिनिधि का चुनाव संपन्न हुआ जिसमें 12 सदस्यों में से महज एक ही नामांकन पत्र प्राप्त हुआ जो श्रीमती कान्ति देवी पत्नी हरप्रसाद का था। वह भदरवारा खुर्द बी पैक्स की वर्तमान अध्यक्ष भी हैं। इसके बाद अन्य किसी दावेदार द्वारा नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया। इसके बाद आवेदनकर्ता कान्ति देवी को निर्विरोध प्रतिनिधि घोषित किया गया। इस दौरान चुनाव अधिकारी रघुवीर सिंह इफ्को जालौन, केपी सिंह इफ्को झांसी, जीतेंद्र पटेल विक्रय अधिकारी तथा रंजीत सिंह मौजूद रहे।

**न्यायालय उप जिलाधिकारी अमृतपुर जनपद-फर्रुखाबाद।**

वाद संख्या:- टी20230340303007 — अन्तर्गत धारा - 144 उ0प्र0रा0सं0 2006

फरीकेन- विपिन अग्रवाल बनाम सचिन आदि
मौजा- नगला हूसा परगना व तहसील अमृतपुर जनपद फर्रुखाबाद (उत्तर प्रदेश)

**प्रतिवादीगण**

(1)- सचिन पुत्र रमेश चन्द्र, (2)- शुभम पुत्र रमेशचन्द्र, शिवम पुत्र राजीव कुमार, (4)- श्रीमती रेखा देवी पत्नी राजीव कुमार, (5)- अजय कुमार पुत्र राजेन्द्र पाल निवासीगण नगला हूसा परगना व तहसील अमृतपुर जनपद फर्रुखाबाद। (6)- ग्राम पंचायत ग्राम नगला हूसा द्वारा ग्राम प्रधान नगला हूसा परगना व तहसील अमृतपुर जनपद फर्रुखाबाद, (7)- उ0प्र0 सरकार द्वारा कलेक्ट्रेट फर्रुखाबाद

अधोहस्तारी के न्यायालय में आपके/प्रतिवादीगणों के विरुद्ध वादी विपिन अग्रवाल पुत्र रामचन्द्र निवासी ग्राम नगला हूसा परगना व तहसील अमृतपुर जनपद फर्रुखाबाद वारिद हाल पता 530/29 निकट हनुमान मंदिर निराला नगर रायबरेली द्वारा मुख्तार आम श्रीमती क्षमा अग्रवाल पत्नी विपिन अग्रवाल निवासी ग्राम नगला हूसा परगना व तहसील अमृतपुर जनपद फर्रुखाबाद वारिद हाल पता 530/29 निकट हनुमान मंदिर निराला नगर रायबरेली द्वारा धारा 144 अधि0 उ0प्र0रा0सं0 2006 के अन्तर्गत वाद दायर किया गया। जिसमें दिनांक 08/04/2024 सुनवाई हेतु नियत है। आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपरोक्त दिनांक समय 10 बजे पूर्वाह्न अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर उपरोक्त वाद में पैरवी करें। अन्यथा की स्थिति में आपके विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही कर दी जायेगी।

**उपजिलाधिकारी**
**तहसील अमृतपुर, जनपद- फर्रुखाबाद**

**कार्यालय ग्राम पंचायत खण्डौली वि0ख0 राजेपुर, फर्रुखाबाद**

पत्रांक:मीमो/ग्रा0पं0/राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत टेण्डर प्रकाशन/वित्तीय वर्ष 2023-24 — दिनांक 10/03/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में वर्ष 2023-24 अन्तर्गत ग्राम पंचायत खण्डौली की स्वीकृति कार्य योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 11/03/2024 से दिनांक 16/03/2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा विक्रय की जायेगी एवं दिनांक 16/03/2024 शाम 04 बजे निर्माण समिति के समक्ष खोली जायेगी।

| क्रं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत | जमानत धनराशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण होने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | शिवम के घर से रमेश के घर तक नाली व इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | ईंट, मौरम, सीमेन्ट, बालू आदि | 4,29996 लाख | 2 प्रतिशत | 500 | 7 दिन |

**नियम व शर्तें:-** निविदादाता का आयकर व जी.एस.टी. में पंजीकृत होना आवश्यक है। धरोहर धनराशि एफ.डी.आर. व एन.एस.सी. व चेक द्वारा ली जायेगी।

**(हरेन्द्र सिंह सोमवंशी)** — **ग्रा0पं0 खण्डौली, राजेपुर** — **(राजीव सुमन)**

**कार्यालय ग्रा0पं0 सोना जानकीपुर वि0ख0 शमशाबाद, फर्रु0**

पत्रांक:मीमो/ ग्रा0पं0/राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त/मनरेगा टेण्डर प्रकाशन वित्तीय वर्ष 2023-2024 — दिनांक 12/03/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त/मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सोना जानकीपुर द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 13/03/2024 से 17/03/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 17/03/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव/अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | मीना देवी पत्नी विमल कुमार का कैटल शेड निर्माण कार्य | 1.48 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | अजीत कुमार पुत्र शीशराम का कैटल शेड निर्माण कार्य | 1.48 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | प्रयागश्री पत्नी उदयवीर सिंह का कैटल शेड निर्माण कार्य | 1.48 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 4- | मीरा देवी पत्नी अमर सिंह का कैटल शेड निर्माण कार्य | 1.48 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तें:-** ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान (विमला देवी)** — **ग्रा0पं0 सोना जानकीपुर, शमशाबाद** — **सचिव (अरुन यादव)**

# रसोइयों ने अपनी मांगों को लेकर निकाला जुलूस, किया प्रदर्शन

- पांच सूत्री मांग पत्र डीएम ऑफिस में देकर बुलंद की आवाज

सोनभद्र। समृद्धि न्यूज



**कलेक्ट्रेट परिसर** में मंगलवार को जुलूस निकाल कर विरोध प्रदर्शन करते रसोईया संघ डीएम ऑफिस में देखकर बुलंद की आवाज। अध्यक्षता कर रही मन्नो देवी ने बताया कि हम रसोइया कर्मी बहुत अल्प मानदेय और बेहद कठिन परिस्थितियों में अपने कार्य को वर्षों से कुशलता पूर्वक संपादित करती आ रही हैं। मिलने वाली मानदेय की राशि भी आज तक कभी भी नियमित रूप से नही मिली। वर्तमान समय में भी 4 माह का मानदेय बकाया है । न तो कोई स्वास्थ्य सुविधा है और न ही जीवन बीमा । नवीनीकरण के नाम पर मनमाने ढंग से निष्कासन आम बात हो गई है। धुंआ मुक्त प्रदेश में हम जुगाड की लकड़ी में खाना पकाने के लिए बाध्य हैं। गैस सिलेंडर नुमाइस की सामान भर हैं। खाना बनाने के साथ सफाई कर्मचारी से लेकर चपरासी तक के सारे काम करने पड़ते हैं। कोई आकश्मिक और बीमारी का कोई अवकास नही मिलता। वही बताया कि हमारी निम्न मांगो पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर उन्हे पूरा करते हुए हम रसोईया कर्मियों को भी सामान्य जीवन जीने का हक प्रदान करने की कृपा की जायेगी। 45 वें भारतीय श्रम सम्मेलन की सिफारिश के अनुरूप रसोईया कर्मियों के स्थाई करण, न्यूनतम वेतन, ईएसआई व ईपीएफ की सुविधा, सेवा निवृत्ति पर ग्रेड्यूटी और पेंशन की सुविधा की गारंटी की जाय। विगत 4 माह का बकाया तत्काल भुगतान किया जाय। पूरे 12 माह का मानदेय अनुमन्य किया जाय। सभी विद्यालयों को एक सर्कुलर जारी किए जाने वाले दुर्व्यवहार पर रोक लगाई जाए। और उत्पीड़न की घटनाओं और यौन दुर्व्यहार के विरुद्ध त्वरित न्याय के लिए जेंडर सेल गठित की जाय। विद्यालयों में खाना बनाने के कार्य के अलावा कराई जा रही बेगार पर रोक लगाने के लिए आदेशित किया जाय। इस दौरान अध्यक्ष मन्नो देवी सचिव ममता देवी ट्रेड यूनियन एक्टू जिला अध्यक्ष कामरेड कलीम सुनीता देवी रीता देवी माला देवी वंदना देवी पुष्पा देवी गीता देवी तमाम रसोईया मौजूद थे छात्र नेता अमीना खातून उर्फ चारु।

## ढाई किमी सड़क निर्माण के लिये ग्रामीणों ने डीएम को भेजा पत्र

**जालौन (उरई)।** अम्मरगढ़ से सिकरीराजा तक संपर्क मार्ग बनवाने के लिए ग्रामीणों ने डीएम को शिकायती पत्र भेजा है। ग्रामीणों ने डीएम से उक्त मार्ग का बनवाए जाने की मांग की है। सिकरीराजा व अम्मरगढ़ के ग्रामीण अनूप राजावत, विश्वनाथ सिंह, अरविंद सिंह, विक्रम सिंह, रानन सिंहख् बब्बूराजा सिंह, रामकुमार, महेशचंद्र, संजू कठेरिया, चंद्रभान, मुकेश सिंह, यतेंद्र सिंह आदि ने डीएम राजेश पांडेय को शिकायती पत्र भेजकर लिखा कि अम्मरगढ़ से सिकरीराजा तक करीब ढाई किमी संपर्क मार्ग पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। यह संपर्क मार्ग सालों से उखड़ा पड़ा है। प्रतिदिन सैंकड़ों लोगों का इस मार्ग से आना जाना लगा रहता है। गांव में इंटर कॉलेज के अलावा पीएचसी और बैंक भी है। गांव की आबादी करीब पांच हजार है। खराब सड़क के चलते कई बार दुर्घटनाएं होती हैं। जिसमें जान माल के नुकसान का खतरा बना रहता है। कई बार अधिकारियों समेत जन प्रतिनिधियों से इस मार्ग को बनवाने की मांग ग्रामीण कर चुके हैं। हर बार सिर्फ आश्वासन मिलता है।

**कार्यालय ग्रा0पं0 डूंगरपुर वि0ख0 कमालगंज, फर्रु0**

पत्रांक: मीमो/मनरेगा योजनान्तर्गत/ 2023-24 — दिनांक 11/03/2024

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत डूंगरपुर विकास खण्ड कमालगंज जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्न परियोजना में निर्माण सामग्री संदर्भित कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 12/03/2024 से 17/03/2024 तक की अपरान्ह 3-00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 17/03/2024 को सायं 4:00 बजे अपरान्ह ग्राम पंचायत में प्रधान, सचिव, अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 12/03/2024 से 17/03/2024 तक अपरान्ह 2-00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत से रु0 500.00 अदा करने पर प्राप्त की जा सकती है।

| क्रं. | कार्य का नाम | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | महेन्द्र पाल के घर से रामकिशन के घर तक मिट्टी, नाली व इंटरलाकिंग कार्य | मनरेगा | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 1,91131 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | प्रमिला के घर से नरेश के घर तक मिट्टी, नाली व इंटरलाकिंग कार्य | मनरेगा | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 1,83343 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तें:-** ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**(सचिव), ग्राम पंचायत डूंगरपुर, वि0ख0 कमालगंज**

**ज्ञापन** — बिंदुवार समस्याओं का ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा

# मेडिकल कालेज की बिगड़ी व्यवस्था सुधारने के लिए बुंदेली सेना ने बुलंद की आवाज

- चार माह से अल्ट्रासाउंड की सुविधा से वंचित हो रहे मरीज
- हड्डी रोग के मरीजों को मेडिकल कालेज से किया जाता है जिला अस्पताल रेफर

उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज



**राजकीय** मेडिकल कालेज में बिगड़ी व्यवस्था सुधारने के लिए मंगलवार को जिलाधिकारी कार्यालय में पहुंचकर कई बिंदुओं को शामिल कर एक ज्ञापन जिलाधिकारी को संबोधित सौंपा जिसमें मेडिकल कालेज में आने वाले मरीजों बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें मुहैया कराने की मांग की। बुंदेली सेना ने जिलाधिकारी को संबोधित दिये गये ज्ञापन में स्पष्ट किया कि राजकीय मेडिकल कालेज उरई में विगत 4 माह से अल्ट्रासाउंड बंद पड़ा हुआ है जिससे मरीज अल्ट्रासाउंड की सुविधा से बंचित है। जनपद व आस पास के सुदूर क्षेत्रों से पहुंचने वाले मरीजों को इसके लिए बहुत परेशान होना पड़ता है। गरीब मरीज बाहर से अल्ट्रासाउंड कराकर आर्थिक व्यय करने को मजबूर होने के साथ साथ समय से उपचार भी नहीं प्राप्त कर पाते है। लंबे समय से अनेक ऐसे प्रकरणों में देखा गया है मरीजों को राजकीय मेडिकल कालेज से जिला चिकित्सालय उरई रिफर कर दिया गया है, खास तौर पर हड्डी रोग वाले मरीजों को। इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है ताकि मरीजों का सही से राजकीय मेडिकल कालेज में उपचार हो सके। मेडिकल कॉलेज के सीनियर डॉक्टर प्राइवेट नर्सिंग होम में मरीजों को देखते हैं इसीलिए मेडिकल में मरीजों को गंभीरता से इलाज नहीं करते हैं। एमआरआई और सिटी स्केन व अन्य अति महत्वपूर्ण टेस्ट की सुविधा राजकीय मेडिकल कालेज में उपलब्ध नहीं है। इसे भी उपलब्ध करवाने की दिशा में सही से सार्थक प्रयास किया जाये। इस मौके पर बुंदेली सेना के बुन्देलखण्ड संयोजक डॉ. आश्रय सिंह उर्फ गप्पू, जिलाध्यक्ष बुंदेली सेना शिवम् चौहान, जिला महामंत्री बुंदेली सेना पुष्पेंद्र सिंह, विशाल सिंह, राजा सिंह यादव, लक्ष्य सिंह, रमाकांत सिंह, दीपक सिंह उर्फ हनु, मानवेन्द्र सिंह, धर्मेन्द्र सिंह मोनू, अनुराग कठपुरवा, श्रीराम प्रजापति, सोनू चौहान, मानवेन्द्र सिंह सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**कार्यालय-नगर पालिका परिषद, फर्रुखाबाद।**

पत्रांक:- 400/निर्माण/न0पा0/2023-24 — दिनांक 12/03/2024

**ई-निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद, फर्रुखाबाद में अमृत-2.0 योजनान्तर्गत के अन्तर्गत उपलब्ध धनराशि से अमृत तालाब सौंदर्यीकरण कार्य ई-निविदा आमंत्रित की गयी है। http://etender.up.nic.in के माध्यम से ई-निविदा निम्नविवरणानुसार आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| आनलाईन निविदा प्रकाशन की तिथि/समय | 12.03.2024 | 06-00 PM |
| आनलाईन निविदा अपलोड करने की प्रारम्भिक तिथि/समय | 13.03.2024 | 09-00 PM |
| आनलाईन निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय | 18.03.2024 | 4-00 PM |
| निविदा खोलने की तिथि/समय | 18.03.2024 | 4-30 PM |

**नोट:-** निविदा सम्बन्धी नियम व शर्तों की विस्तृत जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में सम्बन्धित पटल पर उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**फर्रुखाबाद।**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**फर्रुखाबाद।**

# इत्रनगरी के उत्पादों को मिलेगी पहचान, मिलेगा रोजगार को बढ़ावाः राज शर्मा

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

- पीएम ने कन्नौज रेलवे स्टेशन पर 'एक स्टेशन एक उत्पाद' का वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से किया उद्घाटन
- कन्नौज रेलवे स्टेशन पर आयोजित हुए कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे जेड आरयूसीसी सदस्य राजेश शर्मा व इज्जत नगर बरेली मण्डल के सहायक वाणिज्य प्रबंधक अवध बिहारी ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का कराया शुभारम्भ







**मंगलवार को** जिला मुख्यालय स्थित रेलवे स्टेशन पर आयोजित हुए कार्यक्रम के दौरान प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने एक स्टेशन एक उत्पाद का वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से उद्घाटन किया। यहां आयोजित हुए कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर के जेड आरयूसीसी सदस्य राजेश शर्मा ''राज'' का इज्जत नगर बरेली के सहायक मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवध बिहारी ने बुके देकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि एवं डिवीजन के अधिकारियों के द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ।

इस अवसर पर जेड आरयूसीसी सदस्य राजेश शर्मा ''राज'' ने अपने संबोधन में कहा कि आज कन्नौज वासियों के लिए यह दिन गौरव महसूस करने का है। कहा कि आज भारत के प्रधानमंत्री द्वारा जनपद कन्नौज में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत दो स्टेशनों का पुर्न विकास के लिए चयनित करना ही 'सब का साथ सबका विकास' को दर्शाता है। श्री शर्मा ने कहा कि भारतीय रेलवे द्वारा इज्जत नगर मंडल के 36 स्टेशनों में कन्नौज, बिल्हौर, कमालगंज स्टेशनों पर एक स्टेशन एक उत्पाद (ओडीओपी) के अंतर्गत स्थानीय उत्पादों व कारीगरों को प्रोत्साहन दे कर उनके लिए जो योजना प्रधानमंत्री एवं रेल मंत्री द्वारा बनाई गई है, निश्चित ही इससे रोजगार को बढ़ावा एवं रेलवे राजस्व में वृद्धि तथा स्टेशन की पहचान को दर्शायेगा। कहा कि लंबी दूरी की ट्रेनों में यात्रा करने वाले यात्रियों की जब टेऊन कन्नौज रेलवे स्टेशन पर पहुंचेगी तो खुशबू का एहसास होगा, इससे यात्रियों को इन स्थानों से इत्र को खरीदने में सुगमता होगी और व्यापारियों को इससे लाभ होगा और वे अपने रोजगार को बढ़ा सकेगें। कहा कि पीएम मोदी ने एक नारा दिया है 'वोकल फॉर लोकल' जिससे स्थानीय, स्वदेशी उत्पादों के लिए बाजार प्रदान करने से ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए अतिरिक्त आय के नए अवसर पैदा होंगे कहा कि रेलवे स्टेशन पर एक स्टेशन एक उत्पाद योजना निश्चित ही एक सफल योजना होगी। श्री शर्मा ने कहा कि रेल मंत्री द्वारा भारत में रेलवे की नई तकनीकी से लैस हाई स्पीड ट्रेन, वंदे भारत, हमसफर, अमृत भारत ट्रेनों को बढ़ाकर रेल विभाग को नई ऊंचाइयों पर लाने का कार्य किया है। उन्होने कहा कि जब से भाजपा सरकार आई है मोदी औरं रेल मंत्री जी के अथक प्रयास से भारत देश विकास की ओर अग्रसर हो रहा है सबका साथ सबका विकास, भ्रष्टाचार मुक्त भारत और प्रति व्यक्ति की आय बढे यही मोदी की गारंटी है। इस अवसरप राज शर्मा ने एक स्टेशन एक उत्पाद योजना का लोकार्पण करं कन्नौज रेलवे स्टेशन पर बने इत्र स्टाल का शुभारंभ कराया। इस अवसर पर स्टेशन अधीक्षक अंजनी प्रसाद, सत्येंद्र बघेल, आनंद कुमार, अमित प्रकाश, रविंद्र मिश्रा, रमेश मल्होत्रा, परशुराम देवल, संजीव पांडे, सुधीर गुप्ता, शकील अहमद, राम जी सिसोदिया, सचिन वर्मा, सुभाष पाल समेत तमाम गणमान्यजन मौजूद रहे।

## सपा ने घोषित की अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी





कन्नौज,समृद्धि न्यूज

- बसपा छोड़कर सपा में शामिल हुए नए सदस्यों को भी मिली जिम्मेदारी, कार्यकारिणी के पदाधिकारी गांव-गांव पहुंचकर सपा की नीतियों-रीतियों का करेंगे बखान

**मंगलवार को** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर आयोजित हुई बैठक में पार्टी ने अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें बसपा छोड़कर सपा में शामिल हुए सदस्यों को भी पदभार सौंपा गया है। सभी नव मनोनीत पदाधिकारियों को जिलाध्यक्ष कलीम खान व प्रदेश सचिव शशिमा सिंह दोहरे ने नियुक्ति पत्र सौंपे। मंगलवार को जिला मुख्यालय के तिर्वा रोड स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी के गठन हेतु पार्टी के जिलाध्यक्ष कलीम खान और प्रदेश सचिव शशिमा सिंह दोहरे ने सक्रिय कार्यकर्ताओं का चयन कर उन्हें जिम्मेदारी सौंपी। अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी में बसपा छोड़कर आए कई सदस्यों को पदभार से नवाजा गया। बताया गया कि 85 पदाधिकारियों की टीम गांव गांव पहुंचकर समाजवादी पार्टी की नीतियों व सपा शासन काल के दौरान कराए गये विकास कार्यो को गिनाने का कार्य करते हुए समाज के लोगों को पार्टी में जोड़ने का कार्य करेगी। बैठक में पार्टी के जिलाध्यक्ष कलीम खान व शशिमा दोहरे ने सभी नव मनोनीत पदाधिकारियों को मनोनयन प्रमाण पत्र देकर आगामी लोक सभा चुनाव में जुट जाने के निर्देश दिये।

## तीन करोड़ से संवारे जाएंगे कन्नौज के दो धार्मिक स्थल

- प्राचीन बाबा गौरीशंकर मंदिर में बिजली, पानी और सड़क का होगा निर्माण
- गुरसहायगंज के रामलीला मैदान में भी बढेंगी जन सुविधाएं

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

**प्रदेश सरकार** 'वंदन' योजना के अंतर्गत धार्मिक, पौराणिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक महत्त्व के स्थलों पर अवस्थापना तथा अन्य सुविधाओं का विकास कर रही है। इसी क्रम में जनपद के प्राचीन सिद्ध पीठ बाबा गौरीशंकर मन्दिर और उसके परिक्रमा मार्ग तथा गुरसहायगंज में स्थित रामलीला मैदान में बिजली, पानी, सड़क जैसी जनसुविधाओं का विकास जल्द शुरू होगा। इसके लिए शासन ने 314.73 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की है। सदर विधायक व मंत्री असीम अरुण ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार 'वंदन' योजना के अंतर्गत धार्मिक, पौराणिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक महत्त्व के स्थलों का कायाकल्प कर रही है। इन महत्वपूर्ण स्थलों पर आने वाले नागरिकों को किसी तरह की दिक्कत का सामना न करना पड़े, इसके लिए मूलभूत सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। श्री अरुण ने बताया कि बाबा गौरीशंकर मंदिर के लिए 160.79 लाख रूपए तथा गुरसहायगंज में स्थित रामलीला मैदान के लिए 153.94 लाख रूपए सरकार द्वारा स्वीकृत किया गया है, जल्द ही दोनों स्थलों पर जनसुविधाओं के विकास के लिए कार्य शुरू होगा।

## खबरें चलते-चलते

### अपनी सम्पति का मूल्यांकन कर स्वकर को मान्यता दें: अनिल पंडित



**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश शासन द्वारा सम्पति कर के नये मानकों के अनुपालन में नगर पालिका परिषद प्रशासन द्वारा सर्वे कराया गया था। जिसे गृह कर एवं व्यवसायिक कर के रूप में दो भागों में बांटा गया था। जिन नागरिकों को सम्पति कर में आपत्ति है। तो वह अपनी आपत्ति 30 मार्च तक कार्यालय में उपस्थित होकर दर्ज करा सकते हैं। यह जानकारी मंगलवार को स्थानीय नगर पालिका परिषद कार्यालय में अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित ने दी। बताया कि आपत्तिकर्ता नागरिकों को एक फॉर्म दिया जाएगा जिसमें निम्न विकल्पों में स्वयं अपनी सम्पति कर का मूल्यांकन कर स्वकर को मान्यता प्रदान करेंगे। इससे पूर्व उन्होंने पालिका कर्मियों के आवश्यक बैठक लेते हुए करों की वसूली में तेजी लाए जाने के कड़े निर्देश दिए। इस दौरान प्रधान लिपिक आरपी सिंह, जिलेदार सिंह, अशोक शर्मा, राजेश वर्मा, मनोज तिवारी, गौरव मिश्रा, जगदीश सिंह, मोहित गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### मेडिकल कॉलेज परिसर में सड़क के सुन्दरीकरण का बजट स्वीकृत

**तिर्वा।** डॉ. भीमराव रामजी अम्बेडकर राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय की जर्जर पड़ी सड़को के सुन्दरीकरण का काम जल्द शुरू कराया जाएगा। इसके लिए शासन ने बजट स्वीकृत कर दिया है। परिसर में करीब नौ किलोमीटर सड़को का सुन्दरीकरण होना है। राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय परिसर में करीब नौ किलोमीटर की सड़क है। जो पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है। गिट्टी उखड़े जाने से सड़को पर बड़े-बड़े गड्ढे भी हो गए है। इन गड्ढों में फंसकर कई बार बाइक सवार तीमारदार गिरकर चुटिहल भी हो चुके है। इन सड़को के सुन्दरीकरण के लिए मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने शासन को प्रस्ताव भेजा था। मंगलवार को शासन ने इन सड़को के सुन्दरीकरण के लिए बजट पास कर दिया है। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ.सीपी पाल ने बताया कि इन सड़को के सुन्दरीकरण के लिए शासन को चार करोड़ 61 लाख रूपए का प्रस्ताव भेजा था। यह प्रस्ताव शासन ने स्वीकृत कर दिया है। जल्द कार्यदायी संस्था सड़को के निर्माण के लिए कार्य शुरू कर देगी। सड़को का सुन्दरीकरण हो जाने से मेडिकल कॉलेज की रौनक बदल जाएगी।

### छत से गिरकर युवक की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**तिर्वा।** कोतवाली क्षेत्र के किनौरा गांव में छत से गिरकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। यहां डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के कमलेपुर्वा गांव निवासी सत्यवीर (35) किनौरा गांव में मकान बनाकर रहता था। मकान में ही वह किनारे की दुकान भी किए है। मंगलवार की सुबह वह घर की छत पर टहल रहा था। अचानक किसी प्रकार उसका पैर फिसल जाने से वह छत से नीचे गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। यहां डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत का समाचार पाकर परिजनों में कोहराम मच गया। बाद में परिजन शव को लेकर वापस घर ले गए। मामले में तिर्वा कोतवाली प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि उनको कोई सूचना नहीं मिली है। सूचना मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### डंफर ने ई-रिक्शा में मारी टक्कर, तीन घायल

**तिर्वा।** कोतवाली क्षेत्र के बेहरिन गांव के निकट मंगलवार की दोपहर एक डंफर चालक ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा चालक तिर्वा कोतवाली के सहिल्लापुर गांव निवासी सूरज के अलावा तालग्राम के गदनापुर गांव निवासी खुशबू पत्नी पिंटू राज व गीता पत्नी प्रदीप गंभीर रूप से घायल हो गई। तीनों घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। यहां उनका उपचार किया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री के वर्चुअल कार्यक्रम को ईओ व सभासदों ने देखा



**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** नगर पालिका परिषद सभागार में मुख्यमंत्री के वर्चुअल कार्यक्रम को अधिशाषी अधिकारी अनिल पंडित व कर्मियों प्रधान लिपिक आरपी सिंह सहित सभासदों चरणजीत, निर्मल श्रीवास्तव, परमजीत, सुरेन्द्र कुमार, संतोष गुप्ता उर्फ मुल्लू, प्रतिनिधि धर्मेंद्र गुप्ता उर्फ बडे, सिराज अहमद, आजम सिददीकी सहित समस्त सभासदों ने देखकर मेंज थपथपा कर हर्ष व्यक्त किया। मंगलवार को स्थानीय नगर पालिका परिषद में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नें वर्चुअल कार्यक्रम में नगर विकास विभाग की 11 हजार करोड़ रुपए से अधिक लागत की 3419 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करनें के उपरान्त पीएम मोदी के विकसित भारत बनाने के संकल्प को दोहराया। इस दौरान उन्होनें अपने संबोधन में उत्तर प्रदेश को विकसित प्रदेश बनाने के लिए विकास कार्यो को धरातल पर लाने के लिए तेजी से कार्य करनें के लिये प्रेरित किया। कहा कि नगरों के समृद्ध विकास के साथ ही नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिले, उनके जीवनस्तर में सुधार हो, इसके लिए योगी सरकार संकल्पित है।

## उपभोक्ताओं को अब आसानी से मिल सकेगी बैंकिंग सुविधायें

- सहायक महाप्रबंधक एवं कांग्रेस पूर्व प्रदेश सचिव ने सामूहिक रूप से फीता काटकर केनरा बैंक का किया उद्घाटन

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज



फीता काटकर बैंक शाखा का उद्घाटन करते क्षेत्रीय सहायक महाप्रबंधक प्रभात राजवंशी

**प्रदेश कांग्रेस** कमेटी के पूर्व सचिव विजय मिश्र एवम सहायक महाप्रबंधक प्रभात राजवंशी ने केनरा बैंक की स्थानीय शाखा का सयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि नगर में केनरा बैंक के शुभारंभ से स्थानीय उपभोक्ताओं को आसानी से बैंकिंग सुविधा मिल सकेगी। मंगलवार को मोहल्ला रामगंज में केनरा बैंक की स्थानीय शाखा का उद्घाटन करने के उपरांत सहायक क्षेत्रीय महाप्रबंधक प्रभात राजवंशी ने कहा कि हमारी बैंक शाखा बिना किसी भेदभाव के पूरे देश में बैंकिंग सेवाएं उपभोक्ताओं को प्रदान कर रही है। नगर गुरसहायगंज में शाखा के शुभारंभ से केनरा बैंक के स्थानीय उपभोक्ताओं को बैंकिंग सुविधा लेने के लिए परेशान होने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्हें आसानी से बैंक संबंधी सभी प्रकार की सुविधा मिल सकेगी। इस अवसर पर अभिषेक कुमार मंडल प्रबंधक कानपुर, पुष्पम ओमर, श्रद्धा मिश्रा, रजत गुप्ता, पदमकांत दीक्षित, राजेश राय, शाखा प्रबंधक आशुतोष यादव, सुशील कुमार, ऊषा दुबे, देवेन्द्र देव, जीतू तिवारी, विनय दुबे, संदीप त्रिवेदी, अवधेश गुप्ता, रामकुमार पाठक, संजीव दुबे मुन्ना, राजीव दुबे, दिलीप गुप्ता, महेश गुप्ता, अरुण त्रिपाठी, पीयूष चतुर्वेदी, आदेश मिश्रा, विनय मिश्रा, आर के कटियार, प्रबल प्रताप सिंह, प्रदीप मिश्रा, रामनरेश दुबे, तरुण मिश्रा, संजीव गुप्ता, धर्मेन्द्र कौशल, दिलीप शुक्ला, अखिलेश दुबे, सूरज गुप्ता आदि बडी संख्या में प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।

### बाइकों की भिड़ंत में दो घायल

**तिर्वा।** ठठिया थाना क्षेत्र के सिमरिया गांव के निकट मंगलवार की सुबह आमने-सामने दो बाइकों में भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइकों पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनो घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। रसूलाबाद निवासी रामवीर (40) नाथूराम बाइक पर बैठाकर तिर्वा आ रहे थे। रास्ते में सिमरिया गांव के निकट रकसहिया गांव निवासी नन्दराम से उनकी जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए।

## जले भू अभिलेख बनवाने को भाकियू (अवधेश) करेगी आंदोलन



छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

- 14 मार्च की किसान पंचायत में लिया जाएगा फैसला

**जिले के** कई गांवों के भू अभिलेख वर्षों पहले फूस बंगला अग्निकांड में जल गए थे। इनको जल्द बनवाने के लिए भारतीय किसान यूनियन (अवधेश) आंदोलन करेगी। इस ज्वलंत मुद्दे पर 14 मार्च को होने वाली किसान पंचायत में फैसला लिया जाएगा। यह जानकारी देते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आनंद कुमार गुप्ता ने कहा जब कन्नौज फर्रुखाबाद एक ही जिला था तब फतेहगढ़ के फूस बंगला स्थित चकबंदी कार्यालय में आग लगने से इस जिले के भी कई ग्रामों के भू अभिलेख जल गए थे जो अब तक नहीं बन पाए हैं। इसके कारण किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस ज्वलंत मुद्दे पर संगठन की किसान पंचायत में फैसला लिया जाएगा जो छिबरामऊ के लिटिल स्टार मैरिज होम में 14 मार्च गुरुवार को 1ः30 बजे से होगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधेश कुमार त्रिपाठी ने बताया इस पंचायत में संगठन का विस्तार करते हुए कुछ नए सम्मानित लोगों को सम्मिलित भी किया जाएगा। सभी पदाधिकारियों से निवेदन है कि समय पर पहुंच कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं और सम्मिलित हुए नए पदाधिकारियों का सम्मान करने के साथ संगठन के बारे में जागरूक करें। इस दौरान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बालेंद्र यादव एवं गौतम बुद्ध नगर युवा प्रकोष्ठ के मंडल उपाध्यक्ष अनुराग उपाध्याय भी मौजूद रहे।

## बार एसोसिएशन वार्षिक निर्वाचन के अन्तिम दिन 41 अधिवक्ताओं ने किया नामांकन

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज






**बार एसोसिएशन** चुनाव के आज अन्तिम दिन अधिवक्ता सभागार मे नामांकन पंत्रो की बिक्री के साथ चुनाव प्रक्रिया हुई। इस दौरान अध्यक्ष समेत कुल23 पदो के लिए आज 41 अधिवक्ताओ ने नामांकन पत्रो दाखिल किए नामांकन के अन्तिम दिन सुबह से ही गहमागहमी का माहौल बना रहा। इस दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी रामचन्द्र यादव ने बताया कि अध्यक्ष पद के चार जिसमे जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव, अनुप कुमार दीक्षित, व शिवनाथ सिह यादव व अरविंद सिह राठौर के बीच मुकाबला होगा ।इसके अलावा महासचिव पद के चार पत्र दाखिल हुए हुए जिसमे पंकज मिश्रा,राजीव कुमार दीक्षित,व ललित प्रताप सिंह ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया और मुकाबला होगा।

इसके अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष बृहमदत्त यादव व बादम सिह यादव के बीच मुकाबला होगा उपाध्यक्ष (प्रथम)के एक पद के कृष्णकांत चतुर्वेदी,गौरव चतुर्वेदी,कुलदीप सिह, इवने अली,व रामबाबू शाक्य के बीच मुकाबला होगा कनिष्ठ उपाध्यक्ष (द्वितीय) के दो पदो के लिए छ्शैलेन्द्र सिह यादव, शिवप्रकाश,भाईया लाल,जयवीर सिह यादव, धीरज तिवारी के बीच मुकाबला होगा व संयुक्त सचिव प्रशासन के एक पद के लिए चार गुलाम हुसैन, मो तनकीद,रवि मिश्रा,अजय यादव के बीच मुकाबला होगा व संयुक्त सचिव प्रसारण के एक पद के लिए अभिषेक दुबे (रूपेश)निर्विरोध धोषित हुए व संयुक्त सचिव पुस्तकालय के एक पद के लिए सुमनलता शाक्य को निर्विरोध धोषित हुई व कोषाध्यक्ष के एक पद के लिए दो आशुतोष चौहान व मो मुफीद के बीच मुकाबला होगा ।प्रशासनिक सदस्य वरिष्ठ के पांच पदो के लिए मुकेश पाण्डेय, बालेश्वर चन्द्र चतुर्वेदी, अरुण शेखर तिवारी,निखिल कुमार दिवेदी नेम सिह यादव, जितेंद्र कुमार शाक्या के बीच मुकाबला होगा व प्रशासनिक सदस्य कनिष्ठ पद छ्प्पदो के लिए आठ नन्दकिशोर शाक्य, अवध किशोर यादव, वरूण कुमार मिश्रा,अनुराग त्रिपाठी,सचिन प्रताप, शुभम त्रिपाठी,शिवम शुक्ला,शैहनूर अहमद के बीच मुकाबला होगा।

# सपा के केंद्रीय चुनाव कार्यालय पर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को जिताने का कार्यकर्ताओं ने लिया संकल्प


**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

- चुनाव संचालन समिति का गठन हो: डा0 जितेन्द्र सिंह यादव
- गठबंधन प्रत्याशी होने के नाते सभी लोग अपना प्यार और आशीर्वाद दें: डा0 नवल किशोर शाक्य

**इंडिया** गठबंधन की संयुक्त बैठक ढिलावल तिराहा के निकट आरपी गेस्ट हाउस में सम्पन्न हुई। सभी पदाधिकारियों ने इंडिया गठबंधन प्रत्याशी को जिताने का संकल्प लिया। बैठक में आम आदमी पार्टी, भीम आर्मी, सीपीआई, सीपीआईएम के पदाधिकारियों के साथ समाजवादी पार्टी के नेता व पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक का मुख्य एजेंडा आने वाले चुनाव को लेकर गठबंधन के सभी घटक दलों को साथ लेकर कैसे चुनाव में उतरा जाए व चुनाव संचालन को लेकर पदाधिकारियों ने अपने-अपने सुझाव दिए। समाजवादी पार्टी के फ्रंटल संगठन के सभी जिलाध्यक्ष अपनी-अपनी कमेटी के साथ मौजूद रहे। समस्त घटक दलों के जिलाध्यक्षों को समाजवादी पार्टी के फ्रंटल संगठन के अध्यक्षों ने माला पहनाकर स्वागत किया। सपा जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा डॉ0 नवल किशोर से योग्य प्रत्याशी है। सभी लोग अपने-अपने बूथ पर जिताने का काम करेंगे।

छात्रसभा प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा ने कहा सेक्टर, जोन और बूथ स्तर का प्रत्येक पदाधिकारी अगर मेहनत से लग जाए तो डॉ0 नवल किशोर शाक्य को कोई नहीं हरा सकता। समाजवादी पार्टी बूथ स्तर के हर कार्यकर्ता का सम्मान करती है। आज भाजपा विपक्ष के बड़े नेताओं को झूठे मुकदमों में फंसाकर जेल में डालने का काम कर रही है। उन्होंने कहा आज लड़ाई पोस्टर बैनर पर छपने की नहीं है, आज हमें भाजपा जैसी झूठी और मक्कार पार्टी से जमीन पर लड़ना पड़ेगा। डा0 नवल किशोर शाक्य ने कहा नेताजी मुलायम सिंह यादव ने जिस प्रकार पिछड़ों, मजलूमों और शोषित समाज की एक अलग पहचान बनाई। आज जनता की जनता एक बार फिर गठबंधन के प्रत्याशी होने के नाते मुझे अपना प्यार देकर एक नया इतिहास लिखने जा रही है। प्रदेश सचिव डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव ने सुझाव दिया कि चुनाव संचालन समिति का गठन किया जाना चाहिए। जिसमें वरिष्ठ नेताओं के साथ युवाओं की भी भागीदारी हो जो प्रत्येक दिन हर विधानसभा की रिपोर्ट लेकर केंद्रीय कार्यालय को देंगे। उन्होंने कहा संगठन ही पार्टी को चुनाव लड़ाता है, प्रत्येक संगठन के पदाधिकारी की जिम्मेदारी है कि वह अपने अपने बूथ पर जाकर अपने प्रत्याशी के पक्ष में माहौल बनाने का काम करें। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष नीरज प्रताप सिंह ने कहा कि भाजपा ने गरीबों का पिछले 10 सालों ने बहुत उत्पीड़न किया। अब समय आ गया है कि इन्हें फर्रुखाबाद से हटाकर डॉ0 नवल किशोर शाक्य को इस जनपद का सांसद हमारे क्षेत्र की जनता इस बार बनाए। अखिल भारतीय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाश चंद्र शाक्य ने कहा इस बार वह पूरे शाक्य समाज से अपील करते हैं कि डॉ0 नवल किशोर शाक्य को एक जुट होकर जिताएंगे। भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष शहजाद मंसूरी ने कहा वह भीम आर्मी की ओर से भरोसा दिलाते हैं कि उनका प्रत्येक कार्यकर्ता गठबंधन के प्रत्याशी के लिए जी जान लगा देगा। कार्यक्रम की व्यवस्था जिला पंचायत सदस्य नरेन्द्र शाक्य ने देखी। इस मौके पर अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष देवेन्द्र यादव, लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष अनुराग यादव, छात्रसभा के जिलाध्यक्ष हर्ष गंगवार, मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष इजहार खान मौजूद रहे। संचालन युवजन सभा के जिलाध्यक्ष शिवम यादव ने किया। इस दौरान जिला महासचिव इलियास मंसूरी, प्रदेश सचिव सर्वेश अम्बेडकर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विजय यादव, साजिद अली खान, डा0 नवरंग यादव, सुलक्षण सिंह, रमेश कठेरिया, केके यादव, बेंचेलाल यादव, बृजेश सिंह, मुजीबुल हसन, जितेंद्र यादव सिरौली, मनोज मिश्रा, मीडिया प्रभारी विवेक यादव, नागेंद्र शाक्य, शशांक सक्सेना, रोमित सक्सेना, अमित कठेरिया, बंटी यादव, सिराजुल अफाक मुन्ना, जेपी वर्मा, चंद्रेश राजपूत, नरेंद्र सिंह यादव, सोमेंद्र यादव, सुनील कटियार, प्रवेश रत्न शाक्य, नीलम सिंह, मिथुन शाक्य, संतोष दिवाकर, श्याम सुंदर बौद्ध, मतीन खान, मनोज सिंह, पवन गौतम, एमपी सिंह, सुब्रत शाक्य आदि लोग मौजूद रहे।


कार्यक्रम को सम्बोधित करते प्रदेश सचिव डा0 जितेन्द्र सिंह यादव


बैठक में विचार व्यक्त करते प्रत्याशी डा0 नवल किशोर शाक्य

# खबरें चलते-चलते

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** मामा के घर शादी समारोह में भाग लेने जा रहे बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची जलालाबाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शाहजहांपुर भेजा। जानकारी के अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम बांसखेड़ा निवासी नेतराम पुत्र बालकराम उम्र 35 वर्ष की टॉपर तथा कड़हर पुलिस चौकी के निकट किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से उस वक्त दर्दनाक मौत हो गई जब बाइक सवार अपने मां के घर एक शादी समारोह कार्यक्रम में भाग लेने के लिए जा रहा था। बताया गया है। मृतक की ननिहाल जनपद शाहजहांपुर के थाना जलालाबाद के गांव फरीदपुर में है। बताया गया है मामा गंगा सिंह निवासी फरीदपुर थाना जलालाबाद जनपद शहजानपुर के यहां एक शादी समारोह का कार्यक्रम था। जिसमें वह भाग लेने बाइक द्वारा ननिहाल जा रहा था। टॉपर तथा कड़हर के निकट रात्रि 10 बजे के करीब बाइक सवार की किसी अज्ञात वाहन से टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। उधर दुर्घटना की सूचना पर जलालाबाद पुलिस मौके पर पहुंची तथा जांच पड़ताल करते हुए पुलिस ने बाइक की नंबर प्लेट के जरिए मृतक के परिवार के लोगों को दुर्घटना की सूचना दी। उधर दुर्घटना में युवक की मौत की सूचना के बाद घर परिवार में कोहराम मच गया। परिजन रोते बिलखते मौके पर पहुंचे। जलालाबाद थाने के दरोगा राजकुमार ने परिजनो की तहरीर पर पंचनामे की कार्रवाई पूरी की तथा शव पोस्टमार्टम के लिए शाहजहांपुर भिजवा दिया। बताया गया है मृतक के एक पुत्र, चार पुत्रियां है। पत्नी ईश्वरी देवी का रो-रोकर बुरा हाल था। जलालाबाद थाने के दरोगा राजकुमार का कहना था मृतक के परिजनों की ओर से दुर्घटना की तहरीर दी गई है। पंचनामे की कार्रवाई के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए शाहजहॉपुर भिजवा दिया गया। दरोगा का कहना था दुर्घटना की जांच कर कार्रवाई की जाएगी

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा के काशीराम कालोनी ब्लाक 18 हैवतपुर गढ़िया निवासी 26 वर्षीय रोहित उर्फ छोटू लाल दरवाजा स्थित बीज की दुकान पर काम करता था। बीते दो दिन पूर्व वह कादरीगेट निवासी ममेरे भाई मनीष के घर माँ बेबी आदि के साथ आया था। घर पर ताला पड़ा था। मनीष के घर से मंगलवार सुबह वह अपने घर काशीराम कालोनी पंहुचा और उसने दरवाजे का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश किया। पड़ोसी उमेश मौर्य ने उसे जब यह करते देखा, तो टोंक दिया। जिस पर रोहित ने बताया कि चाबी कहीं खो गयी है। भीतर जाकर उसने कमरे के कुंडे में मफलर से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर डायल 112 व थाना पुलिस मौके पर पंहुची और जाँच पड़ताल की। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## शराब सहित तीन गिरफ्तार

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना पुलिस ने अलग-अलग जगह से तीन लोगों को 20-20 लीटर शराब सहित गिरफ्तार कर लिया। नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव नगला गुलरिया जाने वाले मार्ग पर दरोगा हेमंत कुमार चेकिंग कर रहे थे, तभी उनके बताएं अनुसार मुखबिर ने सूचना दी कि वहां से दो व्यक्ति अलग.-अलग कट्टियों में शराब लेकर जा रहे हैं। सूचना पर दरोगा हेमंत कुमार तथा हमराही सिपाहियों ने युवकों को घेरने का प्रयास किया। तब युवक भागने लगे। जिनको पुलिस ने पकड़ लिया। जामा तलाशी में आशीष पुत्र बादाम तथा मनोज पुत्र उदयवीर ग्राम सुल्तान नगर थाना मोहम्मदाबाद दोनों के पास से अलग-अलग कट्टी में 20-20 लीटर शराब बरामद हुई। वहीं दूसरी घटना में दरोगा गिरीश चंद्र ने पेट्रोल पंप चौराहे से चांदपुर जाने वाले मार्ग पर रमन उर्फ रतन निवासी कुबेरपुर जुन्नरदारपुर थाना मोहम्मदाबाद को 20 लीटर शराब सहित गिरफ्तार कर लिया।

# स्वास्थ्य शिविर में मरीजों की हुई जांच, दी गयीं निःशुल्क दवाइयां

**कंपिल, समृद्धि न्यूज**


**विमलनाथ चेरिटेबल** फाउंडेशन व विमलायतन ट्रस्ट के बैनर तले कस्बे में दो दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दूसरे दिन शुगर के मरीजों की संख्या अधिक रही। इसके अलावा उच्च रक्तचाप, एनीमिया, हड्डी आदि के मरीजों को भी जाँच के बाद निःशुल्क दवाईयां वितरित की गयीं।

नगर के जैन अस्पताल में दो दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में मंगलवार को भी दूरदराज से आए ग्रामीणों व नगरवासियों ने परीक्षण कर दवाई व परामर्श लिया। स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ0 किरन कुकरेजा, डॉ0 शशी नारंग, डॉ0 रुबी सिंह ने महिला मरीजों की जाँच कर एनीमिया आदि बीमारियों की दवाईयां दी। डॉ एम चोपड़ा, डॉ0 एमजेएस अनंद पित्त पेट यकृत रोग विशेषज्ञ ने मरीजों की जाँच कर दवाईयां वितरित कीं। शिविर में लगभग 200 मरीजों के सुगर, ब्लड प्रेसर, खून, हड्डी आदि की जाँच की गयी। वहीं काफी संख्या में जुकाम, बुखार व खुजली के मरीज भी निकले। पुखराज डागा ने बताया कि हर माह आँखों के शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोगों को बीमारियों व उनके इलाज के बारे में जागरूक होना चाहिए। अस्पताल में लगातार कैम्प जारी रहेंगे। उन्होंने कहा वह गरीबों की बड़ी से बड़ी बीमारी का निःशुल्क इलाज के हमेशा अग्रसर रहेंगे। इस दौरान अटल बिहारी मिश्रा, हसनैन चौधरी, सचिन पांडेय, शहाना बेबी, लालाराम शाक्य, सनी आदि लोग मौजूद रहे।


मरीजों की जांच करती महिला चिकित्सक — समृद्धि न्यूज

# बंदरों के हमले में छात्र छत से गिरकर घायल

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** शमशाबाद क्षेत्र में आजकल खूंखार आतंकी बंदरों का खौफ बढ़ता ही जा रहा है। जिसके चलते कहीं ना कहीं लोग खूंखार बंदरों के हमले के शिकार हो रहे हैं। शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में बंदरों का आतंक इस कदर बढ़ गया है लोग घरों में मकानों की छतों पर जाने से भी घबराने लगे हैं। महिलाएं जो घरों के अंदर खुले में खाना बनाने से भी घबराने लगी, क्योंकि न जाने कब खूंखार बंदरों का हुजूम आ जाए और हमला कर घायल कर दे। इसका नजारा शमशाबाद थाना क्षेत्र ग्राम दलेलगंज में देखने को मिला। यहां के निवासी अवधेश कुमार का 10 वर्षीय पुत्र रवि जो पड़ोस में ही स्थित एक विद्यालय में कक्षा 5 का छात्र है। वह अन्य बच्चों के साथ मकान की छत पर खेल रहा था। उसी दौरान खूंखार बंदरों का झुंड आ गया। बंदरों के हमले से बचने के लिए छात्र ने चीखते चिल्लाते हुए बचने की कोशिश की। इसी दौरान छात्र नीचे गिर गया और घायल हो गया। चीख पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल छात्र को एक प्राइवेट नर्सिंग होम में लेकर पहुंचे। जहां समाचार लिखे जाने तक उसका उपचार जारी था।


चिकित्सक के यहां उपचार कराता बालक व कटखन्ने बंदर

# चोरी के माल सहित अभियुक्त गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**थाना नवाबगंज** पुलिस ने मु0अ0सं0 60/24 धारा 38, 457, 411 भा0द0वि0 व मु0अ0सं0 52/24 धारा 380, 411 भा0द0वि0 से संबंधित अभियुक्त सुरजीत पुत्र भारत सिंह निवासी ग्राम दौलतपुर थाना नवाबगंज को मय चोरी गये माल सहित गिरफ्तार कर लिया। वादी मुकदमा भूरेलाल पुत्र स्व0 ब्रजलाल निवासी ग्राम दौलतपुर थाना नवाबगंज के घर की सेफ का लॉकर तोड़कर उसमें रखे जेवरात चोरी कर लेना तथा दिनांक 12/13 फरवरी की रात्रि में मु0अ0सं0 52/24 धारा 380, 411 भा0द0वि0 से संबंधित मुकदमा वादी शैलेंद्र कुमार पुत्र रामचंद्र निवासी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिरौली ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिरौली से ताला तोड़कर सामान चोरी करने के संबंध में थाना नवाबगंज पुलिस द्वारा अभियुक्त सुरजीत पुत्र भारत सिंह निवासी ग्राम दौलतपुर थाना नवाबगंज को मय चोरी गये माल सहित गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त से एक चैन सोने की, एक जोड़ी झुमकी सोने की, एक जोड़ी कान के झाले सोने के, एक मांग की टीका सोने का, एक जनानी अंगूठी सोने की, एक मंगलसूत्र, बेसर सोने की, एक मर्दानी अंगूठी सोने की, 150 रुपये नकद के अलावा एक इन्वर्टर माइक्रोटेक, एक बीपी मशीन, एक एसपीओ2 मशीन, चार सफेद चादर, दो लाल रंग के सरकारी कंबल आदि बरामद किए। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक आमोद कुमार, उ0नि0 मो0 अकरम, उ0नि0 नरेश कुमार, उ0नि0 हेमंत कुमार, हे0का0 अशोक कुमार, हे0का0 गणेश शंकर, का0 किरण कुमार के नाम शामिल हैं।


पुलिस हिरासत में शातिर चोर — समृद्धि न्यूज

# भाई के हत्यारे को पुलिस ने आलाकत्ल सहित किया गिरफ्तार

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**

**पुलिस ने** सगे बड़े भाई की धारदार हथियार से हत्या करने में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त आलाकत्ल गाड़ासा सहित गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार वादी मुकदमा महाराज सिंह पुत्र गोवर्धन लाल निवासी ग्राम रजपालपुर कोतवाली कायमगंज ने 11 मार्च को पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा था कि मेरे छोटे बेटे गोयल उर्फ गोलू ने बड़े बेटे रंजीत उम्र करीब 25 वर्ष से झगड़ा कर उसे किसी धारदार हथियार से सिर पर कई बार वार करके हत्या कर दी थी। जिस पर पुलिस ने मु0अ0सं0 67/2024 धारा 302 भादवि में मुकदमा पंजीकृत कर लिया था। पुलिस ने नामित अभियुक्त गोयल उर्फ गोलू पुत्र महाराज सिंह निवासी रजपालपुर कोतवाली कायमगंज को मंगलवार को आलाकत्ल गड़ासा सहित गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने अपने जुर्म का इकबाल करते हुए बताया कि मेरे बड़े भाई रंजीत से अक्सर झगड़ा होता रहता था। मैं कभी-कभी शराब भी पी लेता हूँ। बीते दिन भी हमारा भाई से विवाद हुआ था। मैं शराब पिये था। मैंने गुस्से में आकर गड़ासे से अपने भाई की हत्या कर दी। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक रामअवतार, उ0नि0 नितिन कुमार, का0 सिन्धू, का0 मनीत कुमार शामिल हैं।


पुलिस हिरासत में हत्यारोपी — समृद्धि न्यूज

# एक घंटा 15 मिनट रुकेंगे मुख्यमंत्री, करेंगे कई परियोजनाओं का शिलान्यास


मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर ब्रीफिंग करते डीएम, एसपी आदि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ के जनपद आगमन का कार्यक्रम जारी हो गया है। कार्यक्रम के अनुसार सीएम योगी जनपद में कुल एक घंटा 15 मिनट रुकेंगे। जिसके चलते मंगलवार को अधिकारी दिन भर तैयारियों जायजा लेते रहे। मुख्यमंत्री योगी शहर के सातनपुर खैराताल में बने हैलीपेड पर हेलीकॉप्टर से दोपहर 1.50 उतरेंगे। इसके बाद वह वह दोपहर 1.55 बजे क्रिश्चियन कालेज मैदान में आयोजित जनसभा में पहुंचेंगे। जहाँ दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक जनपद की विभिन्य परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास कर जनसभा को सम्बोधित करेंगे। शाम 3.05 बजे वह हैलीपेड से पुलिस लाइन बरेली के लिए रवाना होंगे।

## मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर बंद रहेंगे विद्यालय

**फर्रुखाबाद।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बुधवार 13 फरवरी को जनपद में आगमन प्रस्तावित है। लिहाजा सुरक्षा के लिहाजा से उनके कार्यक्रम को देखते हुए नगर पालिका क्षेत्र फर्रुखाबाद के अंतर्गत आने वाले विद्यालय बंद रखने के आदेश दिये गये हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक व बेसिक शिक्षा अधिकारी गौतम प्रसाद ने संयुक्त रूप से जारी किये गये आदेश में कहा है कि मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को देखते हुए जिलाधिकारी की अनुमति से नगर पालिका फर्रुखाबाद के तहत आने वाले सभी बोर्ड के सभी नर्सरी, प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च माध्यमिक संस्थानों में 13 मार्च को अवकाश रहेगा। शैक्षणिक संस्थानों में आयोजित परीक्षाओं को यथावत संचालित किया जायेगा।

**वितरण** | चयनित 60 बच्चों को वितरित किये गये प्रमाण पत्र

# हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का ब्लॉक प्रमुख ने किया शुभारंभ

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**

**ब्लॉक संसाधन** केंद्र कायमगंज पर हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख अनुराधा दुबे के कर कमलों द्वारा किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती की माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की गई। कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी कायमगंज द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को संबोधित किया।

उन्होंने अपने संबोधन में कार्यकत्रियों के उत्तरदायित्व एवं कार्यो को बताया तथा साथ ही आग्रह किया कि आप परिषदीय विद्यालयों के अध्यापकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर निपुण बच्चा बनाने में अपनी विशेष भूमिका निभायें। आज के कार्यक्रम में प्राथमिक विद्यालय अताईपुर जदीद, प्राथमिक विद्यालय उलियापुर तथा संविलयन विद्यालय नीबलपुर के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में कायमगंज ब्लॉक की प्रत्येक न्याय पंचायत से पांच बच्चों को निपुण बच्चों के रूप में चयनित किया गया। जिसमें 2 बच्चे बाल वाटिका, एक बच्चा का कक्षा 1, एक बच्चा कक्षा 2 तथा एक बच्चा कक्षा 3 से लिया गया। इस प्रकार विकास क्षेत्र कायमगंज में कुल 60 बच्चों को चयनित किया गया। सभी चयनित बच्चों को ब्लॉक प्रमुख के द्वारा प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया। ब्लॉक प्रमुख के द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं अध्यापकों के बीच समन्वय स्थापित करने पर विशेष बल दिया गया तथा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महती भूमिका निभाने का आग्रह किया। ओमप्रकाश पाल खंड शिक्षा अधिकारी कायमगंज के द्वारा अध्यापकों को बताया गया कि आप लोग बाल वाटिका स्तर पर बच्चों को निपुण बनाने में महती भूमिका निभाने में सहयोग प्रदान करें। जिससे कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को जहां भी समस्या उत्पन्न हो रही है उसका निदान हो सके। कार्यक्रम में मुख्य रूप से टीम एआरपी, टीम संकुल शिक्षक, अश्विनी चतुर्वेदी, मुकेश कुमार, अनुराग पाठक, जितेंद्र सिंह, जय गोपाल, मोहित शुक्ला, अवधेश गुप्ता, रुचि गंगवार, असमीनाज, मालती देवी, ज्योति, श्याम आदि शिक्षकों का विशेष योगदान रहा।


बच्चे को प्रमाण पत्र देंती ब्लाक प्रमुख — समृद्धि न्यूज

# स्वीप कार्यशाला में मतदाता जागरुकता के बारे में दिया गया प्रशिक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**स्वीप कार्यशाला** मतदाता साक्षरता क्लब विधानसभा क्षेत्र कायमगंज में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशन में मतदाता साक्षरता क्लब हेतु कार्यशाला का आयोजन सीपी विद्या निकेतन इंटर कॉलेज के सभागार में हुआ। विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विद्यालयों के 67 अध्यापकों और प्रधानाचार्य ने प्रतिभाग किया। नोडल अधिकारी प्रधानाचार्य डॉ0 महेश चंद्र राजपूत ने भाग लिया। अध्यक्षता मिथिलेश अग्रवाल ने की। स्वीप कोऑर्डिनेटर सुधीर कुशवाहा ने सभी प्रतिभागियों को मतदाता साक्षरता क्लब के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सभी

### 67 अध्यापकों ने लिया भाग

इंटरमीडिएट के कॉलेज में कक्षाबार पाठ्यक्रम निर्धारित कर दिया गया है। जिसमें कक्षा 9 कक्षा 10 कक्षा 11 और कक्षा 12 के विद्यार्थियों को पूरे वर्ष भर मतदाता जागरूकता के बारे में पढ़ाया जाएगा तथा किस तरीके से लोकतंत्र में मतदाता की भूमिका होती है तथा चुनाव प्रक्रिया से संबंधित बारीकी से विवरण उपलब्ध कराया गया है। इसके लिए शाफ्ट कॉपी में सभी कक्षाओं के लिए लिंक को सभी विद्यालयों के लिए उपलब्ध करा दिया गया है। वर्तमान में आगामी लोकसभा चुनाव में विद्यार्थियों की सहायता से मतदान में क्या सहयोग मिल सकता है, इसके बारे में मतदान के प्रतिशत



स्वीप कार्यशाला में मौजूद शिक्षक — समृद्धि न्यूज

को बधाई जाने के लिए सुधीर कुशवाहा ने विस्तार पूर्वक सभी को प्रेरित किया। प्रधानाचार्य योगेश कुमार तिवारी ने स्वीप कार्यक्रम के बारे में प्रकाश डालते हुए बताया कि अब विद्यार्थियों के माध्यम से भावी मतदाता के रूप में उनका प्रेरित करना है तथा जब तक वह मतदाता बने तब तक वह मतदान के लिए पूर्ण जानकारी हासिल कर लें। मिथिलेश अग्रवाल ने बताया कि मतदान प्रक्रिया में भावी मतदाता छात्राओं/छात्रों का विशेष रूप से योगदान रहता है और वह बढ़-चढ़कर मतदान कराए जाने में अपना सहयोग प्रदान करते हैं तथा उनके अंदर उत्सुकता रहती है कि जब मतदाता बनेंगे अपना अवश्य वोट डालेंगे। डॉ0 महेश राजपूत ने योगेश तिवारी को स्काउट गाइड का आजीवन सदस्यता प्रमाण पत्र दिया। सीपी विद्या निकेतन तथा केएसआर इंटर कॉलेज कंपिल विद्यालय के पंजीकरण उपलब्ध कराए गए। सभी को मतदाता जागरुकता की शपथ दिलाई गई। संचालन वैभव सोमवंशी ने किया। इस अवसर पर मनोज कुमार तिवारी, उप प्रधानाचार्य अजय पाल सिंह, जितेंद्र प्रताप सिंह, सुनील कुमार दुबे, बाबूराम राठौर, सत्येंद्र राठौर, आकाश उपाध्याय, नेहा रस्तोगी, हरीश गंगवार, अंकित भारद्वाज, डॉ0 वरुण, क्रांति, दिनेश अवस्थी, सुनील कुमार, अनुष्का, अमर सिंह, सुभाष चंद्र, राजेश शास्त्री, वीरेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# एसएसआई के खिलाफ न्यायालय में याचिका दायर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**थाना मऊदरवाज** के एस.एस.आई. के खिलाफ पीड़ित ने मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी के न्यायालय में याचिका दायर की है। जानकारी के अनुसार कमलेश उर्फ वकील पुत्र लालाराम निवासी टिलिया अहमदगंज थाना मऊदरवाजा जनपद फर्रुखाबाद ने एस.एस.आई. ललित कुमार हाल तैनाती थाना मऊदरवाजा जनपद फर्रुखाबाद के विरुद्ध न्यायालय में दायर परिवाद में कहा है पीड़ित की अर्राहे पहाड़पुर सब्जी मंडी में सब्जी की आढ़त है। करीब 4-5 दिन पहले बीबीगंज के राम सिंह व रामसिंह का पुत्र अंशू व सनी पुत्र गोविन्द ने पीड़ित की गाड़ी का शीशा तोड़ दिया था। जिसकी लिखित शिकायत थाना मऊदरवाजा पर की थी। 9 जुलाई 2017 को समय करीब 11:30 बजे पीड़ित अपने शिकायती प्रार्थना पत्र के बारे में जानकारी करने गया तो एस.एस.आई. ललित कुमार उस समय थाने में नहीं मिले। जिस पर मैं घर चला आया। कुछ ही देर बाद सिपाही राजकुमार घर पहुंचा और बोला दरोगा ललित कुमार ने बुलाया है। जिस पर पीड़ित थाने पहुंचा। वैसे ही एस.एस.आई. ललितत कुमार ने पीड़ित को भद्दी-भद्दी गालियां दीं व कॉलर पकड़कर काफी मारापीटा और कहा कि प्रार्थना पत्र बहुत देता है और बहुत नेता बनता है। उक्त एस.एस.आई. बीबीगंज के उन लोगों से मिला हुआ है। ललित कुमार ने बीबीगंज के एक व्यक्ति को बुलाकर उसका व मेरा चालान 151 सी.आर.पी.सी. में कर दिया। पीड़ित की मारपीट के दौरान एक अंगूठी सोने की गिर गयी जो ललित कुमार ने पीड़ित को वापस नहीं की। चालान करते समय एस.एस.आई. ललित कुमार ने धमकी दी कि इतने मुकदमे लाद दूंगा कि जो कभी जेल से नहीं निकल सकोगे। पीड़ित को काफी बेईज्जत किया व पीड़ित के शिकायती प्रार्थना पत्र पर कोई कार्यवाही नहीं की। जिस पर पीड़ित ने उक्त घना के संबंध में एक प्रार्थना पत्र पुलिस अधीक्षक को पंजीकृत डाक से दिनांक 10 जुलाई 2017 को दिया था, लेकिन कोई अभी तक कोई कार्यवाही न किये जाने पर पीड़ित ने न्यायालय में परिवाद दायर किया। जो दिनांक 30 अक्टूबर 2023 को पीड़ित की अनुपस्थिति में खारिज कर दिया गया। पीड़ित ने दिनांक 12 मार्च को मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी के न्यायालय में उपरोक्त एस.एस.आई. के विरुद्ध याचिका दायर की है।

# व्यापारियों ने समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

### एसडीएम व सहायक श्रम आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जिला उद्योग** व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष संजीव मिश्रा बाबी तथा महामंत्री प्रमोद गुप्ता के नेतृत्व में जिलाधिकारी कार्यालय, जिला पंचायत कार्यालय तथा सहायक आयुक्त श्रम कार्यालय में पहुंचकर अधिकारियों से मुलाकात की। मीडिया प्रभारी मुकेश गुप्ता ने बताया कि विभिन्न विभागों के अधिकारियों से मुलाकात कर समस्यायें रखी। दोनों पक्षों ने आपस में विचार विमर्श भी किया।

संगठन के लोगों ने मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम संजय सिंह को सौंपा। ज्ञापन में शहर में जाम से निजात पाने के लिए एक बाईपास रोड बनाने की मांग की। साथ ही जिला पंचायत अध्यक्ष से फोन पर वार्ता की। संगठन के लोगों ने सहायक श्रम आयुक्त देवेश सिंह से व्यापारियों की प्रतिनिधि मण्डल ने मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष संजीव मिश्रा बॉबी तथा महामंत्री प्रमोद गुप्ता ने सहायक श्रम आयुक्त से जिले में बाजार में साप्ताहिक बंदी पूर्ण रूप से लागू करवाने की मांग की। जिस पर सहायक श्रम आयुक्त ने अपनी सहमति जताई और कई बिंदुओं पर भी व्यापारी नेताओं को शासन तथा व्यापारी दोनों को ध्यान में रखते वार्ता की। मीडिया प्रभारी मुकेश गुप्ता ने बताया कि सहायक श्रम आयुक्त ने व्यापारियों को उनकी समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर राजू गुप्ता, पंकज गुप्ता, अशोक कनौजिया, जितेंद्र अग्रवाल, संदेश अग्रवाल, संजय रस्तोगी, अंकित कटियार, रविकांत गुप्ता, मयंक दुबे आदि मौजूद रहे।



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते व्यापारी — समृद्धि न्यूज

# बैडमिंटन प्रतियोगिता में आकाश तिवारी व प्रतिभा सिंह बने विजेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दुर्गा नारायण महाविद्यालय फतेहगढ़ में वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिताओं के अन्तर्गत बैडमिंटन एकल एवं युगल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ प्राचार्य डा0 मनोज गर्ग एवं क्रीड़ा प्रभारी डा0 रामनरेश सिंह के निर्देशन में हुआ। महाविद्यालय के प्राध्यापक डा0 वीके तिवारी, डा0 एचएसएन गुप्ता, डा0 अशोक कुमार शर्मा व कर्मचारी रणवीर सिंह, प्रशांत कुमार, दिनेश देशमुख मौजूद रहे। प्रतियोगिता में विजेता व उपविजेता बैडमिंटन एकल प्रतियोगिता में आकाश तिवारी विजेता, नमित सिंह उपविजेता रहे। बैडमिंटन एकल छात्रा वर्ग में प्रतिभा सिंह विजेता व उपविजेता ईशमालिका मिश्रा रही। बैडमिंटन युगल छात्र वर्ग में विजेता सत्यांश यादव व नमित सिंह रहे। उपविजेता आकाश तिवारी व आयुष शुक्ला रहे।




बैडमिंटन प्रतियोगिता में भाग लेते छात्र

# जॉब स्किल एण्ड इंग्लिश कम्पटीशन कार्यशाला में छात्रों ने सीखी बारीकियां

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय महाविद्यालय में जॉब स्किल एण्ड इंग्लिश कम्पटीशन विषयक कार्यशाला में बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय से आये डॉ0 आशीष कुमार पाठक, अमेरिका से आये शशि शेखर सिन्हा ने इंग्लिश स्पीकिंग और ग्रुप डिस्कशन पर चर्चा की। दूसरे सत्र में डॉ0 सुंदर लाल ने बच्चों को ग्रुप डिस्कशन की बारीकियों को बताया और ग्रुप बनाकर प्रायोगिक तौर पर सिखाया। कार्यशाला के आयोजन सचिव समीर कुमार गुप्ता ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। प्राचार्य प्रोफेसर रमन प्रकाश ने विचार व्यक्त किये। कार्यशाला में महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी व शोध छात्र उपस्थित रहे।



कार्यशाला में मौजूद शोधकर्ता व विद्यार्थी

# बीवीडीसी के रोजगार मेले में 238 छात्रों का रोजगार हेतु हुआ चयन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**बद्री विशाल** महाविद्यालय में छत्रपति शाहू जी महाराज विश्व विद्यालय द्वारा आयोजित रोजगार मेले में 238 छात्रों का रोजगार हेतु चयन किया गया। विश्व विद्यालय के कुलपति प्रो0 विनय कुमार पाठक व प्लेसमेंट सेल एवं कैरियर काउंसलिंग प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में रोजगार मेला सम्पन्न हुआ। मेले में 510 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें 238 विद्यार्थियों का चयन हुआ। मेले का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डा0 प्रभात कुमार त्रिवेदी व प्राचार्य मनोज गर्ग, प्राचार्य सीडी यादव ने बद्री विशाल दुबे की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर मां सरस्वती वंदना के साथ किया। प्लेसमेंट सेल के अभिषेक सिंह राठौर व सुनील द्विवेदी, अपराजिता, सुधीर यादव, मयंक राठौर आदि लोग मौजूद रहे। विद्यालय की ओर से सभी को सम्मानित किया गया। प्राचार्य डा0 सीडी यादव ने कहा कि छात्रों को लक्ष्य प्राप्ती हेतु मेरा आशीर्वाद है। साथ ही रोजगार संबंधी जानकारी दी गई और उन्होंने कहा कि विश्व विद्यालय का यह प्रयास सराहनीय योग्य है। रोजगार मेले में मल्टीनेशनल कम्पनियों द्वारा 238 छात्रों का चयन किया गया। प्रबंधक विनोद कुमार दुबे ने सहयोग प्रदान किया। प्लेसमेंट सेल प्रभारी प्रो0 राहुल व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने सहयोग किया। संचालन डा0 प्रभात सिंह व डा0 सुरेन्द्र सिंह ने किया।



दीप प्रज्ज्वलित करते अतिथि व साक्षात्कार देते विद्यार्थी — समृद्धि न्यूज

# अधिवक्ता सभागार में महिला सशक्तिकरण गोष्ठी का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अधिवक्ता परिषद काशी जिला इकाई के तत्वावधान में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला सशक्तिकरण गोष्ठी का आयोजन मंगलवार को जिला अधिवक्ता संघ सभागार फतेहगढ़ में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का सुभारंभ मंचासीन अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर वंदे मातरम् से किया गया। मुख्य अतिथि अधिवक्ता मीना चौहान ने कहा कि महिलाएं आज किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है, महिलाओं ने अपनी अलग पहचान बनाई है, और धीरे-धीरे आत्मनिर्भर बन रहीं हैं। मुख्य वक्ता अधिवक्ता उमा मिश्रा ने कहा कि आज हमारे समाज में महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। आज महिलाएं विभिन्न पदों पर आसीन हैं, उनको खुले मन से समाज में अपना स्थान बनाना चाहिए। महिलाओं के सशक्तिकरण में पुरुषों का योगदान बराबर का है कोई पुरुष ही किसी का भाई पिता एवं पति होता है। हम महिलाओं के आगे बढ़ने में पुरुष का स्थान मुख्य होता है। अध्यक्षता सुमन राठौर ने की। विशिष्ट अतिथि ममता शर्मा मौजूद रही। संचालन अधिवक्ता राजरानी श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गीत के साथ हुआ। इस मौके पर रश्मि कटियार, विभा वाजपेई, निधि कटियार, मधु यादव, नीलम शाक्य, नीलम प्रजापति, अजिता मिश्रा, विनीता पाल, शिखा राजपूत, अर्पणा मिश्रा, रंजना राठौर आदि उपस्थित रहीं।



कार्यक्रम को सम्बोधित करती सुमन राठौर

# कार के टक्कर मारने से ई-रिक्शा पलटा, चार सवारियां घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**सवारी लेकर** आ रहे ई-रिक्शा में कार चालक ने कट मार दिया। जिससे ई-रिक्शा पलट गया। जिससे उसमे बैठीं चार सवारियां घायल हो गयीं।

जानकारी के अनुसार कस्बा नवाबगंज की तरफ फर्रुखाबाद रोड से आ रहे गांव बघौना निवासी ई-रिक्शा चालक अजय कुमार पुत्र भीष्म दयाल जो की अपने सामने के गांव शाहपुरा से सवारी लेकर नवाबगंज जा रहा था। नवाबगंज कस्बे के मंडी के पास ई-रिक्शा में एक अज्ञात कार चालक ने कट मार दिया। जिससे ई- रिक्शा एक नाली में जा गिरा और उसमें बैठी सवारियां चुटहिल हो गयीं। जिसमें उदयभान पुत्र रामसेवक, मां उर्मिला देवी, भतीजी राधा पुत्री सार्थक के साथ अपनी रिश्तेदारी गांव शाहपुर में आए थे। वह वापस अपने घर जनपद कासगंज के थाना पटियाली क्षेत्र के थाना गांव जा रहे थे। अचानक कट लगने से उनका ई-रिक्शा पलट गया और उसमें बैठी चारों सवारियां घायल हो गयीं। काफी देर तक वह डायल 112 को फोन लगाते रहे, मगर फोन नहीं लगा। खबर लेकर जाने तक पीड़ित ई-रिक्शा के साथ घटनास्थल पर ही मौजूद थे।



घटनास्थल पर बैठी घायल सवारियां — समृद्धि न्यूज

## गौरक्षिणी सभा बाइपास रोड बनवाने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गौरक्षिणी सभा द्वारा मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई तहसील से बाईपास मुख्यालय तक बनवा दे। जो कूड़ा निस्तारण प्लांट को भी जोड़ेगा। भौगोलिक स्थिति में सुधार होगा और जाम से निजात मिलेगी। धार्मिक स्थलो का रास्ता बनाना पर्यटन को बढ़ावा है। मुख्यालय का रास्ता सुगम, कूड़ा डम्पिंग स्थल नगर पालिका का सभी रास्तों का खुलना होगा। काशीराम कालोनी होते हुए गौरक्षिणी सभा माधौपुर गौशाला भैरव मंदिर अमेठी कोहना से पांचाल घाट तक निकलवाया जाये और बाइपाई पास का चौड़ीकरण पीडब्लूडी द्वारा कराया जाये। इस मौके पर प्रमोद गुप्ता, जितेन्द्र अग्रवाल, शिवम त्रिपाठी, अशोक कनौजिया, संजीव कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

**संगोष्ठी** — शिक्षक प्रकोष्ठ की संगोष्ठी का हुआ आयोजन

# विश्व में मोदी के नाम का डंका बज रहा है: राज्यमंत्री

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**भारतीय जनता** पार्टी शिक्षक प्रकोष्ठ व शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ का लोकसभा शिक्षक सम्मेलन एक महाविद्यालय में सम्पन्न हुआ। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला, मुख्य वक्ता दिवाकर मिश्रा, सांसद मुकेश राजपूत, जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक संदीप कुमार चतुर्वेदी आदि लोगों ने विचार रखे। संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि लोकसभा चुनाव नये भारत का निर्माण करेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विश्व के सर्व मान्य राजनीतिज्ञ बन गये है। विश्व में उनके नाम और काम कर डंका बज रहा है। ऐतिहासिक कार्यकाल में अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर का निर्माण, धारा 370 का खात्मा किया। तीन तलाक को दंडनीय अपराध बनाया। संसद एवं विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया। इस मौके पर सांसद मुकेश राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव, अभिषेक त्रिवेदी, डा0 अजय मोहन शुक्ला, सुरेन्द्र सिंह गौर, सुनील बाजपेयी, वीरेन्द्र सिंह राठौर, डा0 रामबाबू, इंद्रा राठौर आदि लोगों ने विचार व्यक्त किये। संयोजक डा0 संदीप कुमार चतुर्वेदी, अनिल सिंह, राजेश निराला, योगेश चन्द्र तिवारी, राघवेन्द्र मिश्रा ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान अवनीश कुमार, लालाराम दुबे, नरेन्द्र पाल सिंह सोलंकी, सत्येन्द्र सिंह, संतोष दुबे, प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी, ऐस्तर रोज दयाल, सुनील गुप्ता, वीरेन्द्र कुमार मिश्रा, राजेन्द्र त्रिपाठी, प्रभात अवस्थी, विनीता तिवारी आदि लोग मौजूद रहे। संचालन सुरेन्द्र पाण्डेय ने किया। साथ ही प्रशस्ति पत्र व शील्ड देकर छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम में मौजूद राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला व अन्य

## खबरें एक नजर में

### प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर लिया भाग



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मुख्यमंत्री का जनपद में प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत से जिलाधिकारी के अनुमोदन पर आरपी इंटर कालेज कमालगंज में ब्लाक स्तरीय स्लोगन राइटिंग व भाषण प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता में आरपी इंटर कालेज, स्वराजवीर शिक्षा सदन, राजकीय बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व फिरोज गांधी जनता इंटर कालेज आदि विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में पेंटिंग, पोस्टर, मेकिंग प्रतियोगिता, डिबेट प्रतियोगिता, स्लोगन व राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में साधना, उपासना व शिवांगी को प्रथम, द्वितीय तथा भाषण में साधना व निहारिका को प्रथम व द्वितीय स्थान मिला। छात्राओं को प्रधानाचार्य बलविन्दर सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। छात्राओं ने पेंटिंग प्रतियोगिता में सुंदर चित्र उकेरे।

### ग्राम शिवरई में एनएसएस के सात दिवसीय कैम्प का हुआ शुभारम्भ



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** लक्ष्मी यदुनंदन महाविद्यालय में एनएसएस के सप्त दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ कायमगंज के शिवरई बरियार गांव में हुआ। विशेष शिविर के प्रथम दिवस के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ0 श्याम मिश्रा उपस्थित रहे। उन्होंने स्वयं सेवक एवं स्वयंसेविकाओं को राष्ट्रीय स्तर पर तथा भारत के बाहर भी स्वयंसेवक के रूप में भारत के प्रतिनिधित्व के संबंध में मार्गदर्शन किया। सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र मिश्रा ने राष्ट्रीय सेवा योजना के विभिन्न प्रतीकों एवं उद्देश्यों की जानकारी दी। प्राचार्य प्रो0 विनय कुमार सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के जरिए विद्यार्थियों में राष्ट्र प्रथम की भावना जागृत होती है। शिविर के प्रथम दिवस स्वयंसेवकों द्वारा विद्यालय परिसर एवं ग्राम में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर अभिषेक कुमार सिंह, एसएन सिंह, डॉ0 मनीषा सक्सेना, रितिक गुप्ता, डॉ0 आशीष तिवारी, संजीव शुक्ला, विवेक अवस्थी आदि उपस्थित रहे।

### राजेपुर व कम्पिल थानाध्यक्ष की तैनाती में फेरबदल



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बीती रात एक निरीक्षक व दो थानाध्यक्ष की तैनाती में फेरबदल किया है। एसपी नें पुलिस लाइन में प्रतीक्षारत निरीक्षक रणविजय सिंह को प्रभारी निरीक्षक राजेपुर का चार्ज दिया है। थानाध्यक्ष कम्पिल दिलीप सिंह को चुनाव सेल भेजा गया है। वहीं सेंट्रल जेल चौकी व थाना राजेपुर में तैनात रहे उपनिरीक्षक जितेन्द्र चौधरी को थानाध्यक्ष कम्पिल का चार्ज दिया गया है। वर्तमान में जितेन्द्र की थाना कादरी गेट में तैंनाती है।

### सात दिवसीय शिविर आज से शुरु

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन बुधवार 13 मार्च को होगा। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य स्वैच्छिक सामुदायिक सेवा के माध्यम से छात्र-छात्रा/युवाओं के व्यक्तित्व और चरित्र का विकास करना है। यह जानकारी कार्यक्रम अधिकारी डा0 सुन्दर लाल ने दी है।

### आईटीआई में रोजगार मेला आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क द्वारा 13 मार्च बुधवार को रोजगार मेले का आयोजन होगा। 100 रिक्तियों के लिए अभ्यार्थी अपने दस्तावेजों के साथ सुबह 10 बजे विद्यालय में उपस्थित हो। यह जानकारी प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने दी है।

# रमजान में मुसलमानों को रोजा गुनाहों से बचाता है



काजी जफर शाह रिजवी



सैय्यद अम्मार अली जैदी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मुसलमानों का पवित्र महीना रमजान है। मुसलमानों के लिए रमजान का महीना इबादतों भरा होता है। इस माह रोजेदार पूरे महीने रोजा रखकर अल्लाह की इबादत करता है। काजी जफर शाह रिजवी ने बताया कि लोग अल्लाह की इबादत करें, ऐसे में कोताही न बरतें, अल्लाह उन्हें रहमत देगा। रमजान में गरीब लोगों की मदद करें, जिससे दस गुना सबाब मिलता है। सैय्यद अम्मार अली जैदी ने बताया रमजान मुसलमानों को गुनाहों से बचाता है। इसलिए हर मुसलमान रोजा रखे, तरावीह का एहतमाम करें। रोजे में जिक्र तिलावत करते हैं। मगर उनके गुनाहों का दरवाजा भी खुला हुआ है। ऐसे टीवी, सीडी, आंखों से बदनिगाही रोजे के हालात में किसी की चुगुलखोरी आदि रोजा खराब करता है। इसलिए ऐसी चीजों से परहेज करें।

# पीएम मोदी ने आया राम-गया राम की राजनीति को किया खत्म : शाह

एजेंसी

**सिकंदराबाद।** लोकसभा चुनाव को लेकर देश में सरगर्मियां तेज हैं। इसी बीच, केंद्र सरकार ने सीएए के नियम अधिसूचित कर दिए हैं। जिसके बाद विपक्षी दलों द्वारा इसका विरोध भी शुरू हो गया है। वहीं, गृहमंत्री अमित शाह ने विपक्ष पर पलटवार करते हुए कहा है कि हमने जो कहा था वह करके दिखाया है। उन्होंने कांग्रेस पर तुष्टिकरण का आरोप भी लगाया। गृहमंत्री शाह ने सिकंदराबाद में सोशल मीडिया वॉरियर्स मीट को संबोधित करते हुए कहा कि इस कानून के अधिसूचित होने के बाद देश में जितना अधिकार मुझे और आपको है उतना ही अधिकार हर शरणार्थी को भी है।



शाह ने अपने संबोधन में भाजपा के घोषणापत्र का जिक्र करते हुए कहा कि हमने कहा था हम सीएए लाएंगे, कांग्रेस इसका विरोध करती थी। संविधाननिर्माताओं ने वादा किया था कि बांग्लादेश, अफगानिस्तान और पाकिस्तान से जो शरणार्थी भारत आएंगे उन्हें हम भारत की नागरिकता देंगे, लेकिन वोट बैंक के चक्कर में कांग्रेस इसका विरोध करती थी। राम मंदिर का जिक्र करते हुए, शाह ने कहा कि हमारे घोषणापत्र के पहले पन्ने पर क्या था? हम अयोध्या में एक भव्य राम मंदिर बनाएंगे। 500 वर्षों से देश भर के श्रद्धालु चाहते थे कि अयोध्या में एक भव्य राम मंदिर और रामलला को पूरे सम्मान के साथ विराजमान हों। कांग्रेस पार्टी 70 साल तक राम मंदिर के मुद्दे को लटकाती रही, भटकाती रही, अटकाती रही। शाह ने कहा कि वोट बैंक के लालच में कांग्रेस ने राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा का बहिष्कार किया। इस दौरान उन्होंने सोशल मीडिया वॉरियर्स को आगामी लोकसभा चुनाव में जीत का मंत्र भी दिया। शाह ने कहा कि जल्द ही लोकसभा चुनाव की तारीखों का भी ऐलान किया जाएगा।

### पीएम ने देश को दी राजनीतिक स्थिरता

शाह ने कहा कि हमने दूसरा वादा किया था कि हम कश्मीर से धारा-370 को समाप्त कर देंगे। 70 साल से कांग्रेस पार्टी धारा-370 को लेकर चलती थी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 5 अगस्त, 2019 को धारा-370 समाप्त कर दिया। हमने वादा किया था कि हम तीन तलाक खत्म करेंगे। हमने वो भी किया। कांग्रेस ने कभी भी मुस्लिम महिलाओं की देखभाल करने की जहमत नहीं उठाई, जो अल्पसंख्यक के भीतर अल्पसंख्यक हैं। विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का हमारा वादा भी पूरा हो गया है। अपने संबोधन में गृहमंत्री शाह ने आगे पीएम मोदी के शासनकाल की सराहना की। उन्होंने कहा कि इन 10 सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को राजनीतिक स्थिरता देने का काम किया है। आया राम, गया राम की राजनीति को खत्म करके देश में 10 साल की पूर्ण बहुमत सरकार चलाई है। इन 10 सालों में पीएम मोदी ने भ्रष्टाचार मुक्त शासन दिया है। बीआरएस और कांग्रेस पर लाखों-करोड़ों रुपये के भ्रष्टाचार के आरोप लगे लेकिन प्रधानमंत्री मोदी पर हमारे विरोधी भी 25 पैसे तक का आरोप नहीं लगा सके। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने भारत को राजनीतिक स्थिरता प्रदान की है। उन्होंने भारत को समृद्ध और सुरक्षित बनाया है। उनके नेतृत्व में भारत 11वें स्थान से उठकर दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।

# गोवा से लक्षद्वीप के बीच पहली उड़ान को सिंधिया ने दिखाई हरी झंडी

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारतीय विमानन क्षेत्र की नई एयरलाइंस कंपनी फ्लाई91 ने गोवा के मोपा और लक्षद्वीप के आगाती के बीच मंगलवार को पहली सीधी उड़ान की शुरुआत की। इस फ्लाइट को केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने नई दिल्ली से वर्चुअली हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर कंपनी ने ऐलान किया कि वह 18 मार्च को गोवा से बेंगलुरु और हैदराबाद को जोड़ने वाली उड़ानों के साथ वाणिज्यिक सेवाएं शुरू करेगी।

नागरिक उड्डयन मंत्री कार्यालय ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी बयान में बताया कि ज्योतिरादित्य सिंधिया ने यहां एक नई एयरलाइंस कंपनी फ्लाई91 को मोपा (गोवा) और आगाती के बीच सीधी उड़ान सेवा का शुभारंभ और उद्घाटन किया है। इस अवसर पर क्षेत्रीय एयरलाइन कंपनी फ्लाई91 ने कहा है कि वह 18 मार्च, 2024 से अपनी वाणिज्यिक सेवाएं शुरू करेगी। कंपनी ने बताया कि इसमें गोवा को बेंगलुरु और हैदराबाद से जोड़ने वाली उड़ानें शामिल हैं। इसके अलावा फ्लाई91 एयरलाइन बेंगलुरु और हैदराबाद से सिंधुदुर्ग के लिए उड़ानें भी संचालित करेगी उल्लेखनीय है कि फ्लाई91 एक क्षेत्रीय एयरलाइन कंपनी है।

इस कंपनी का स्वामित्व जस्ट उडो एविएशन प्राइवेट लिमिटेड के पास है। इसका लक्ष्य हवाई कनेक्टिविटी को बढ़ाना और टियर-2 और टियर-3 शहरों में बढ़ती मांग का फायदा उठाना है। कंपनी गोवा के मनोहर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को अपने घरेलू आधार के रूप में उपयोग करने वाली पहली भारतीय एयरलाइंस भी है।

## खबरें एक नजर में

### एक स्टेशन-एक उत्पाद से जिले के उत्पाद को मिलेगी पहचान

**फतेहपुर।** एक स्टेशन एक उत्पाद के स्टाल का जनपद के रेलवे स्टेशन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल उद्घाटन किया गया। स्टेशन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा कि फतेहपुर के उत्पाद अब राष्ट्रीय स्तर पर पहचान पायेंगे ये हमारे जनपद के लिए गर्व की बात है। अब वोकल फार लोकल अभियान को बढ़ावा मिलेगा। वहीं, प्रधानमंत्री के संदेश को सजीव प्रसारण भी सुना गया। रेलवे के सहायक मंडल अभियंता अर्चित जैन की अध्यक्षता व युवा विकास समिति के प्रवक्ता आलोक गौड़ के सफल संचालन में आयोजित कार्यक्रम में यशराज म्यूजिकल ग्रुप द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। मां गायत्री फूड प्रोडक्शन की मालकिन सिंह ने बताया कि उनके द्वारा एक साल से यहाँ स्टाल संचालित किया जा रहा है। जिसमें आचार, मुरब्बा, जैम, जैली, स्क्वायस, बुकनु एवं तमाम प्रकार के आंवला उत्पाद उपलब्ध हैं। एक स्टेशन एक उत्पाद से इस उत्पाद अब स्थानीय व्यापारियों, शिल्पकारों को रोजगार व युवाओं के लिए स्वरोजगार के मार्ग प्रशस्त करेगा। इस मौके पर मुख्य रूप से मुख्य वाणिज्य निरीक्षक महेंद्र गुप्ता, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा व दिनेश बाजपेई, समाजसेवी लक्ष्मीचंद्र ओमर मोना व अशोक तपस्वी, कुलदीप भदौरिया, अरविंद तिवारी, आशीष तिवारी, केशवराम त्रिपाठी, दिनेश तिवारी, प्रदीप गर्ग, शिवप्रसाद त्रिपाठी, संजय गुप्ता, सोनू तिवारी, सुनिधि तिवारी, प्रदीप सिंह आदि रहे।

### रोड शो में गदा के साथ हनुमान के रूप में दिखे धामी

**देहरादून, समृद्धि न्यूज।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को ऊधमसिंह नगर के बाजपुर में एक रोड शो किया। इस रोड शो में मुख्यमंत्री धामी गदा लिए हनुमान के रूप में नजर आये। बाजपुर में रोड शो के दौरान जनसैलाब उमड़ आया। पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित जनता ने सड़क के दोनों तरफ खड़े होकर फूल बरसाकर मुख्यमंत्री धामी का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। रोड शो में अधिकांश लोगों के सिर पर टोपी, हाथ में भाजपा का झंडा और तन-मन भगवा दिखा। हिंदू-मुस्लिम, सिख, ईसाई सब एक साथ चल रहे थे। भगवामय रोड शो में एकता और समता का भाव दिखा। रोड शो में पारंपरिक पहनावों से सजे लोगों के जत्थे और लोक कलाकारों की सांस्कृतिक झांकी आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहे। पारंपरिक वाद्य यंत्रों की प्रस्तुतियों से रोड शो में हर कोई झूमता दिखा। वहीं मुख्यमंत्री धामी अभिभूत नजर आए और उन्होंने खुद आम लोगों व कलाकारों पर फूल बरसाते हुए परंपराओं के प्रति अपने अनुराग को अभिव्यक्त भी किया। रोड शो में सभी भगवामय दिखे। तन-मन और वेशभूषा के साथ पूरा रोड शो भगवामय नजर आया।

### गडकरी ने बासुकीनाथ रोड के फोरलेन योजना को दी मंजूरी

**रांची (झारखंड)।** केंद्रीय पथ परिवहन एवं हाईवे मंत्रालय ने झारखंड के 292.65 करोड़ की सड़क परियोजना की मंजूरी दी है। इस संबंध में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि झारखंड के दुमका जिला अंतर्गत नेशनल हाईवे 114 ए में टावर चौक से बासुकीनाथ सेक्शन सड़क को एचएएस मोड़ पर फोरलेन किया जाएगा। गडकरी ने कहा कि यह सड़क परियोजना देवघर और बासुकीनाथ पर्यटन क्षेत्र के लिए काफी महत्वपूर्ण होगा और इसके बनने से आवागमन काफी आसान होगा। अभी यह रोड दो लेन है। श्रावणी मेला में इस रोड में काफी भीड़ हो जाता है। ऐसे में इसके चौड़ीकरण की आवश्यकता थी, जिसे बदलकर फोरलेन किया जाएगा। इसके बनने से पूरे क्षेत्र का आर्थिक विकास संभव हो सकेगा।

### निर्माणाधीन इमारत का एक हिस्सा गिरा, तीन की मौत

**मुंबई।** मुंबई के बोरीवली में मंगलवार को एक निर्माणाधीन इमारत का एक हिस्सा गिर जाने से तीन श्रमिकों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति की हालत गंभीर है। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना दोपहर करीब एक बजे सोनी वाडी इलाके में कल्पना चावला चौक पर हुई। नगर निगम के एक अधिकारी ने बताया कि निर्माणाधीन 24 मंजिला इमारत की 16वीं मंजिल पर स्थित मचान का कुछ हिस्सा गिर गया, जिससे चार श्रमिक घायल हो गए। उन्हें कांदिवली स्थित शताब्दी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनमें से तीन श्रमिकों को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया, जबकि चौथे पीड़ित की हालत गंभीर है। अधिकारी ने कहा कि हादसे की सूचना मिलने के बाद अग्निशमन विभाग के कर्मी दो दमकल वाहनों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। साथ ही नगर निगम के कर्मी और पुलिस अधिकारी भी वहां पहुंचे।

### लालू परिवार के करीबी के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को लालू प्रसाद यादव के परिवार के करीबी कारोबारी अमित कत्याल के दिल्ली, गुरुग्राम और सोनीपत के ठिकानों पर छापेमारी की है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी ने लालू प्रसाद यादव परिवार के करीबी सहयोगी और कारोबारी अमित कत्याल के दिल्ली, गुरुग्राम और सोनीपत स्थित ठिकानों पर छापेमारी की। ईडी टीम की ये छापेमारी मनी लॉन्ड्रिंग मामले में चल रही है। उल्लेखनीय है कि ईडी अमित कत्याल पर पहले भी एक्शन ले चुकी है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने जमीन के बदले नौकरी मामले में अमित कत्याल को पिछले साल नवंबर में गिरफ्तार किया था। बिहार के पूर्व उप-मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के करीबी बताए जाने वाले कत्याल एके इंफोसिस्टम प्राइवेट लिमिटेड के प्रमोटर हैं।

### चालू वित्त वर्ष में पिछले साल के बराबर रहेगा भारत का निर्यात

**नई दिल्ली।** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भरोसा जताया कि वैश्विक व्यापार में मंदी और अनिश्चितताओं के बावजूद चालू वित्त वर्ष के दौरान भारत का वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात पिछले साल के समान स्तर पर रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार ऐसी उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन योजनाओं को लागू कर रही है, जिनका जोर उच्च गुणवत्ता वाली वस्तुओं और सेवाओं पर है। ऐसा करने से देश के व्यापार घाटे को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि इसलिए हमारा व्यापार घाटा पिछले साल की तुलना में काफी कम रहेगा। गोयल ने बताया, मुझे आपको यह बताते हुए खुशी है कि हम चालू वित्त वर्ष में मार्च के अंत तक पिछले साल के समान स्तर पर होंगे। हमारी वस्तुओं और सेवाओं के बीच कुछ समायोजन हो सकता है लेकिन दोनों को मिलाकर हम पिछले साल के समान स्तर पर होंगे। गोयल ने कहा कि यह देखते हुए कि ज्यादातर विकासशील देशों और अल्प विकसित देशों के अंतरराष्ट्रीय व्यापार में गिरावट हुई है, यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी। भारत का वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-जनवरी के दौरान 4.89 प्रतिशत घटकर 353.92 अरब अमेरिकी डॉलर था। इन दस महीने में सेवा निर्यात का अनुमानित मूल्य 84.45 अरब डॉलर था। भारत का वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात बीते वित्त वर्ष 2022-23 में 776 अरब डॉलर था। रूस-यूक्रेन युद्ध के साथ ही इजराइल-हमास संघर्ष के चलते वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं प्रभावित हुई हैं। लाल सागर संकट के कारण परिवहन लागत में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

### महंगाई भत्ता 38 प्रतिशत से बढ़ाकर 42 फीसदी हुआ

**बेंगलूरु।** कर्नाटक सरकार ने राज्य सरकार के कर्मचारियों का महंगाई भत्ता (डीए) 38.75 प्रतिशत से बढ़ाकर 42.5 प्रतिशत करने की मंजूरी दी है। लोकसभा चुनावों की घोषणा से कुछ सप्ताह पहले राज्य सरकार ने कर्मचारियों को यह राहत दी। एक आधिकारिक बयान में मंगलवार को कहा गया कि केंद्रीय वेतनमान पाने वाले कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 46 से बढ़ाकर 50 प्रतिशत किया गया है। मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने 'एक्स पर पोस्ट में कहा कि इस संशोधन से राज्य पर हर साल 1,792.71 करोड़ रुपये का बोझ पड़ेगा।

# कांग्रेस से 105 करोड़ की वसूली के आदेश पर रोक की मांग पर फैसला सुरक्षित

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने कांग्रेस पार्टी से 105 करोड़ रुपये की वसूली के आदेश पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए फैसला सुरक्षित रख लिया है। जस्टिस यशवंत वर्मा की अध्यक्षता वाली बेंच ने फैसला सुरक्षित रखा है। सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने कहा कि पहली नजर में इनकम टैक्स अपीलेट ट्रिब्यूनल के आदेश में कोई गड़बड़ी नहीं दिखाई देती है। लगता है कि कांग्रेस पार्टी इस आदेश के लिए खुद जिम्मेदार है।

डिमांड 2021 की है और आपने उसे सही करना ठीक नहीं समझा। लगता है कि कांग्रेस के दफ्तर में कोई सोया हुआ था। कांग्रेस पार्टी की ओर से वरिष्ठ वकील विवेक तन्खा ने कहा कि इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने उनके खाते को फ्रीज कर दिया है। उन्होंने कहा कि ये चुनाव का समय है और अगर उनके पास पैसे नहीं होंगे तो वे चुनाव कैसे लड़ेंगे। ऐसे में उनकी पार्टी बर्बाद हो जाएगी।

उल्लेखनीय है कि इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने वित्तीय वर्ष 2018-19 कांग्रेस पार्टी पर टैक्स का आकलन करते हुए 105 करोड़ रुपये की वसूली का आदेश दिया था। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने कांग्रेस पार्टी की इस दलील को खारिज कर दिया था कि उन्हें 2018-19 के दौरान कोई आय नहीं हुई थी। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को कई लोगों से चंदे के रूप में 14 लाख 49 हजार रुपये मिले थे और इसका रिटर्न काफी देर से इनकम टैक्स डिपार्टमेंट में फाइल किया गया। ऐसा करना इनकम टैक्स कानून की धारा 13ए का उल्लंघन है।

## जान दे दूंगी लेकिन डिटेंशन कैंप नहीं बनने दूंगी : ममता बनर्जी

**कोलकाता।** केंद्र सरकार की ओर से नागरिकता संशोधन अधिनियम 2019 (सीएए) नियमों को लागू कर दिया गया है। इसके बाद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस पर लगातार हमलावर है। मंगलवार को उन्होंने कहा कि यहां रह रहे लोगों की नागरिकता छीन कर डिटेंशन कैंप में रखने की योजना बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि जान दे दूंगी लेकिन बंगाल में कोई कैंप नहीं बनने दूंगी। तृणमूल सुप्रीमो बनर्जी ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि मैंने इस जैसी बेकार पार्टी कभी नहीं देखी। वह महिलाओं के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि असली हिंदू का मतलब यह नहीं होता कि बाहरी लोगों को हिंदू बनाया जाए। उन्होंने सीएए लागू होने को लेकर यह भी कहा कि मुझे संदेह है कि इनकी ओर से लाया कानून वैध भी या नहीं। इसे लेकर केंद्र सरकार की स्पष्टता नहीं है।

# सस्ती दवाएं किसी भी समाज के लिए एक अनिवार्य आवश्यकता : मनसुख मांडविया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने मंगलवार को यहां जन औषधि केंद्रों के लिए एक ऋण सहायता कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

इस दौरान भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) और फार्मास्युटिकल्स एंड मेडिकल डिवाइसेज ब्यूरो ऑफ इंडिया (पीएमबीआई) के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इसके तहत जन औषधि केंद्रों के छोटे उद्यमियों के लिए सिडबी बेहद किफायती ब्याज दर पर 2 लाख रुपये तक का लोन प्रदान करेगा। इस मौके पर जन औषधि केंद्रों को ऋण सहायता के लिए वेबसाइट भी लॉन्च की गई। इस अवसर पर डॉ. मांडविया ने कहा कि सस्ती और सुलभ दवाएं किसी भी समाज के लिए एक अनिवार्य आवश्यकता हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जन औषधि केंद्रों को गरीबों के लिए संजीवनी बताया है। उन्होंने कहा कि साल 2014 में जन औषधि केंद्रों की संख्या केवल 80 थी, आज देशभर में लगभग 11 हजार इकाइयां संचालित हो रही हैं। अनुमान है कि लगभग 10 से 12 लाख लोग हर दिन इन जन औषधि केंद्रों पर आते हैं, जिससे उन्हें कम दरों पर आवश्यक दवाएं मिलती हैं। डॉ. मांडविया ने कहा कि खरीद प्रक्रिया को मजबूत बनाने, पेश किए गए उत्पादों की श्रृंखला का विस्तार करने और नियमित आपूर्ति श्रृंखला नेटवर्क बनाए रखने के लिए बहुत प्रयास किए गए।



जन औषधि केंद्रों के लिए ऋण सहायता कार्यक्रम का शुभारंभ, सिडबी और पीएमबीआई के बीच समझौता

# स्वदेशी को दी जानी चाहिए प्राथमिकता : धनखड़

### उप-राष्ट्रपति ने संसद भवन में आईआरएस के 77वें बैच के प्रशिक्षुओं को किया संबोधित

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारत के उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज संसद भवन परिसर में भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के 77वें बैच के अधिकारी प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि आयात भारत की विदेशी मुद्रा को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। यह रोजगार और उद्यमिता के अवसरों को भी प्रभावित कर रहे है। ऐसे में स्वदेशी को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उप-राष्ट्रपति ने कहा कि 1.4 अरब की आबादी के साथ हमारी कर संग्रह क्षमता काफी हद तक अ-प्रयुक्त है। उन्होंने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कि समय को देखते हुए करदाताओं की संख्या बढ़ाने की जरूरत है।

उप-राष्ट्रपति ने सलाह भी दी कि यह काम जबरदस्ती से नहीं बल्कि परामर्श और समर्थन के माध्यम से होना चाहिए। उप-राष्ट्रपति ने आईआरएस बिरादरी से देश में आर्थिक राष्ट्रवाद की भावना को बढ़ावा देने के लिए आग्रह किया। उप-राष्ट्रपति ने आईआरएस अधिकारी प्रशिक्षुओं को अनुपालन और कानून का पालन करने के लिए प्रोत्साहित करने को भी कहा।

उप-राष्ट्रपति ने कहा, आपको इस जिम्मेदारी का दायित्व गर्व के साथ और पूरी ईमानदारी के साथ निभाना चाहिए। एक अनुकरणीय अधिकारी और नागरिक बनने का सबसे सुरक्षित मार्ग शॉर्टकट अपनाने से बचना और कानून का शासन बनाए रखना है।÷ उप-राष्ट्रपति ने कहा कि पिछले दशक में परिवर्तनकारी कराधान सुधारों ने कर के बोझ को कम किया है, विकृतियों को हटा दिया है, जिससे विकास को और बढ़ावा देने के लिए कर आधार बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। करदाताओं को अब कर प्रशासकों से डर नहीं लगता। अब करदाता आश्वस्त हैं कि उसके कर भुगतान का राष्ट्रीय विकास में उपयोग किया जा रहा है। इस मौके पर राज्य सभा महासचिव पीसी मोदी, भारत के उप-राष्ट्रपति के सचिव सुनील कुमार गुप्ता, केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) अध्यक्ष नितिन गुप्ता, सीबीडीटी के प्रधान महानिदेशक (प्रशिक्षण) सीमांचला दाश, राष्ट्रीय प्रत्यक्ष कर अकादमी (एनएडीटी) के महानिदेशक आनंद बैवार, 77वें बैच के आईआरएस अधिकारी प्रशिक्षु और अन्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

## अपने 25वें वर्ष में देश का अग्रणी राज्य होगा उत्तराखंड : वित्त मंत्री

**देहरादून।** राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की 88वीं विशेष बैठक का आयोजन सोमवार को स्थानीय एक होटल में किया गया। राज्य के वित्त मंत्री डॉ प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि 21वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड का होगा। मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड तेजी से आगे बढ़ रहा है। राज्य जब 25 वर्ष का होगा तो देश के अग्रणी राज्यों में शामिल होगा, इसके लिए सरकार प्रयासरत है।वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि सरकार की ज्यादा से ज्यादा योजनाओं का लाभ जनता को मिले, यह सभी का ध्येय होना चाहिए। बैंकिंग के क्षेत्र में उत्तराखंड में पहले की अपेक्षा में काफी सुधार आया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सत्ता संभालते ही सबसे पहले गरीब की चिंता की। गरीब का खाता किसी ने नहीं खोला था, लेकिन उन्होंने यह कार्य सबसे पहले किया।

# मंचन : नाटक कंजूस ने दर्शकों से खूब लगवाए ठहाके

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** रंगमंच के क्षेत्र में अग्रणी नाट्य संस्था जीवन ज्योति सेवा फाउण्डेशन, लखनऊ के तत्वावधान में मंगलवार से 1/142 विकल्प खण्ड गोमती नगर, लखनऊ में आरम्भ हुए दो दिवसीय जीवन ज्योति नाट्य समारोह की प्रथम संध्या में मौलियर के मूल नाटक का हजरत आवारा के नाट्य रूपान्तरण एवं ज्योति सिंह के निर्देशन में नाटक कंजूस का मंचन किया गया।

नाट्य समारोह का शुभारंभ वरिष्ठ नाट्य निर्देशिका अचला बोस ने दीप प्रज्जवलित किया। संस्था की ज्योति सिंह, जितेंद्र सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। हास्य-परिहास्य की चाशनी से परिपूर्ण नाटक कंजूस ने लालच न करने की सलाह देकर पैसे के पीछे ज्यादा न भागने के लिए प्रेरित करते हुए दर्शकों को ठहाके लगाने पर मजबूर किया। नाट्य सारानुसार मिर्ज़ा सखावत बेग जो कि विदुर है, अपने बेटे फर्रूख तथा बेटी अज़रा के साथ एक घर में रहते हैं। सशक्त कथानक से परिपूर्ण नाटक कंजूस में मनीष यादव, सतीश शर्मा, धर्मेंद्र सिंह, नरेश कुमार, रंजीत पटेल, श्रद्धा श्रीवास्तव, मनाली सिंह, मुस्कान सिंह, सुप्रिया कुमारी, अमन शर्मा और शुभेन्द्र सिंह ने अपने दमदार अभिनय से दर्शकों को देर तक अपने आकर्षण के जाल में बांधे रखा। नाटक के पार्श्व पक्ष में प्रकाश- सतीश, संगीत - प्रदीप सिंह, रूप सज्जा - विश्वाश वैश्य और मंच परिकल्पना व सेट निर्माण में जितेंद्र सिंह का योगदान नाटक को सफल बनाने में महत्वपूर्ण साबित हुआ।



# भारत-पाक बॉर्डर पर दिखी भारतीय हथियारों की ताकत

### अभ्यास में दिखा युद्धक तथा प्रहार क्षमताओं के साथ स्वदेशी विमानों, हेलीकॉप्टरों, मिसाइलों और रक्षा प्लेटफार्मों का अद्भुत प्रदर्शन

एक घंटे तक मिसाइलें गोला-बारूद दागने से युद्ध जैसा माहौल

एजेंसी

**जैसलमेर।** एशिया की सबसे बड़ी फील्ड फायरिंग रेंज में मंगलवार को तीनों सेनाओं ने भारत शक्ति युद्धाभ्यास के जरिए भारत में बने हथियारों की ताकत दिखाई। इस युद्धाभ्यास को देखने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी जैसलमेर जिले के पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में पहुंचे।



युद्धाभ्यास में ध्रुव हेलिकॉप्टर भारतीय सेना के कमांडों को दुश्मनों के ठिकानों तक ले गया और वहां जवानों ने आतंकियों का खात्मा किया। वहीं, तेजस विमान ने दुश्मन के टैंकों पर हमला बोलकर उन्हें नेस्तनाबूद कर दिया। इसके साथ ही पिनाका मिसाइल, नाग मिसाइल, मल्टी यूटिलिटी व्हीकल और ड्रोन हमलों से दुश्मन के ठिकानों पर हमले किए गए। मोदी ने कहा कि जिन्होंने देश पर दशकों तक शासन किया, उन्होंने देश की सुरक्षा पर ध्यान नहीं दिया। पहला घोटाला ही सेना की खरीदी में किया। 2014 में रक्षा सौदों में घोटालों की चर्चा होती थी। सेना के पास गोला-बारूद नहीं होने की चिंताएं सामने आती थीं। उन्होंने हमारी ऑर्डनेंस फैक्ट्री को बर्बाद कर दिया। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड को बर्बाद कर दिया, हमने उसे सबसे ज्यादा मुनाफा देने वाली कंपनी बना दिया। वे वीर बलिदानों के लिए एक राष्ट्रीय स्मारक भी नहीं बनवा पाए। पहले की सरकार हमारी सीमाओं पर आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने से डरती थी, आज एक से एक रोड बन रहे हैं।

मोदी ने कहा कि जिन हथियारों का इस्तेमाल जवान करते हैं, यदि वे देश में बने हों तो उन्हें पता होता है कि यह हथियार कभी कम नहीं पड़ेंगे। कुछ दिन पहले ही कैबिनेट ने फैसला लिया है कि पांचवी पीढ़ी के लड़ाकू विमान भी हम भारत में ही डिजाइन, डेवलप और मैन्युफैक्चर करने वाले हैं। भविष्य में भारत का डिफेंस सेक्टर बहुत बड़ा होने वाला है। भारत डिफेंस सेक्टर में भी निर्यातक बनता जा रहा है। मोदी ने कहा कि 10 साल में 6 लाख करोड़ के रक्षा उपकरण स्वदेशी कंपनियों से खरीदे गए। इन 10 सालों में देश का रक्षा उत्पादन दोगुना से भी ज्यादा यानी एक लाख करोड़ से भी ज्यादा हो चुका है। इसमें नौजवान अहम भूमिका निभा रहे हैं। पिछले 10 सालों में 150 से ज्यादा डिफेंस स्टार्टअप शुरू हुए हैं। सेना ने 1800 करोड़ का ऑर्डर इन्हें देने का फैसला किया है। मोदी ने कहा कि विकसित भारत की कल्पना आत्मनिर्भर भारत के बिना संभव ही नहीं है। भारत को विकसित होना है तो हमें दूसरों पर अपनी निर्भरता को कम करना होगा। इसलिए आज भारत खाने के तेल से लेकर आधुनिक लड़ाकू विमान तक हर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर बल दे रहा है। यह युद्धाभ्यास इसी संकल्प का हिस्सा है। आज मेक इन इंडिया की सफलता हमारे सामने है। हमारी तोपों, टैंकों, लड़ाकू विमानों, हेलिकॉप्टर, मिसाइल सिस्टम की जो गर्जना आप देख रहे हैं, यही तो भारत शक्ति है। मोदी ने कहा कि आसमान में यह गर्जना, जमीन पर जांबाजी, चारों दिशाओं में गूंजता विजय घोष नए भारत का आह्वान है। आज हमारा पोकरण एक बार फिर भारत की आत्मनिर्भरता, भारत के आत्मगौरव का साक्षी बना है। यही पोकरण है जो भारत की परमाणु शक्ति का साक्षी रहा है। यहीं पर आज हम स्वदेशीकरण से सशक्तिकरण का दम देख रहे हैं। भारत शक्ति का यह उत्सव शौर्य की भूमि राजस्थान में हो रहा है, लेकिन इसकी गूंज पूरी दुनिया में सुनाई दे रही है। कल ही भारत ने लंबी दूरी की क्षमता वाली अग्नि मिसाइल का परीक्षण किया है। दुनिया के बहुत कम देशों के पास इस तरह की आधुनिक टेक्नोलॉजी है।

# गोरखपुर में 25 से 29 अप्रैल तक होगा यूपी ट्रैवल मार्ट के छठे संस्करण का आयोजन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन विभाग और फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) ने मिलकर यूपी ट्रैवल मार्ट (यूपीटीएम) के छठे संस्करण का आयोजन 25 से 29 अप्रैल 2024 तक गोरखपुर में करने की घोषणा की है। लखनऊ में आयोजित कर्टन रेजर में फिक्की और यूपी पर्यटन और उप-समिति के अध्यक्ष प्रतीक हीरा ने यूपी ट्रैवल मार्ट पर एक प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम में वाराणसी टूरिज्म गिल्ड के पूर्व अध्यक्ष राशिद खान, आगरा टूरिज्म गिल्ड के अध्यक्ष श्री राजीव सक्सेना और उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव और महानिदेशक मुकेश मेश्राम ने भी संबोधित किया। इस आयोजन का उद्देश्य उत्तर प्रदेश में पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देना, इसकी विविध सांस्कृतिक विरासत और प्राकृतिक आकर्षणों को प्रदर्शित करना है। मंगलवार, 12 मार्च 2024 को होटल ताज महल, लखनऊ में उत्तर प्रदेश ट्रैवल मार्ट के कर्टन रेजर का उद्घाटन होटल ताज में आयोजित शानदार समारोह में हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा राज्य के पर्यटन स्थलों और गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए किया गया। उत्तर प्रदेश ट्रैवल मार्ट के कर्टन रेजर का उद्घाटन मंगलवार, 12 मार्च 2024 को होटल ताज महल, लखनऊ में हुआ, जिसने राज्य की पर्यटन पेशकशों में एक व्यापक अनुभव के लिए मंच तैयार किया। उत्तर प्रदेश के माननीय कैबिनेट पर्यटन और संस्कृति मंत्री, श्री जयवीर सिंह, उत्तर प्रदेश ट्रैवल मार्ट 2024 के कर्टेन रेज़र में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए, और राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। 150 से अधिक होस्टेड बायर्स के साथ, जिनमें भारतीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल दोनों शामिल हैं, यह कार्यक्रम नेटवर्किंग और व्यापारिक अवसरों के लिए एक जीवंत मंच बनने का वादा करता है।

